अंकुर

हीरक जयंती वर्ष

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)

नेहरू नगर, नई दिल्ली-110065

असतो मा सद्गमय

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज, नई दिल्ली

Editorial Board

Standing Faculty Editors *(L-R)* : Dr Ved Prakash *(Hindi)*, Ms Pritika Nehra *(English)*, Dr Patanjali Bhatia *(Sanskrit)*, Dr Urvashi Sabu *(Chief Editor)*, Dr Mukesh Aggarwal *(Officiating Principal)*, Ms Garima Gaur Srivastava *(Publisher)*, Dr Pramita *(Sanskrit)*, Dr Banna Ram Meena *(Hindi)*

Sitting Student Editors *(L-R)* : Mahesh (Sanskrit), Ria Sharma (English), Swati Baruah (English), Priyanka (Hindi), Amisha (Hindi)

Cover Design :
Basu
B.Sc. (Hons.) Computer Science, II Year

अंकुर

असतो मा सद्गमय

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज, नई दिल्ली

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)

नेहरू नगर, नई दिल्ली 110065

www.pgdavcollege.edu.in

email:pgdavcollege.edu@gmail.com

वर्ष : 2017-18 अंक : 66

Patron
Dr Mukesh Aggarwal

Chief Editor
Dr Urvashi Sabu

Editors
Dr Patanjali Bhatia
Dr Banna Ram Meena
Ms Pritika

Co-Editors
Dr Ved Prakash
Ms Pramita

Student Editors
Sanskrit : **Mahesh**
Hindi : **Priyanka, Amisha**
English : **Swati Baruah, Ria Sharma**

Publisher
Ms Garima Gaur Srivastava

Printer
Ess Pee Printers

UNIVERSITY OF DELHI

दिल्ली विश्वविद्यालय

Professor Yogesh Tyagi
Vice Chancellor

08 March 2018

Message

I am pleased to know that PGDAV College, University of Delhi, is celebrating its Diamond Jubilee this year. Over the past Sixty years the Collage has grown exponentially and established itself as one of the premier Colleges in Delhi University offering academic courses in multiple disciplines.

I am confident that with the collective efforts of the College fraternity, it will soon attain greater heights of success. The College magazine "Ankur (2017-18)" presents a beautiful blend of creative writing, College achievements and its future plans.

I congratulate the editorial team of the magazine and wish the College fraternity all success in their future endeavors.

Yogesh K. Tyagi

University Road, Delhi-110 007, India, Phones : +91-11-27667011, 27667190 Fax : +91-11-27667049

Email : vc@du.ac.in

PGDAV College welcomes
Chairman, Governing Body, Sh T.N. Chaturvedi



Shri T.N. Chaturvedi, Vice President, DAVCMC was educated at Allahabad University where he took his degrees in M.A., L.L.B. He Joined the Indian Administrative Service in 1950, and was allotted the Rajasthan cadre. On deputation with the Government of India he worked as Joint Director, National Academy of Administration, Chief Secretary, Delhi Administration, Chief Commissioner, Chandigarh, Director, Indian Institute of Public Administration, Secretary, Ministry of Education, Culture and Sports and Secretary, Ministry of Home Affairs. He was sworn in as Comptroller and Auditor General of India in 1984. He was elected to the Rajya Sabha in 1992 and 1998. He was Chairman, standing Committee on Industries and Member Committee on Defence and External Affairs. He was elected to the Executive Board of UNESCO in 2000. He was Governor of Karnataka from 2002 to 2007. He was also Governor of Kerala in 2004. He also served as Chairman of the Executive Committee, Nehru Memorial Museum and Library. He is currently Chairman, Indian Institute of Public Administration, Chairman, Institute for studies in Industrial Development, Chairman, The Lala Dewan Chand Trust and Chairman, Society for Indian Ocean Studies. He has authored two books and edited many more.

The many honours he received include the plaque of appreciation for his contribution of public audit and public administration (EROPA), Manila in 1987. He was awarded the Padma Vibhushan by the President of India for his contribution to public affairs in 1990. He has been conferred honorary doctorate (D. Litt) by the Lal Bahadur Shastri Sanskrit Vidyapeeth, New Delhi and by Punjab University, Chandigarh.

PGDAV College is proud and honoured to welcome Dr. Chaturvedi as Chairman of its Governing Body.

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय, नई दिल्ली की हीरक जयन्ती के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द जी के आगमन पर अन्तर्मन से निस्सृत उद्गार :

राम के आगमन से हुआ है कॉलेज धन्य।
आभार क्यों न माने हम नेता हैं मूर्धन्य।।
नेता हैं मूर्धन्य अन्तर्मन से दिया आशीष।
प्रगति पथ पर तुम बढ़ो सदा घण्टे चौबीस।।
कहे 'वीर' शुभभाव भरि बनना चाहो अभिराम।
पदचिह्नों पर चलो तुम ऐसे ही राम।।

डॉ. धर्मवीर सेठी
सदस्य, प्रशासकीय समिति

प्राचार्य की कलम से...

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज अपनी यात्रा के साठ वर्ष पूरे कर चुका है। किसी संस्था के जीवन में यह कार्य बहुत अधिक चाहे ना हो महत्वपूर्ण अवश्य होता है। 'अंकुर' की यात्रा भी कॉलेज के साथ साथ ही चली है, इस दृष्टि से अंकुर भले ही प्रौढ़ हो गई है, परंतु आज भी यह प्रतिभांकुरों को ही विकसित, पुष्पित, पल्लवित करने का कार्य कर रही है। यह पत्रिका विद्यार्थियों की साहित्यिक प्रतिभा को तो प्रोत्साहित कर ही रही है, कॉलेज में हो रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान कर इस क्षेत्र में भी उनके विकास को बढ़ावा दे रही है। कॉलेज के हीरक जयंती समारोह के में कार्यक्रमों की कड़ी में 'अंकुर' को मेरी ओर से अनेक शुभकामनाएँ।

मुकेश अग्रवाल
कार्यवाहक प्राचार्य

Diamond Jubilee Celebrations : Hon'ble President of India **Sh. Ram Nath Kovind** visits PGDAV College on 18th February, 2018

UNIVERSITY OF DELHI
ON THE OCCASION OF DIAMOND JUBILEE CELEBRATIONS
WELCOMES
HONOURABLE PRESIDENT OF INDIA
SHRI RAM NATH KOVIND

UNIVERSITY OF DELHI
HONOURABLE PRESIDENT OF INDIA
SHRI RAM NATH KOVIND

हीरक जयंती पर प्राचार्य का संबोधन

नमस्कार,

भारत के राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविंद जी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति परम आदरणीय प्रो. योगेश त्यागी जी अपने, कॉलेज की प्रशासकीय समिति (Governing body), कॉलेज के प्राध्यापक, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा अपनी ओर से PGDAV कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में मैं आपका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता हूँ। किसी कॉलेज के लिए वह ऐतिहासिक क्षण होता है जब राष्ट्र के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति जी का अभिभाषण कॉलेज परिवार के सदस्यों को कॉलेज के ही प्रांगण में प्रत्यक्ष रुप से सुनने का अवसर मिले। माननीय राष्ट्रपति जी ने यहाँ आकर जो हमारा सम्मान और गौरव बढ़ाया है, उसे शब्दों में अभिव्यक्त कर पाना निश्चय ही एक कठिन कार्य है।

महोदय

स्वतन्त्रता के पश्चात् देश में शिक्षा की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए सन 1957 में पी.जी.डी.ए.वी. College Managing Committee के नेतृत्व में जिस पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज ने 5 कमरों, 7 अध्यापकों और पैंसठ विद्यार्थियों के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की थी, उसमें आज Commerce, Art, Environmental Science तथा Computer Science के 13 Undergraduate तथा 4 post graduate courses में अध्ययन हो रहा है। FYUP में यहाँ B.Tech का Four Year Degree Course भी रहा है। हमारे अध्यापको की संख्या 150 है। सभी Departments के लिए Departmental rooms हैं। सभी अध्यापकों को कॉलेज की ओर से Laptops issue किए गए है। कॉलेज में Regular विद्यार्थियों की संख्या लगभग 3900 है। इसके अतिरिक्त NCWEB, SOL, तथा IGNOU की कक्षाएँ भी चलती है। विद्यार्थियों के लिए आज हमारे पास 25 interactive classroom के साथ कुल 62 Room, 5 Computer Labs तथा एक Statistics Lab है, Wi-fi enabled कैंपस है, PWD students के लिए 2 lift, ramps तथा wheel chair हैं। खिलाड़ियों के लिए बड़ा Ground, Gym तथा अन्य सुविधाएँ है।

कॉलेज के पास एक Fully Computerised Air-Conditioned Library है जिसमें कुल मिलाकर 1,13,000 से अधिक पुस्तकें तथा journals है। इसी साल हमने लाइब्रेरी में N-list Program शुरु किया है जिसके माध्यम से अध्यापक और विद्यार्थी घर बैठकर 6000 E-journals तथा 31,35,000 E-Books नि:शुल्क access कर सकते हैं। हमारे कॉलेज में कुछ विभागों का परीक्षा परिणाम 100% तो शेष का 88-95% के बीच रहता है। हिंदी, मैथ्स, कॉमर्स आदि विषयों में हमारे विद्यार्थी टापॅर भी रहे हैं। इस वर्ष भी डंजी में तीन विद्यार्थियों का CGPA 9.25 से अधिक है। क्लास रुम के अतिरिक्त Tutorial, PPP, Group Discussion आदि के माध्यम से भी विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति अभिरुचि उत्पन्न की जा रही है। हमने सभी विद्यार्थियों के लिए एक Nodal Teacher नियुक्त करने की योजना तैयार की है।

कॉलेज में R.O. Water System, Bank, Doctor, Nurse, Pad Vending Machine, Rain-harvesting System compost pit जैसी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। एक पुष्प वाटिका तथा herbal Garden

विकसित किए गए है। हमारे इन प्रयासों को Indian Institute of Ecology - Environment की ओर से World Ecology Environment - Development पुरस्कार देकर सराहा भी गया। भविष्य में हमारी कॉलेज Library तथा कार्यालय को विस्तृत करने की योजना है। PWD विद्यार्थियों के लिए जल्दी ही QR Code based application तथा Techtile path का काम शुरु होने वाला है। इसी सत्र से Smart I-Card issue कर कॉलेज को Cashless Campus में परिवर्तन किया जाएगा। शीघ्र ही कॉलेज में Solar panel के माध्यम से बिजली की बचत एवं उत्पादन का कार्य भी प्रारम्भ किया जाएगा।

Governing body में कॉलेज को समय-समय पर जस्टिस मेहरचंद महाजन, Justice J.L. Kapar, Lala Surajbhan, Prof. Ved Vyas, Dr. G.P. Chopra, Dr. T.R. Tuli, Sh. Mohan Lal Jee, Dr. S.R. Arora तथा Sh. Ravinder Kumar का मार्ग दर्शन मिला। DAV College Managing Committee के वर्तमान President Padamashri Dr. Poonam Suri Ji का आशीर्वाद और सहयोग भी हमारा उत्साहवर्धन करता रहता है।

Enactus- PGDAV; Geo-crusadons : The Environmental Society; Satark : The consumer club, NCC, NSS आदि के माध्यम से हम पीड़ित महिलाओं की सहायता, गरीब विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा पर्यावरण जागरण, उपभोक्ता का अधिकार, रक्तदान, वस्त्र एवं दवा-वितरण, जैसे सामाजिक कार्य कर विद्यार्थियों को एक अच्छा नागरिक बनने का दायित्व पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारे कॉलेज छात्रसंघ ने इस वर्ष अपने फंड से विश्वविद्यालय में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हमारे विद्यार्थियो के लिए पुरस्कार की घोषणा की है, यह हमारे लिए हर्ष और गर्व का विषय है। दलित व पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की मदद् के लिए कॉलेज ने SC/ST/OBC Cell तथा North East के विद्यार्थियों की सहायता के लिए North East Cell भी स्थापित किया है।

हमारी सांस्कृतिक संस्था हाईपीरियन के अन्तर्गत कॉलेज में नाटक, लोकनृत्य, Fine Arts, Photography, Film Making आदि से संबंधित 15 societies हैं। गत वर्ष इस संस्था ने देश भर में 150 से अधिक पुरस्कार जीते। हमारे नाटक 'जानेमन' को साहित्य कला परिषद के नाट्य समारोह में Best Play, Best Production और Best Actor का Award मिला। विद्यार्थियों को साहित्यिक मंच प्रदान करने के लिए कॉलेज पत्रिका 'अंकुर' नियमित रुप से प्रकाशित होती है। हमारे कॉलेज का Spic Macay Chapter अनेक कलाकारों को आमंत्रित कर इस सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक गरीमा प्रदान करता है।

कॉलेज अपने विद्यार्थियों को Placement के अवसर भी उपलब्ध कराता है। EY, Wipro जैसी कंपनियों में 4.5 लाख के पैकेज तक इस वर्ष हमारे 95 विद्यार्थियों का चयन हो चुका है। 2017 से हमने Internship Fair भी शुरु किया है, जिसे इस वर्ष भी आयोजित किया जाएगा। हमारी इन उपलब्धियों को स्वीकार करते हुए Confederation of Indian Universities ने PGDAV को Best Managed College of the Year 2017 पुरस्कार से सम्मानित किया है। Indian Institute of Information Technology Hyderabad के सदस्य रहे सतीश खोसला, दिल्ली प्रेस के संपादक और प्रकाशक रहे परेश नाथ, भारत सरकार के Additional solicitor general रहे संजय जैन Additional District Session Judge राजीव मेहरा आदि हमारे कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं। खेलो में रमन लाम्बा, मनोज प्रभाकर, अजय शर्मा, परविंदर अवाना, गुरविंदर सिंह, संतोष कश्यप, राम

सिंह आदि ने क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स आदि में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। हमारी क्रिकेट टीम इस वर्ष दिल्ली University Cricket Tournament में Runner Up रही।

इस कॉलेज को माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री अरूण जेटली, डॉ. मुरली मनोहर जोशी, श्रीमती स्मृति ईरानी, पद्मविभूषण सोनल मानसिंह, अभिनेत्री सुषमा सेठ जैसी विभूतियों का आतिथ्य करने का सौभाग्य मिला है। हमें गर्व है कि आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन माननीय श्री रामनाथ कोविन्द जी के आतिथ्य का सौभाग्य हमे मिल रहा है। इस पद पर रहते हुए भी आप जिस सहज, सरल, मानवीय स्वभाव के धनी हैं, वह हमारे लिए अनुकरणीय है। आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा आपके व्यक्तित्व को प्रभावपूर्ण बनाती है। आप ईशावास्योपनिषद के इस मंत्र में विश्वास रखते हैं-

ऊँ ईशा वास्यमिदं सर्व यत्किच जगत्यां जगत्,

तेन त्यक्तेन भुजिथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम्।

महोदय आपके आने से हमारा उत्साहवर्धन भी हुआ है और यह दायित्व भी बढ़ा है कि स्वयं को एवं अपने विद्यार्थियों को इस योग्य बनाए कि हम सब गर्व से यह कह सकें कि हम उस PGDAV कॉलेज में पढ़े है अथवा पढ़ाते हैं जहां स्वयं माननीय राष्ट्रपति कॉलेज प्रांगण में हमें आशीर्वाद देने आए थे। मान्यवर, मैं एक बार पुनः आपका कॉलेज प्रांगण में स्वागत करता हूँ। आपके अभिभाषण से हम बौद्धिक दृष्टि से अधिक समृद्ध होंगे, इसका मुझे पूर्ण विश्वास है।

भारत के राष्ट्रपति

श्री राम नाथ कोविन्द

का

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में सम्बोधन

नई दिल्ली, 18 फरवरी, 2018

मुझे प्रसन्नता है कि 'दयानन्द एंग्लो वैदिक' परिवार से जुड़ा यह कॉलेज अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे करते हुए हीरक जयंती मना रहा है। इस अवसर पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई।

आज के दिन इस कॉलेज के संस्थापकों और सहयोगियों को स्मरण करने का भी दिन है जिनकी शिक्षा के प्रति व्यापक और दूरगामी सोच के कारण इस महाविद्यालय में अब तक लाखों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला। **पन्नालाल गिरधरलाल** नामक फर्म के मालिक इस कॉलेज के निर्माण के लिए धनराशी प्रदान करने वाले पहले दान-दाता थे। **जस्टिस मेहर चंद महाजन** ने, जो कि प्रबंध समिति के तत्कालीन प्रधान थे, इस कॉलेज की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभाई।

डॉक्टर भाई महावीर और प्रोफेसर बलराज मधोक जैसे समाज को दिशा देने वाले अनेक चिंतक और विद्वान इस कॉलेज से जुडे रहे हैं। इस कॉलेज ने अध्ययन-अध्यापन के साथ ही खेलों को भी महत्व दिया है, फलस्वरुप इस परिसर ने देश को कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं, विशेषकर भारत की क्रिकेट टीम में **मनोज प्रभाकर** और **रमन लांबा** जैसे छात्रों का चयन होता रहा है। इस कॉलेज की नेशनल सर्विस स्कीम (एन.एस.एस.) इकाई की गिनती देश की सर्वश्रेष्ठ इकाईयों में होती रही है।

उन्नीसवीं सदी के दौरान, भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण की जो धाराएं प्रभावित हुई उनमें बहुत ही प्रमुख योगदान **स्वामी दयानंद सरस्वती** का था। स्वामी जी ने समाज सुधार का संकल्प लेकर 1874 में आर्य समाज की स्थापना की। वे कुरीतियों तथा अंधविश्वासों के विरोधी थे। उन्होंने वेदों के ज्ञान को व्यावहारिक बनाया और आंतरिक शुद्धि, मानसिक विकास और वैज्ञानिक चिंतन पद्धति पर बल दिया।

स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए लाला हंसराज ने लगभग 130 वर्ष पहले लाहौर में 'दयानंद एंग्लो वैदिक' कॉलेज की नींव रखी थी। उसके बाद डी.ए.वी. संस्थाओं की स्थापना अविभाजित उत्तर भारत के अधिकांश क्षेत्रों में हुई।

आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित तथा भारतीय परंपरा से ओत-प्रोत शिक्षा प्रदान करते हुए डी.ए.वी. परिवार के शिक्षण-संस्थानों ने देश की अनेक पीढ़ियों का निर्माण किया है। भारत-रत्न से अलंकृत पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कानपुर के डी.ए.वी. कॉलेज से एम.ए. की पढ़ाई पूरी की थी। मुझे भी कानपुर के डी.ए.वी. कॉलेज ही से बी.कॉम. व एल.एल.बी. की पढ़ाई करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

अनेक डी.ए.वी. शिक्षण संस्थानों के आदर्श-वाक्य हैं, 'असतो मा सद्गमय' तथा 'तमसो मा ज्योतिर्गमय', जिनका अर्थ है 'हमे असत्य से सत्य की ओर ले चलो', अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। असत्य से सत्य की ओर, अनैतिकता से नैतिकता की ओर तथा अज्ञान से अंधेरे से ज्ञान के प्रकाश की ओर जाना एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में आवश्यक है। इन विचारों को लेकर आगे बढ़ने वाले व्यक्ति और समाज सदैव लोक-कल्याण की भावना से प्रेरित अपने लक्ष्य को प्राप्त करते है।

भारतीय मूल्यों और आधुनिक विज्ञान के समन्वय की सोच के द्वारा मानव समाज का स्थाई विकास संभव है। उन्नीसवीं सदीं में शुरु की गई डी.ए.वी. संस्थानों के शिक्षा दर्शन के आधार पर इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों का भी सामना किया जा सकता है, 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था को 'ज्ञान की अर्थव्यवस्था' या 'नॉलेज इकॉनोमी' कहा जाता है। साथ ही आज के दौर को 'इन्फोर्मेशन एज' या 'डिजिटल एज' भी कहते हैं। इस दौर में भारत के उद्यमियों ने दुनियां में अपनी एक नई पहचान बनाई है। अमेरिका की 'सिलिकॉन वैली' में भारत के उद्यमियों और प्रोफेशनल्स ने जो सम्मान अर्जित किया है वह आज के भारत की प्रतिभा का एक उदाहरण है। यह उदाहरण आप सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

आज के इस दौर में, नये आईडिया, नई सोच और इनोवेशन की ताकत पैसे से अधिक है। आप सभी उन अनेक उदाहरणों के विषय में जानते है। जहां कंप्यूटर के जरिए ऑन-लाइन व्यापार, ट्रांसपोर्ट, होटल, रेस्टोरेन्ट और पर्यटन आदि सेवाएं प्रदान करके अनेक युवाओं ने सफलता की नई मिसालें कायम की है। उन युवाओं ने सेवाओं और वस्तुओं का उपभोग करने वाले और उन्हें मुहैया कराने वालों को केवल एक-दूसरे के साथ जोड़ने का काम किया है। उनकी विशाल सफलताओं के पीछे पूंजी बहुत कम लगी है लेकिन जो प्रतिभा लगी है वह अमूल्य है। उन्होंने डिजिटल मार्केट में उपलब्ध नए अवसरों का प्रभावी उपयोग किया है।

कुछ ही सालों पहले प्रकाशित 'स्टार्ट अप जिनोम रिपोर्ट' में पाया गया कि भारत के लोगों में उदयमियों की प्रतिभा 'सिलिकॉन वैली' के उदयमियों के बराबर है। यही प्रतिभा आप जैसे सभी विद्यार्थियों में भी मौजूद है। इस प्रतिभा का उपयोग करने के लिए सभी को भरपूर प्रयास करने चाहिए।

मुझे बताया गया कि इस कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों के निवासी हैं। इस क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाएं है। भारी संख्या में देश के दूसरें हिस्सों से लोग अवसरों की तलाश में यहां आते हैं। ऐसे में आप अपनी यहां रहने की सुविधा का भरपूर उपयोग कीजिए। आज भारत की जीडीपी का 60 प्रतिशत से अधिक योगदान शहरों से होता है। इससे आप जैसे युवाओं के लिए बहुत से अवसर पैदा होते हैं।

वर्तमान में रोजगार की परिभाषा बदल रही है। रोजगार का मतलब केवल नौकरी ही नहीं रह गया है। स्व-रोजगार करना और दूसरों के लिए रोजगार पैदा करना अधिक सुविधाजनक और व्यावहारिक हो गया है। स्व-रोजगार में सफलता के नित नए उदाहरण देखने को मिलते हैं। स्व-रोजगार के लिए पूंजी उपलब्ध कराने के लिए 'मुद्रा-योजना' तथा अन्य कई योजनाओं के तहत सहायता प्रदान की जा रही है। सरकारी प्रक्रियाओं को भी बहुत आसान बनाया गया है। हाल के वर्षों में भारत ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के पैमानों पर बयालीस स्थान उपर उठते हुए सौवां स्थान प्राप्त किया है। 'स्किल इंडिया', स्टार्ट-अप इंडिया', 'मेक इन इंडिया' आदि कार्यक्रमों के जरिए बहुत से अवसर प्रदान किए जा रहें है। Small and Medium Enterprises को बहुत सी सुविधाएं और करों में छुट दी गई है। जरुरत है कि आप जैसे युवा इन अवसरों का भरपूर उपयोग करें और अपना विकास करते हुए दूसरों के लिए विकास का अवसर पैदा करें। मुझे आशा है कि आप सभी विद्यार्थी अपने विकास के अवसरों को तलाश कर पूरी एकाग्रता के साथ उनका उपयोग करेंगे। आप सभी विद्यार्थियों में अपार प्रतिभा और क्षमता है। ज़रुरत है, कि आज सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तमाम सुविधाओं का उपयोग करके आगे बढ़ने की। इन अवसरों का उपयोग करते हुए आगे बढ़ते हुए आप सभी अपनी प्रतिभा का उपयोग कर सकेंगे, अपने और अपने परिवारजन के जीवन-स्तर में सुधार ला सकेंगे तथा समाज के दूसरे लोगों को भी रोजगार और विकास के अवसर प्रदान कर सकेंगे।

मैं एक बार फिर इस कॉलेज के सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों, प्रशासकों और अतीत में यहां से जुड़े सभी व्यक्तियों को बधाई देता हूं। मैं सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल-कामना करता हूं।

धन्यवाद

जय हिंद!

From The Chief Editor's Pen

In today's world of the screen, pages seem an outdated commodity. As reading habits change from perusing books made of paper to words flickering on an electronic screen, the question begs asking: Will the present generation, 'millennials' as they have been termed, ever know the pleasure of holding a book? Will they ever understand what it meant to live in a world where books were prized possessions, heirlooms and collector's items? Will it occur to them that words crystallized on paper could be repositories of knowledge handed down from generation to generation, and that any marauding regime first took it upon itself to destroy libraries and then to exterminate intellectuals? Today, we live in a world where knowledge and information have merged so inextricably that it is difficult to identify one from the other. We live in a time where knowledge and news come to us from a huge web that connects the world, where information is disseminated, distorted, and deleted by the mere touch of a button; a world where the length of memory is equal to the time it is visible to us on our screens. The feel of a warm page in our hands, its dog eared ends recalling for us a train of thought and a sequence of events, notes scribbled in the margins, favourite lines underlined, the handmade bookmark gifted by a parting friend, the occasional pressed dried flower falling out to remind us of love that was, the forgotten letter accidentally discovered while flipping through a book, all these seem nostalgic vignettes of a past era.

However, there is hope. The book as an actual entity may be gradually taking a back seat, but the habit of reading is as strong as it was. The means have changed, the end remains intact. The book may have undergone a Merlinesque metamorphosis and reincarnated itself on Kindle, but people read. Book clubs are burgeoning and flourishing, and a whole new generation of readers is now growing up with the word as seen through an electronic medium. It is with this view of the present, with the desire to enlarge our reach and encourage our young readers, that we have come out, this year, with a digital version of Ankur which will be available to our readers on the PGDAV College website.

Also a first for the magazine is the special feature 'Amalgamations', or 'Samanvay'. Ankur has traditionally been printed with three separate sections: Sanskrit, Hindi and English. This year, we have introduced a section featuring translations from these three languages into these three languages. The original piece in a language begins the section, followed by its translation into the other two languages. The pieces have been translated by our own faculty. Philosophically speaking, we exist through a process of translation, trying to make sense of the natural and human events taking place around us. In the literary world, translation is the most significant act of bringing an alien text closer to one's understanding, thereby extending one's frontiers of knowledge. We request you to be the judge. Tell us whether the effort to bring you closer to a work you wouldn't easily have accessed has been worthwhile or not.

I extend my heartfelt gratitude to the Principal Dr Mukesh Agarwal for his continued support and encouragement.

My warm thanks to the entire editorial team comprising both faculty and students: Dr Patanjali Bhatia and Dr Pramita Mishra from the dept. of Sanskrit and their student editor Mahesh; Dr Banna Ram Meena and Sh. Ved Prakash from the Hindi Dept. along with student editors Amisha and Priyanka; and Ms Pritika from the Dept of English with student editors Swati Baruah, and Ria

Sharma, as well as the student editorial team of the English section, Anubhav Tekwani, Kartik Gupta, and Apoorva Thakur. Their enthusiasm, ideas and efforts have been the mainstay of this magazine.

A special word of thanks to all colleagues and students whose creative inputs are represented in these pages; they are the body and soul of this issue.

Finally, it is with great pleasure and some pride that we present to you the 2017-18 issue of Ankur. In August 2017, the college completed 60 glorious years of excellence in education, and this edition of Ankur is, in that sense, the Diamond Jubilee year issue. It abounds with creative energy and academic reflections, with laughter and anguish, with philosophical ruminations and thoughts on current affairs, with music and art and images and vignettes of the academic session. It is an archive not just of the events of the year, but a repository of memories, musings and achievements that will continue to inspire and regale. We hope you too, dear reader, will settle in a comfortable corner of your room and peruse this lovingly curated effort at your leisure. We wish you peace and the joy of words. Because paper may be waning, like bodies; but words, like souls, live on.

Dr Urvashi Sabu
Associate Professor, Dept of English

संस्कृत खण्डः

विषय सूची

क्र. सं.	विषय		
1.	कालिदास हमारे दिलों के अंश हैं	–	पं. जवाहरलाल नेहरु
2.	वेदों की सार्वभौमिकता	–	प्रो. कपिल कपूर
3.	पक्षिणः विवेकः	–	मोहित कुमार
4.	आधुनिक युगे गीतायाः प्रासङ्गिकता	–	आरती यादव
5.	दैवमेव परम्	–	काजल अग्रवाल
6.	चाणक्य नीतिः	–	डॉ. प्रमिता मिश्रा
7.	वेद के अध्ययन का प्रयोजन	–	प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद
8.	संस्कृत शिक्षया कौशलविकासः संभवति	–	कु. आरती
9.	भारतीय संस्कृति में संस्कारों की कल्पना	–	महेश
10.	बलवान कः	–	काजल अग्रवाल
11.	कर्कटस्य उपाय	–	मिताली
12.	व्यर्थः मूर्खोपदेशः	–	मिताली

सम्पादकीयम्

(नूतन संस्कृतकोशग्रन्थस्य आवश्यकता)

डॉ. पतञ्जलिकुमारो भाटिया

संसारोऽयं परिवर्तनशील: यदा-यदा संस्कृतिद्वयस्य मेलनं भवति तदा खाद्य-वेशभूषादिषु तु परिवर्तनं भवति भाषापि नास्य अपवादभाक्, अत्रापि भाषा परिवर्तते। नूतन-शब्दा: इतरभाषाभ्य: इतरसंस्कृतिभ्य: गृह्यन्ते पूर्वं मातायातार्थ तादृशतीव्रगतिकवाहनानि नासन्, यथा अद्यत्वे। अत: भाषिकपरिवर्तनं मथरगतिक आसीत्। परम् अद्यत्वे प्रसारणमाध्मानामां वैदेशिका पत्र-पत्रिकाणां सुलयमतया प्रसारणेन भाषिक परिवर्तनं तीव्रगत्या भवति। यथा पास्ता-बर्गर-होटडाग-मोमोज़-चाउमिन-डलरोटी-स्कर्ट-ब्लाउज प्रभृतय: शब्दा: भाषायां प्रयुजन्ते। एवमेव-हैण्डग्रिनेड-हथगोला-एण्टीए अरक्राफ्टगन-पनडुब्बी-रिएक्टर-बोइंग-ब्रेकिंगन्यूज-प्रभृतिबहव: शब्दा: समाचारपत्रेषु दृश्यन्ते एवमेव नूतनरोगा: प्रसृता:। एतेषां संस्कृतभाषान्तरं कि स्यात्? अयं जाज्वल्यमान: प्रश्न:। दूरदर्शने आकाशवाणीवार्तासु यद्यपि एतेषां संस्कृतरूपान्तरं प्रयुज्यते, परं तद् यादृच्छिकम्। एक संपादक: अनुवादककर्ता वा बजटर्थम् आयव्ययपत्रकं अपरश्च अर्थसंल्यम्। श्रोता सन्दिहानो भवति। एवमेव बहव: शब्दा: सन्ति। टेलीवीयन कृते दूरदर्शनम् परं दाक्षिणात्ये (विशेषत: श्री लङ्कपदेशे रुपवाहिनी - शब्द: प्रयुज्यते, य: हि सार्थकतां भजति। रोगाणमपि इयं स्थिति:। प्लेग-हार्पिज़-एड्स - आदि शब्दा: जनभाषासु प्रसृता:। तेषां संस्कृतं किं स्यात्? बहो: कालात् विद्वांस कथयन्ति यत् एतदर्थम् एका समिति: सखघटनीया। यस्यां सैन्यायुध चलचित्र: रोगादिविषयका: विद्वांस: विचारविमर्शं कृत्वा रूपान्तरितशब्दानां एकमत्या निर्धारणं स्यात्। यथा हिन्दीभाषायां डॉ. रघुवीरेण परिभाषिकशब्दावली निर्मिता तथैव संस्कृत पारिभाषिक शब्दकोशांऽपि निरूपणीय:। साम्प्रतिके काले 'अमरकोशो जगत्पिता इयं प्राचीना सूक्ति: नहि समीचीनतां भजति। तत्र नूतनशब्दानां भाषान्तरस्य अभावो वर्तते। तत्र केचन एतादृशा: शब्दा: अपि सन्ति, ये प्राचीनसाहित्ये, वैदिकसाहित्ये वा प्रयुक्ता: परं सामप्रतं न हि ते आधुनिक साहित्ये प्रयुज्यन्ते। अत: साम्प्रतिके काले अभिनवसंस्कृतकोशविरचनाया: महती आवश्यकता वर्तते। विद्वद्भि: अस्मिविषये नूनं चिन्तनीयम्, तत्र च कथंकारमपि पूर्वाग्रहं विहायनूतन कोषग्रन्थ: विरचनीय:।

कालिदास-हमारे दिलों के अंश हैं

कालिदास समारोह उज्जैन 1959 के अवसर पर उद्घाटन के अवसर पर दिया गया भाषण

जब से हमारा देश स्वतंत्र हुआ तब से, कालिदास का नाम तो मालूम था लेकिन उसकी तरफ ध्यान अधिक जाने लगा। बात यह है जब एक देश दबा हुआ होता है, दासता की जंजीरों में बंधा होता है, तब हाथ कान बंद हो जाते हैं। हाँ, कुछ कभी-कभी सुनाई दे जाए, पुरानी-नई बातें और एक बड़ी निशानी, स्वतन्त्रता की है, कि आँख-कान खुल जाए और जब वे खुलते हैं तब दो तरफ से देखते हैं, एक तो अपने प्राचीन समय को, जिसकी याद ताजी हो जाती है और एक भविष्य की तरफ क्योंकि भविष्य में उसको जाना है। ये बात हमारे देश में पिछले वर्षों से हो रही है। दोनों तरफ हम देखते हैं, कभी-कभी कठिनाई भी हो जाती है दोनों तरफ देखने में, लेकिन आवश्यक है दोनों को जोड़ना। अगर हम आगे भविष्य की तरफ देखे तो हमारी जड़ नहीं रहती, हमारे देश की, हमारी जाति की, पुरानी जड़, अगर हम खाली प्राचीन समय की तरफ ध्यान दें, भविष्य की तरफ नहीं, तो हम जम जाते हैं, आगे नहीं बढ़ते हैं। दोनों बातें पुरानी है। कोई देश या कोई कौम, बहुत आगे बढ़ती नहीं जब तक उसकी जड़ गहरी न हो। जड़ आती है, जो कुछ उस जाति के अभ्यास तजुर्बे, सैकड़ों-हजारों वर्ष से होते हैं, वह उसके रग और रेशे में भर जाते हैं। हमारे किसान, उनको आप कहिए अनपढ़ होते हैं, बहुत सारे, लेकिन मैं इस बात को मानने को तैयार नहीं कि वो किसान जो अनपढ़ हैं वो क्या कहूं उनमें सभ्यता नहीं है, कुछ संस्कृति नहीं है, मैं नहीं मानता। काफी है वो उनके रगों-रेशों में जाने कितने जमाने से जो-जो बातें उनको आई, उसी में कुछ न कुछ भारत की संस्कृति भरी है। यहाँ उत्तरप्रदेश में यानी मैं उत्तरप्रदेश को जानता हूँ, कितने बिल्कुल अनपढ़, किसान हैं, लेकिन उनको, रामायण, तुलसीदास जी की, उसके बहुत हिस्से याद थे और उनको दोहराते थे और उसकी मिसाल देते थे तो यह यानी एक उनमें जो कि मामूली एक संस्कृति जिससे एक आदमी एक व्यक्ति बनता है वो उनमें थी बहुत कुछ, और है, खैर! मैंने आपको दो-एक मामूली मिसालें बताई। आपने

आपकी समारोह समिति ने इस कालिदास जयंती पर बुलाया इसके लिए धन्यवाद। मुझे बहुत खुशी है कि थोड़ी देर के लिए मैं भी इसमें भाग ले सकता हूँ। इस समारोह में और अपनी श्रद्धाञ्जलि कवि कालिदास के लिए पेश कर सकता हूँ। यह तो खैर, सभी जानते हैं कि दो-तीन बातें हैं, एक तो वो संस्कृत भाषा से संबंध रखती है। कुछ मैंने भारत के इतिहास को पढ़ा और जो भारत में प्राचीन समय में बड़ी-बड़ी बातें हुई और मैंने सोचा कि सब बातें, हमारी सारी कौम का बढ़ना, कितना बंधा हुआ है संस्कृत भाषा से और संस्कृत भाषा में जो विचार हुए उनसे अगर संस्कृत भाषा न होती, हमारी देश में तो मालूम नहीं हमारा देश कैसा होता? ऐसा नहीं होता, जैसा है, कुछ और होता। आजकल की हमारी जो भाषाएँ हैं, बड़ी-बड़ी भाषाएँ हैं। देशभर में, वो सब नहीं तो बहुत कुछ उनमें संस्कृत भाषा के बच्चे हैं, उसी से निकलीं और वो संस्कृति की धारा उनमें आ गई, कुछ न कुछ। पूरी तौर से नहीं। संस्कृत का भंडार तो बहुत बड़ा है और कुछ हमारी भाषाएँ है जो हैं, वो कुछ बल्कि दबी रहीं। सैकड़ों वर्ष तक दबी रहीं संस्कृत की वजह से, जब कोई बड़ी भाषा ऐसी होती है तो दूसरों को बढ़ने नहीं देती। जितने हमारे विद्वान् पढ़े-लिखे थे आजकल नहीं मैं कह रहा हूँ जरा पहले दो सौ ढाई-सौ वर्ष पहले, उसके भी पहले जाइए तो संस्कृत थी सब पढ़े लिखे आदमियों की भाषा, लिखने की पढ़ने की, फिर फारसी भाषा आई अब वो सरकारी भाषा हो गई और वो फैली तो संस्कृत और फारसी ने मिलकर हमारी और भाषाएँ जो हैं उनको बढ़ने नहीं दिया। कुछ हल्के-हल्के बढ़ीं लेकिन कुछ किसी कदर वो पढ़े-लिखों की भाषा नहीं समझी जाती। वो तो संस्कृत में काम करते थे जो आप फारसी में करते थे खैर। उनको तो बढ़ना ही था और उचित था बढ़ना और बढ़ेगी और उनके लिए यह भंडार संस्कृत का है। जिससे निकाल-निकाल कर कितनी वह बातें निकाल सकते हैं, तो एक तो मैंने संस्कृत का कहा, कितना बड़ा भारी असर सारे हमारे पिछले समय में, जमाने में, हमारे देश के ऊपर, उसके विचारों पर सोचने पर, संस्कृति पर, सभ्यता पर। उसमें कोई संदेह नहीं कि संस्कृत में, संस्कृत साहित्य में पहले जमाने की पूर्व पुस्तकों को छोड़ दें, पुरानी, वेद है, हमारे ये महाभारत, रामायण हैं। बड़ी ऊँचे दर्जे की जबरदस्त चीजें हैं, उनको छोड़कर, फिर सारे संस्कृत साहित्य में, मैं तो जरा दबी जुबान से कहता हूँ क्योंकि मैं तो बहुत इस मामले में पढ़ा लिखा नहीं हूँ लेकिन शायद सही हो कि कालिदास सबमें उँची चोटी के हैं। और ये बड़ी खुशी की बात है कि इस समय फिर से देश का ध्यान कालिदास की तरफ जाता है, हम अच्छे साहित्य में बहुत कुछ सीख सकते हैं। उसके गुण हैं, उसका सौंदर्य है, वो तो हैं ही लेकिन उसके अलावा बहुत कुछ सीख सकते हैं। मैं समझाता हूँ आज-कल हमारे हिंदी के लिखने वाले बहुत कुछ सीख सकते हैं। संस्कृत में भी हम देखें कि कैसे हल्के-हल्के संस्कृत साहित्य बदलता गया। वेदों के जमाने में आप जाए तो इतना गठा हुआ है कि उसके समझने के लिए काफी कठिन बड़े-बड़े ग्रंथ और समझाने के लिए बड़ी-बड़ी टीकाएँ रखी जाती है उनके, एक भाषा की एक खूबी है कि चुस्त हो तो वेदों से ज्यादा कोई चुस्त हो ही नहीं सकती। इतनी गठी हुई एक एक'शब्द में बहुत माने हैं। उसके बाद हल्के-हल्के बदलती गई और फिर आप आते हैं उस जमाने में, जब संस्कृत साहित्य सबसे ऊँची कोटि पर था। कालिदास के समय, इतना सुंदर, फिर भी गठा हुआ है। फिर और भी बहुत कुछ हुए साहित्यकार, अच्छे हुए, बड़े बड़े, फिर कई सौ वर्ष बीत जाते हैं तब आप हिंदी साहित्य को देखिए, कुछ अच्छा है, सुंदर है लेकिन गठापन निकल जाता है। चुस्ती निकल जाती है, एक-एक फिकरा चलता है तो आधे सफे पर चला जाता है कभी कोई पूरा सफा नहीं लिखता। ये है कुछ लोग उसको पसंद करें लेकिन एक भाषा का कुछ कमजोर होना, गिरना होता है, यह अजीब बात है कि आप इसको देखेंगे कि भाषा से कोई चीज अधिक आपको नहीं बता सकती, उस देश का हाल। एक महाकवि अंग्रेजी के महाकवि मिल्टन ने लिखा है कि - ''एक देश का हाल कुछ नहीं जानूं खाली उसकी भाषा आप मुझे बता दीजिए, दिखाइए तो,

मैं उसको पढ़कर दिखा दूँगा कि देश कैसा है। मजबूत है, दुर्बल है, कमजोर है, गठा हुआ है, तेज है, विद्वान है और क्या है'' और बात सही है। भाषा एक आईना होता है कि फिर आप देखें जैसे हमारे देश में कुछ देश का पतन हुआ। पाँच-सात सौ वर्ष हुए एक बात आपसे कह रहा हूँ सुंदर बातें हुई, सब बातें, अच्छी बातें हुई लेकिन संस्कृत का जो साहित्य उस समय का है और उसमें बड़ा सुंदर साहित्य है। मैं नहीं कहता, लेकिन गठा हुआ नहीं रहा। एक उसको मैं कहूँ तो उर्दू में कहूँ तो फिकरेबाजी का हो गया। लंबे-लंबे वाक्य और वही हाल हमारी जाति का हो गया हम ढीले हो गए और कौमें आई और देशों से हमारे देश में, हम कमजोर थे जो ऊपर की संस्कृति हममें थी। हम बड़ी-बड़ी बातें पुरानी दोहराते थे लेकिन वो तो जान होती है जो कौम को जीवित करती है, वो कम हो गई और भाषा में भी कमी आ गई। वही बात आजकल की भाषाओं में विचार करने की है कि हम इस फिकरेबाजी में न फंस जाएं हम एक दिखाने के शब्द जरा सुंदर करके लेकिन बेजान कर देते हैं। कुछ जरा उधर झुकाव होता है, कम हो रहा है। लेकिन कुछ झुकाव था। भाषा की शक्ति जब ही है, जब एक तो दरबारी भाषा में है आम जनता से उस को ताकत मिलती है उसको समझे और दूसरे जो मैंने आपसे कहा एक चुस्त तो अब एक तरफ बहुत ज्यादा चुस्ती हो तो समझ में नहीं आती। कालिदास ने बिल्कुल ठीक जोर उठाने की बात कही। सौंदर्य इतना अच्छा और उसी के साथ गठी हुई भाषा और इसमें तो खैर कोई शक नहीं, मैं समझता हूँ हमारे कवियों को उसमें कोई मुकाबला नहीं कर पाए और जितना अधिक हमारे देश भर के लोग उसको पढ़ें, उसको समझें, ये तो एक उनको लाभ पचास होंगे लेकिन एक लाभ होगा हमारी आजकल की भाषाओं पर भी उसका असर पड़ेगा और अच्छा असर पड़ेगा।

आप जानते हैं शुरू में मैंने आपसे कहा, एक देश जब स्वतन्त्र होता है तो जाग्रत हो जाता है, जग जाता है, हल्के हल्के उसकी आँखें कान खुलने लगते हैं। और दोनों तरफ को देखता है, पीछे और आगे, और दोनों को मिलाने की कोशिश करता है। उसी यत्न से देश बढ़ सकता है। न खाली पीछे देखना है, न आगे देखना खाली काफी है। दोनों को रखना, तो वो जब ही हो सकता है उसके मानी है कि हर बात में जान आती-जाती है। जब हमारे देश के बड़े दिन थे, साहित्य अच्छा था, हमारी कितनी इमारतें बनी, पुराने मंदिर, इतने जबरदस्त, आजकल के नहीं। आजकल के जो मंदिर बनते हैं, मुझे देखकर कुछ सिर में दर्द होने लगता है। बस फूल-बूटे वगैरह बना दिए उन्होंने, एक समझते हैं कि सौंदर्य की बात है कोई उसमें असल बुनियादी सौंदर्य नहीं है, एक बड़ा मंदिर दिल्ली में है, अच्छी जगह है, लोगों को आने-जाने को, लेकिन देख कर तकलीफ लगती है। इस हिसाब से जरा उसका मुकाबला कीजिए, किसी पुराने मंदिर से जमीन आसमान का अंतर है। एक चीज है जिसमें एक शक्ति है, एक विचार आप को पकड़ता है वह चीज पुरानी थी। आजकल एक पत्थर का ढेर होता है। तो इस तरह से जाग्रत देश में ये सब चीजें फलने-फूलने लगती हैं। साहित्य है और बातें हैं, हर तरफ वो बातें अब हम देख रहे हैं भारत में। भारत में ये बातें होती जा रही हैं। ये एक निशानी है कि कालिदास से प्रेम बढ़ता जाता है। उसको लोग अधिकतर उधर ध्यान देते हैं, पढ़ते हैं, जानते हैं, अब उसके और भी आजकल के जमाने के हिसाब से क्या-क्या फिल्म बनते हैं, फिल्म अच्छे हो, बुरे हों यह दूसरा प्रश्न है लेकिन बनते हैं, ध्यान जाता है तो यह अच्छी बात है क्योंकि ऐसे महाकवि कोई आपके मध्य प्रदेश का तो मतलब ही नहीं है वे तो सारे भारत के हैं। लेकिन असल में तो उनकी उस चुने हुए आदमियों में गिनती है जो कि सारी दुनिया के महाकवि गिने जाते हैं। उस गिनती में आते और अभी तक पूरी तरह से और दुनिया जानती नहीं उसको, लेकिन बहुत पुरानी बात है। डेढ़ सौ वर्ष से अधिक के जो पहले की बात आप जानते होंगे आपकी पुस्तकों में भी लिखा है जब पहले किसी ने उसका अनुवाद किया जो वो एक बड़े जर्मन कवि थे 'गेटे' उन्होंने। चौकन्ना हो गए उसको पढ़कर हैरान

हुए और कहा कि ऐसी सुंदर चीज दुनिया में और कहाँ है? तो है दुनिया में एक महाकवि है और मुझे कोई संदेह नहीं कि और दुनिया में उनकी कविता से और जो उन्होंने लिखा है साहित्य उससे, जानकारी बढ़ती जाती है। कठिनाई तो यह है कि एक कविता में विशेषकर कि उसका अनुवाद कभी ठीक हो ही नहीं सकता क्योंकि अनुवाद कवि का कवि ही कर सकता है। डिक्शनरी को देखकर करने वाला नहीं करता है। कोश देखकर कर दिया और उसमें शब्दों का अनुवाद नहीं होता है। विचार का होता है, ज्ञान का होता है, इन चीजों का होता है और आजकल ये बड़ी कठिनाई है कि अंग्रेजी भाषा से अच्छे अनुवाद ढूंढते हैं, हिंदी में बहुत कम अच्छे होते हैं। मैंने दो-चार पुस्तकें अंग्रेजी में लिखी। मुझसे हिंदी नहीं पढ़ी जाती। मैंने बहुत कोशिश की। कुछ मेरे विचार ही गड़बड़ा गए हैं उसमें छोड़ दी अच्छाई-बुराई। लोग समझते हैं अनुवाद कर देना कुछ शब्दों का अर्थ कर देना है। यह नहीं है, अनुवाद करने से कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि दो भाषाएँ हैं बाज चीजों का अनुवाद तो आप कर सकते हैं बड़ी आसानी से, मेज है उसका अनुवाद कर दिया आपने, कुर्सी है उसका अनुवाद कर दिया आपने इसमें कोई कठिनाई नहीं है लेकिन जहाँ विचारों का अनुवाद होता है हर भाषा का एक ढंग दूसरा होता है उसको आप शब्दों से अनुवाद नहीं कर सकते हैं। अगर आप अनुवाद करने वाले को दोनों भाषाएँ बिल्कुल अच्छी तरह से मालूम होनी चाहिए और उसको पढ़कर एक तो बंध करके उस विचार को लिखना चाहिए न कि शब्दों को। एक जैसा कि मुझे याद है, याद आता है एक चीनी महाकवि थे ली-पो, उनके पास एक नौजवान आए, नवयुवक, उनने कहा कि गुरु जी मुझे बताइए मैं महाकवि कैसे बनूँ उन्होंने कहा - कि तुम खूब अच्छी तरह से जोरों से भाषा को पढ़ो उसके सब अंश पढ़ो, क्या है कायदे-कानून, ग्रामर इत्यादि सब पढ़ो। पढ़ो चुको तो सब भूलने की कोशिश करो उसको, तब तुम लिखने की कोशिश करो, करके भूल जाने की, लेकिन पढ़ो जरूर, उसे समझो फिर भूलो फिर लिखो तो तुम कवि हो सकते हो नहीं तो तुम कुछ भी नहीं लिख सकते तो इस तरह से शब्दों का अनुवाद करना कोई अनुवाद नहीं है, बड़ी कठिनाई है। खैर हिंदी और संस्कृत का तो 2 बहुत जोर है लेकिन आप संस्कृत का अनुवाद कीजिए यूरोप की भाषाओं में तो फर्क हो जाता है और कहीं कोई चीनी में करें तो मालूम नहीं कहाँ से कहाँ पहुंच जाए तो वो तो बिल्कुल अजीब ढंग की दूसरे ढंग की भाषा है, बड़ी ऊँची भाषा है आप मानते हैं उसको उसकी लिपि भी एक तस्वीरों की है। खैर, आप जानते हैं कि मैं कोई बड़ा पंडित तो हूँ नहीं, कि मैं ऐसे समारोह जिसमें बड़े-बड़े पंडित है मैं कोई माकूल बात आपसे कहूँ। इसलिए सिर्फ इतना ही कहता हूँ कि मुझे बहुत खुशी है, धन्यवाद आपको कि आपने मुझे बुलाया और मुझे बहुत खुशी है कि इस तरह से कालिदास का नाम फिर से लोगों के कानों में आ रहा है। कालिदास उन लोगों में हैं जो साहित्यकार हैं, कवि हैं सब कुछ हैं। उससे ज्यादा है जैसे कि बहुत बड़े लोग होते हैं वो कुछ हमारे दिलों के अंश हो गए हैं, वो भारत का एक हिस्सा है। आजकल हिमालय पहाड़ का बड़ा चर्चा होता है बड़े सिलसिले हैं। हिमालय पहाड़ तो भारत के लोगों के दिलों का हिस्सा है, खाली वो नहीं है, ऊँचा पहाड़। इसी तरह से कालिदास हमारे दिलों के हिस्से हैं यह निशानी है इस महाकवि की।

पं जवाहरलाल नेहरू

वेदों की सार्वभौमिकता

पी. जी. डी. ए. वी. महाविद्यालय द्वारा आयोजित वेद व्याख्यान मञ्जरी के द्वितीय पुष्प में प्रोफेसर कपिल कपूर जी ने वेदों की सार्वभौमिकता विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। इस व्याख्यान में प्रोफेसर कपिल कपूर जी ने भारतीय ज्ञान परम्परा, वेदों की महत्ता, वैदिक वाङ्मय की विशालता, उनमें संचित ज्ञान पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

वेद भारत ही नहीं अपितु वैश्विक ज्ञान परम्परा के प्राचीनतम ग्रंथ हैं। वेद शब्द की उत्पत्ति 'विद्' धातु से हुई है जिसका अर्थ ज्ञान होता है। इस प्रकार वेद वेद एक ऐसी ज्ञानराशि है जिसमें समूची मानवता अथवा संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का तत्व निहित है।

वेदों के संदर्भ में आलोचकों की यह सामान्य शिकायत होती है कि यह अत्यंत क्लिष्ट है और समझ में नहीं आता और दूसरी मुख्यतः पाश्चात्य आलोचकों की व्याख्या में व्यक्त विचारों की प्रासंगिकता नहीं है। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि वेद कोई पढ़ने की किताब नहीं है, यह कोई छपा हुआ ग्रंथ नहीं है, यह शब्द राशि से भी परे है क्योंकि शब्द तो संकेतक मात्र होते हैं। वे शब्द जिस ज्ञान की तरफ संकेत करते है, वह वेद हैं। वह ज्ञान कोई व्यक्ति ग्रहण कर पायेगा या नहीं यह उस व्यक्ति की योग्यता, उसके ज्ञान के स्तर पर निर्भर रहता है। यह इस पर भी निर्भर करता है कि वह ज्ञान कैसा है, सरल है अथवा क्लिष्ट। ज्ञान ग्रंथ तो क्लिष्ट होते ही हैं। सरल भाषा में भी अत्यंत गंभीर ज्ञान छिपा होता है यथा 'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया.' यह मंत्र भाषिक दृष्टि से अत्यंत सरल है परंतु इस में अंतर्विष्ट रहस्य में द्वा सपुर्णा का अर्थ जीवात्मा और परमात्मा अथवा भोक्ता तथा साक्षी भी हो सकता है। इसलिए प्रत्येक विद्या के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा में 'अधिकारी' की परिकल्पना की गई है। वेद ज्ञान के लिए भी अधिकारी में छः वेदांगों का ज्ञान, एक अच्छा गुरु, अभ्यास तथा इन सबसे अधिक इसकी निष्ठा आवश्यक है। इनके बिना वेद ज्ञान नहीं हो सकता।

भारत को अन्य राष्ट्रों की भांति एक भाषा, एक जाति, एक धर्म के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता है। इसकी व्याख्या 'ज्ञान जनित चैतन्य की एकात्मकता' के रूप में की जा सकती है और इस ज्ञान के प्रतिनिधि ग्रंथ वेद हैं। भारतीय साहित्य को श्रव्य प्रेक्ष्य की श्रेणी में रखा जा सकता है। भारतीय ज्ञान परम्परा मौखिक ज्ञान परम्परा है। जो गुरु-शिष्य परम्परा के रूप में सदियों से अक्षुण्ण है। इसीलिए यहां 28 व्यासों की मान्यता है। इसका आशय यह है कि हमारा ज्ञान कई बार लुप्त हुआ परंतु प्रतिभाशाली चिंतकों ने इसे पुनः पुनः जीवित किया। महाभारत का विकास भी तीन कालों में माना जाता है। इस संदर्भ में मैक्समूलर का मानना था कि यदि वेद की सभी कृतियां नष्ट हो जायें तो भी इसे मौखिक परम्परा द्वारा संचित ज्ञान के आधार पर पुनः अर्जित किया जा सकता है।

वैदिक साहित्य अत्यंत विशाल है। इसमें चार वेद शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, ज्योतिष नामक छः वेदांग वेदों से संबंधित ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् तथा प्रातिशाव्य सम्मिलित है। इन वेदों की कई शाखाएं हैं जिनमें उच्चारण भेद होता है। यास्क ने निरुक्त में वेद के अर्थ निर्धारण की प्रक्रिया बताई है। भर्तृहरि ने अपने ग्रंथ वाक्यपदीय के ब्रह्मकाण्ड में कहा है कि वेद ज्ञान के स्रोत हैं और ये पहले एक ही थे, व्यास ने इसे विषय की भिन्नता के आधार पर 4 भागों में विभक्त किया।

वेद सौरभ ग्रंथ के लेखक जगदीश्वरानंद सरस्वती ने वेदों में वर्णित विषयों को 12 खण्डों में विभक्त किया है – 1. ज्ञान खण्ड, 2. ईश्वर खण्ड, 3. उपासना खण्ड, 4. सदाचार खण्ड, 5. स्वास्थ्य खण्ड, 6. ग्रहस्थ खण्ड, 7. जीवात्मा खण्ड, 8. पुरुषार्थ खण्ड, 9. विज्ञान खण्ड, 10. राजनीतिक खण्ड, 11. सिद्धांत खण्ड तथा 12. विविध खण्ड।

इस प्रकार वेदों की सार्वभौमिकता का आशय यह है कि इसमें वर्णित ज्ञान देश काल की सीमा से अविच्छिन्न है जिसकी प्रासंगिकता आज भी है।

– (जनवरी 2018 में महाविद्यालय में प्रदत्त व्याख्यान के कुछ अंश)

प्रोफेसर कपिल कपूर

पक्षिण: विवेक:

परित: फलयुक्तवृक्षा: बहूनि कृषिक्षेत्राणि इति एवं प्रकृतिरमणीय: स: ग्राम:। तत्रत्यै: कृषकै: कृषिकर्म प्रारब्धम्। कृमिकीटेभ्य: पक्षिभ्य:, गोभ्य: चतुष्पादेभ्य: च परिणतानां व्रीहिकणानां संरक्षणकार्ये ते लग्ना: सन्ति। कृषिक्षेत्रं परित: वृतिं निभीय जालानि प्रसार्य ते जागरुका: आसन्।

एकदा दूरात् आकाशमार्गेण आगता: केचन कपोता: कृषिक्षेत्रम् आगत्य व्रीहीन् खादितुं प्रारभन्त। एतत् दृश्यं कुटीरे उपविष्ट: कश्चन बालक: अपश्यत्।

स: कंसाताडनेन शब्दम् अकरोत्। शब्द श्रवणात् भीता: ते पक्षिण: पलायनं कर्तुं प्रायतन्त। परं वयं जाले बद्धा: स्म: इति तदा तै: अवगतम्। आपत्तिं ज्ञातवन्त:। ते भयेन व्याकुला: अभवन्। "न भेतव्यम्! दु:खिन: मा भवत, उपाय: विद्यते एव" इदं कस्य वचनम् इति ज्ञातुम् आकाङ्क्षया सर्वे पक्षिणा: तस्यां दिशि दृष्टिं प्रसारितवन्त:।

"आम् अस्माकं नेता एव! परन्तु कथं.....?

कथम् इत: मुक्तिं प्राप्नुम:? वयं भवन्तम् अनुसर्तुं सिद्धा: स्म:" अन्ये कपोता: कण्ठैक्येन अवदन्।

"एक: एव मार्ग: मम स्फुरति। वयं सजाला: सन्तु: उड्डयनं कुर्म:। नातिदूरे मम कश्चन निपुण: मूषकश्रेष्ठ: सुहृद अस्ति। जालच्छेदनं कृत्वा स: अस्मान् रक्षिष्यति।"

नेतु: वचनानुसारेण सर्वे उड्डयनाथ सज्जा: अभवन्। एकम्.......द्वे.........त्रीणि..........। पटपटाकृत्य ते पक्षिण: सजाला: उड्डीय मृत्युमुखात् रक्षिता: अभवन्।

मोहित कुमार
संस्कृत (विशेष)
बी.ए., तृतीय वर्ष

आधुनिके युगे गीतायाः प्रासङ्गिकता

भारतीयदर्शनशास्त्रे संस्कृतसाहित्ये च भगवद्गीता महत्वपूर्णां स्थानं धारयति। गीता भारतस्य सर्वजनेषु समादृता वर्तते। महाभारतस्य भीष्मपर्वणः अंश विशेषः अष्टादशाध्यायात्मकः ग्रन्थ विशेषः गीता नाम। अत्र भगवता श्रीकृष्णेन महाभारतस्य युद्धे अवसादयुक्ताय अर्जुनाय कर्ममार्गोपदेशः कृतः। अद्यापि अर्जुनवत् संकटापन्नस्य कर्तव्यूमूढस्य जनस्य कृते सार्थकः एव गीतोपदेशः।

महाभारतसंग्रामे अर्जुनस्य सक्षमं मार्गद्वयम् आपतितम्-पूज्यान् गुरुन् हत्वा राज्यभोगः अथवा युद्धं विहाय संन्यासग्रहणम्। अर्जुनः एतयोः पलायनमार्गमेव स्वीकृत्य विषण्णो जातः तस्य मनसि समागतो यत् युद्धेन विनाशः कुलनाशः, समाजनाशश्च भविष्यति। अर्जुनस्य अन्तर्द्वन्द्वस्य समाधानं कृष्ण ेन गीतायां सम्यक् कृतम्। तेन कर्मोपदेशः कृतः। धर्मपूर्वकं युद्धमपि न त्याज्यम्। कर्मणः पलायनं न वरम्। गीता कथयति–

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।

मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥

कर्मरहितं जीवनं तिरस्कार विषयकं भवति इति कृष्णस्य मुख्यः उपदेशः। अर्जुनस्य मानसिकद्वन्द्वतः उद्भूता गीता सर्वेषां शास्त्राणां साररुपा वर्त्तते। अत्र जिज्ञासोः मानवस्य कृते उपादेयं सर्वं वस्तु विद्यते। गीतायां सम्प्रदायवादो नास्ति, यतः मानवमात्रस्य हिताय समन्वयात्मकाः उपदेशाः अत्र अभिव्यक्ताः। भारतीयधर्मस्य उदारदृष्टिः गीतायां लभ्यते। इह एकत्र मोक्षवादः प्रतिपादितः अपरत्र लौकिकं कर्ममयं जीवनं प्रोत्साहितम्।

मानवजीवने यदि अंतर्द्वन्द्वः समायाति, कर्मविषये च विचिकित्सा आपद्यते तदा गीतोपदेशाः मार्गदर्शकाः भवन्ति। स्वाधीनता संग्रामे भारते वर्षे गीतैव जनानां प्रेरणादात्री बभूव। बालगंगाधर तिलकः गीतायाः व्याख्यां कर्मयोगपरां गीतारहस्यनाम्ना अरचयत्। महात्मा गांधी च अस्याः व्याख्याम् 'अनासक्तियोग' रूपेण कृत्वा अहिंसा धर्मस्य प्रतिपादनं कृतवान्। एवं गीतायाः योगदानं स्वाधीनता लाभे अद्भुतम् अभूत्।

गीताग्रन्थे विभिन्नाः मार्गाः समन्वयेन व्यवस्थापिताः। मुख्यतः अद्वैततत्वमेव अत्र स्वीकृतम्। तेन सर्वे प्राणि ानः समानाः का कथा मानवानाम्। अत्र व्यावहारिकः साम्यवादः प्रतिष्ठितः। कृष्णः कथयति–

विद्याविनय सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।

शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥

वर्तमानकाले यथा समताभावः आवश्यकः तथा कालान्तरेऽपि आसीत्। इति गीतायाः भेदे सार्वकालिकं महत्वम्। अद्य संसारे वर्णभेदः धर्मभेदः, क्षेत्रभेदः, इत्यादयः भेदाः युद्धाय मानवमात्रं प्रेरयन्ति। तत्र गीतैव उपभेददर्शनं प्रतिपाद्य द्वेषभावं विनाशयितुं समर्था। यदा सर्वे ईश्वरकृताः, तदा को रागः, को द्वेषः वर्तमानयुगस्य कृते कर्मबोधं दर्शयित्वा गीता उपकरोति जनतायाः। कर्मरहितः न तिष्ठेत्, कर्मणि च फलवासनां न धारयेत्। निष्कर्मणः महत्वम् आधुनिकालेऽपि विद्यते अन्यथा सर्वे जनाः स्वार्थपराः स्युः। वस्तुतः द्वेषः ईर्ष्या वा कामेन एव भवति। यदि कर्मणि

संपाद्यमाने कामनानाशः कर्माभिमाननाश्च, तदा संसारः सुकरः स्यात्। मानवः समाजस्य उत्कर्षाय, देशस्य अभ्युदयाय मानवमात्रस्य च विकासाय स्वार्थत्याग पूर्वकं कर्म कुर्यात् इति गीतोपदेशः।

गीता प्रतिपादयति यत् साधनामार्गस्य सोपानेषु प्राप्तेषु स्वयमेव समत्वबुद्धिः आविर्भवति। तस्याम् अवस्थायां साधकः स्थितप्रज्ञः योगी च भवति। राजनीतावपि अस्य आवश्यकता वर्तते। सा एव राजनीतिः श्रेष्ठा, यत्र, शत्रोवोऽपि मित्रवद् भवन्ति तदानीं राज्यस्य सर्वं संसाधनं शान्तिकर्मणि एव समर्पितं भवति न तु युद्धकर्मणि, रक्षाकर्मणि वा। अस्मिन् विषये गीतायाः प्रासंगिकता निर्विवादा।

गीतायां योगशब्देन एकत्र कर्मषु कौशलमेव परिभाषितम्। आधुनिकयुगेऽपि कार्यकुशलतायाः आवश्यकता सर्वेषु क्षेत्रेषु भवति। अन्यत्रापि नीतिशास्त्रे प्रतिपाद्यते–

''या लोकद्वयसाधनी चतुरता सा चातुरी चातुरी॥''

अर्थात् सा एव कुशलता गीतायां शिक्ष्यते तथा लोकजीवनं व्यवस्थितं भवेत् न कुत्रापि रागद्वेषादिः प्रवर्तेत पारलौकिकं जीवनं च सुरक्षितं स्यात्।

समासतः प्रतिपादनीयं यत् गीतोपदेशाः अर्जुनस्य कृते एव दत्ताः, तथापि मानवजीवनस्य सर्वाः समस्याः अत्र युगपत् समाहिताः अधुनापि ते प्रासङ्गिकं विद्यन्ते। अतएव सर्वेषु धर्मेषु, सर्वाषु भाषासु, सर्वेषु देशेषु गीतायाः समादरः। संस्कृतसाहित्यस्य भारतदेशस्य च गौरवग्रन्थोऽयम्।

आरती यादव

दैवमेव परम्

एकः अहितुण्डिकः आसीत्। सः सर्पान् गृहीत्वा जीवनं यापयति स्म। एकदा सः एकं सर्पम् आनयति। सर्पं पेटिकायां स्थापयति च। प्रतिदिनं सर्पस्य प्रदर्शनं करोति। इत्थं तस्य जीवनयात्रा प्रचलति।

कदाचित् अहितुण्डिकः अन्यं ग्रामम् अगच्छत्। पेटिकायाम् एव सर्पः बद्धः आसीत्। पञ्च दिनानि अभवन्। अहितुण्डिकः न आगच्छत्। सर्पस्य आहारः एव नास्ति। सः पेटिकातः बहिर्गमनाय प्रयत्नम् अकरोत्। सः बुभुक्षितः आसीत् अतः शक्तिः नासीत्। विफलः अभवत्। तदा पेटिकासमीपे एकः मूषकः आगच्छत्। सः पेटिकाम् अपश्यत्। "पेटिकायां भक्ष्याणि सन्ति" इति मूषकः अचिन्तयत्। "रन्ध्रं करोमि" इति सः निश्चयम् अकरोत्। अनन्तरं सः रन्ध्रं कृत्वा अन्तः प्रवेशम् अकरोत्। मूषकः सर्पस्य मुखे एव अपतत्। सर्पः मूषकम् अखादत्। तेन रन्ध्रेण एव बहिः अगच्छत्।

"अहो! सर्पस्य सौभाग्यम्! मूषकस्य दौर्भाग्यम्!!"

काजल अग्रवाल
संस्कृत (विशेष) स्नातक
तृतीय वर्ष

चाणक्य नीतिः

1. सुखार्थी चेत् त्यजेद्विद्यां, विद्यार्थी चेत् त्यजेत् सुखम्।
सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम्।।

जिसे सुख की अभिलाषा हो उसे विद्या प्राप्ति की आशा छोड़ देनी चाहिए और जिसे विद्या प्राप्ति की इच्छा हो उसे सुख को तिलाञ्जलि दे देनी चाहिए। क्योंकि सुख चाहने वाले को विद्या-प्राप्ति नहीं होती है और विद्यार्थी को सुख नहीं मिलता है।

2. अन्तःसारविहीनानामुपदेशो न जायते।
मलयाऽचलसंसर्गात् न वेणुश्चन्दनायते।।

आन्तरिक योग्यता से हीन मलिन हृदय वाले मनुष्यों का कोई प्रभाव नहीं होता, जैसे- मलयगिरि से आने वाले पवन के स्पर्श से भी बाँस चन्दन नहीं हो जाता।

3. यथा चतुर्भिः कनकं परीक्ष्यते निर्घर्षणच्छेदनतापताडनैः।
तथा चतुर्भिः पुरुषः परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा।

जैसे सोने के खरे और खोटेपन को जानने के लिए उसकी घिसकर, काटकर, तपाकर और कूटकर परीक्षा की जाती है; वैसे ही मनुष्य की परीक्षा भी दान, शील, गुण, कर्म और आचरण से होती है।

4. युगान्ते प्रचलेन्मेरुः कल्पान्ते सप्तसागरः।
साधवः प्रतिपन्नार्थान् न चलन्ति कदाचन।।

युग के अन्त में सुमेरु पर्वत चलायमान हो जाता है, कल्प के अन्त में सातों समुद्र भी अपनी मर्यादा छोड़ देते हैं, परन्तु श्रेष्ठपुरुष अपने हाथों में लिए हुए कार्य से अथवा अपनी की हुई प्रतिज्ञा से कभी भी विमुख नहीं होते हैं।

डॉ. प्रमिता मिश्रा

भारतीय इतिहास की विकृतियां

भारतवर्ष और उसके प्राचीन साहित्य में पाश्चात्यों की अभिरुचि

('स्वर्गीय पं. भगवद्दत्त जी अपने सुविख्यात ग्रन्थ भारतवर्ष का बृहद् इतिहास' में भारतीय इतिहास की विकृतियों के कुछ कारणों पर प्रकाश डाला है। इनमें से एक प्रमुख कारण है - 'पाश्चात्त्य भारतविद्याविदों के (कुत्सित) उद्देश्य'। अपने इष्टमित्रों और प्रशंसकों के आग्रह पर पण्डित जी ने उपर्युक्त उद्देश्यों को कुछ विस्तार से लिखकर एक एक पुस्तिका का रुप दिया- Western Indologist : A story in motives. इसका हिन्दी रुपान्तर नवम्बर 1994 में वेदवाणी प्रत्रिका में प्रकाशित हुआ था। अब एक लम्बे समय से यह लेख अनुपलब्ध है। वर्तमान काल में इसकी उपयोगिता को देखते हुए इस पत्रिका में उस लेख के कुछ अंश प्रकाशित कर रहे हैं।)

संवत् 1814 में प्लासी युद्ध हुआ और उससे भारत का भाग्योदय निरुद्ध हो गया। बंगाल अंग्रेजों की प्रभुसत्ता में आ गया। सं. 1840 में विलियम जॉन्स को अंग्रेजी उपनिवेश फोर्ट विलियम का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया। उसने संवत् 1851 में विख्यात कवि कालिदास के प्रसिद्ध नाटक "शाकुन्तल" (विक्रमपूर्व चतुर्थ शताब्दी) का और 1741 में मनुस्मृति का अंग्रेजी में अनुवाद किया और उसी वर्ष उसकी मृत्यु हो गई। उसके पश्चात् उसके कनिष्ठ सहयोगी सर हेनरी थॉमस कोलब्रुक ने संवत् 1862 में "वेदों के विषय में" एक लेख लिखा।

विक्रम संवत् 1875 में अगस्ट विल्हेम वान श्लेगल जर्मनी के बान विश्वविद्यालय में संस्कृत का प्रथम प्राध्यापक नियुक्त हुआ। फ्रेड्रिक श्लेगल उसका भाई था। उसने संवत् 1865 में "हिन्दुओं का ज्ञान और भाषाएं" शीर्षक से एक पुस्तक लिखी। दोनों भाइयों ने संस्कृत के प्रति अत्यन्त प्रेम दर्शाया। एक अन्य संस्कृतज्ञ हर्व विल्हेम वान हम्बोल्ट, अगस्ट श्लेगल का सहयोगी बना, जिसके भगवद्गीता के संस्करण ने उसका ध्यान उसके (संस्कृत)अध्ययन की ओर आकर्षित किया। संवत् 1884 में उसने अपने मित्र को यह कहते हुए लिखा- 'संभवत: यह गम्भीरतम और उत्तम वस्तु संसार को दिखाने योग्य है'। उसी समय प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक आर्थर शोपनहार (सं. 1845-1917 वि.) ने संयोगवश उपनिषदों का लैटिन अनुवाद (1858-1859 वि.) पढ़ा, जिसको फ्रेंच लेखक आडक्वचिल ज्यू पेरों (1788-1862 वि.) में राजकुमार दारा शिकोह कृत (1722 वि.) सीरे-अकबर' महान् रहस्य-नामक फारसी अनुवाद से अनूदित किया था। वह उनके दर्शन से इतना प्रभावित हुआ कि उसने उनको 'सर्वोत्तम मानव बुद्धि की उपज' कहा और "लगभग अतिमानव अवधारणाएं" माना। उपनिषदों का अध्ययन उसके आत्मा का प्रेरणा का स्रोत और सुख का साधन था। और इस विषय में लिखते हुए वह कहता है कि-

"यह संतोषजनक और उन्नति-कारक अध्ययन (मूल पाठ के अपवाद सहित) है जो संसार में संभव है। यह मेरे जीवन के लिए शान्तिदायक है और मृत्यु के लिए भी शान्तिदायक" होगा। यह सुविदित है कि उपनिषद् सदा उसकी मेज पर खुली रखी रहती थी और शयन के लिए जाने से पूर्व वह इसका नियमित अध्ययन करता था। वह कहता था कि-संस्कृत साहित्य का प्रकाशन 'हमारी शताब्दी का सर्वोत्तम उपहार' है, उसने भविष्यवाणी की थी कि-उपनिषदों का दर्शन और ज्ञान पश्चिम का प्रियधर्म (विश्वास) बनेगा।

इस अभिरुचि का परिणाम- इस प्रकार के लेखन ने जर्मन विद्वानों को संस्कृत अध्ययन के लिए अधिकाधिक आकृष्ट किया और उनमें से अनेक विद्वान् भारतीय संस्कृति को अत्यन्त आदर से ग्रहण करने लगे।

प्रो. विन्टरनित्ज उनके आदर और उत्साह को निम्नलिखित शब्दों में वर्णित किया है–

''जब पाश्चात्य जगत् में सर्वप्रथम भारतीय साहित्य का परिचय हुआ तो लोग भारत से आने वाली प्रत्येक साहित्यकृति को अति प्राचीन काल की मानने के लिए प्रवृत्त हुए वे भारत को मानव जाति या कम से कम मानव सभ्यता को पालना सा समझने लगे''।

यह प्रभाव बिना किसी निमित्त के स्वाभाविक था। यह सत्य पर आधृत था और इससे इसमें कोई पक्षपात का तत्त्व नहीं थां भारतवर्ष के ऋषियों द्वारा प्रदत्त ऐतिहासिक तथ्य सत्य और अविच्छिन्न परम्परा पर आधृत थे। उनके दार्शनिक सिद्धान्त जीवन के स्रोत और रहस्यों में गहराई तक पैठे हुए थे और शाश्वत मूल्यों के सिद्धान्तों का प्रतिपादन करते थे। जब पश्चिमी लोगों ने प्रथम बार उनको जाना तो बहुत से उदार विद्वान् उनकी आश्चर्यजनक यथार्थता और गम्भीर विद्वत्ता से अत्यधिक प्रभावित हुए और किसी वर्ण या जाति के विचारों से प्रभावित न होकर वे अपने अपनी प्रशस्तियों में उदार थे। ईसाई देशों के ईमानदार लोगों की इस उत्साहयुक्त प्रशस्ति ने यहूदी और ईसाई प्रचारकों के दडबों (संकीर्ण मस्तिकों) में कम्पन उत्पन्न कर दिया। वे जैसे अपने धर्मग्रन्थ और परम्पराओं के वास्तविक आगमन के विषय में अनभिज्ञ थे, वैसे भारतवर्ष के धर्मग्रंथ एवं परंपराओं के विषय में भी। वे केवल कट्टरपालित ईसाईयत के आदेशों का अनुसरण करते थे, जिस ने उनको अन्य मान्यताओं के प्रति असहिष्णु बना दिया था। हमारे निष्कर्ष की यथार्थता हेन्रिश जिमर की निम्नाङ्‌कित टिप्पणी से प्रमाणित की जा सकती है–

''वह (शोपनहार) पाश्चात्त्य लोगों में प्रथम व्यक्ति था जिसने अनुपम शैली से उस यूरोपीय ईसाई वातावरण के विशाल मेघ विस्फोट में यह भाव अभिव्यक्त किया''।

कट्टर ईसाई और यहूदी अपने समान मान्यता न रखने वालों के प्रति कितनी शोध भावना से युक्त हैं ''यह रिलीजन ऑफ द सेमिट्रस'' के लेखक और फ्री चर्च कालेज अबर्डीन हिब्रू के प्राध्यापक रॉबर्टसन स्मिथ (1846-94 ई.) के भाग्य से स्पष्ट प्रतीत होता है। अपने वैज्ञानिक अनुसन्धान की निष्कपट और निर्भीक अभिव्यक्ति के कारण उसको जो दण्ड मिला वह लेवी स्पेंस के द्वारा निम्नलिखित शब्दों में सुवर्णित है–

''बाइबल पर विश्वकोश में प्रदत परंपराओं से मुक्त स्वरूप वाले लेख से परम्पराओं से विरुद्ध मान्यताओं के कारण उसके ऊपर अभियोग चला जिस से वह मुक्त हो गया। किन्तु अंग्रेजी विश्वकोश 1880 में अगले लेख हिब्रू लैंग्वेज एंड लिट्रेचर (हिब्रू भाषा और साहित्य) से उसको कॉलेज की प्राध्यापकी से मुक्त कर दिया गया''।

प्राथमिक कारण

यहूदी और ईसाई पक्षपात– प्राचीन यहूदी आर्यो के वंशज थे। उनकी मान्यताएं वही थीं। जो आर्यो की थी। जिस प्रथम मनुष्य को वे आदम कहते थे, वह मानव जाति का जन्मदाता ब्रह्मा था। ब्रह्मा के एक पर्यायवाची 'आत्मभू' शब्द से हिब्रू शब्द (आदम) निकला है। सृष्टि के आरम्भ में ''ब्रह्मा ने सारी वस्तुओं और प्राणियों का नामकरण किया। यहूदी परम्परा के अनुसार आदम ने भी वही किया– ''और आदम ने प्रत्येक जीवित प्राणी को जिस नाम से सम्बोधित किया वही उसका नाम हो गया। उत्तर काल में यहूदी अपने प्राचीन इतिहास और पुरखों को भूल गए और उनकी दृष्टि संकुचित हो गई। वे अपने आप को सभी जातियों से प्राचीनतम मानने लगे। किंतु 1654 ई. में आयरलैंड के आर्कबिशप अशर ने दृढ़ता से घोषणा की कि उसका प्राचीन धर्मग्रन्थ का अध्ययन

यह सिद्ध कर चुका है कि सृष्टि की रचना ईसा पूर्व 4004 में हुई। इसलिए पाश्चात्त्यों ने 17 वीं शताब्दी की समाप्ति से इस कालक्रम को स्वीकार किया और वे विश्वास करने लगे कि ईसा से 4004 वर्ष पूर्व आदम उत्पन्न हुआ।

उसके पश्चात् अधिकतर आधुनिक यहूदी और धर्मान्ध ईसाई एवं विशेषकर संस्कृत के प्राध्यापकों को इस दृष्टिकोण के अनुकूल बनने में कठिनाई हुई कि उनके द्वारा स्वीकृत आदम की तिथि से भी प्राचीन कोई सभ्यता अथवा जाति हो सकती है? उन्होंने अपने उदार बन्धु विद्वानों द्वारा स्वीकृत भारतवर्ष की सभ्यता और साहित्य की अति प्राचीनता और उससे भी अधिक मनुष्य की उत्पत्ति के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। इस गहरी जड़ों वाले पक्षपात की ओर संकेत करता हुआ ए. एस. साइस लिखता है-

''परन्तु जहां तक मनुष्य का संबन्ध है उसके इतिहास का काल अब तक हमारी बाइबल की सीमाओं में बंधा हुआ है। मनुष्य के अर्वाचीन प्रादुर्भाव का पुराना विचार अब तक उन क्षेत्रों में व्याप्त है जहां उसके पाने की न्यूनतम संभावना है और तथाकथित आलोचक इतिहासज्ञ आज भी मनुष्य के प्राचीनतम इतिहास की तिथियों को घटाने के प्रयत्न में अपने आपको व्यस्त किए हुए हैं। जो पीढ़ी इस धारणा को लेकर पालित-पोषित हुई है कि ईसा से लगभग 4004 वर्ष पूर्व अथवा उसके आस-पास में सृष्टि रची गई, उसके लिए यह विचार अकल्पनीय अविश्वसनीय है कि- मानव स्वयं 100000 वर्ष पूर्व विद्यमान था'।

यथेष्ट प्रमाण इस अन्तर्निहित पूर्वाग्रह के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए दिए जा सकते हैं किन्तु एक महान् नृवंशज्ञ का उपर्युक्त उद्धरण ही हमारे उद्देश्य के लिए पर्याप्त होगा।

यूरोप में संस्कृत का अध्ययन चल रहा था और विकसित हो रहा था और बहुत शीघ्र ही विद्वानों की मान्यताएं और निर्णय धर्मगुरुओं के द्वारा बढ़ाये हुए पारम्परिक पक्षपात के प्रभाव से दिग्भ्रष्ट हो गए। विक्रम संवत् 1858 1897 तक युजेन् बर्नुफ फ्रांस में संस्कृत प्राध्यापक के आसन पर विराजमान रहा। उसके दो जर्मन शिष्य थे- रुडोल्फ राथ और मैक्समूलर, जो बाद में यूरोपीय संस्कृत विद्वत्ता में ख्यातनामा हुए।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में संस्कृत की बोडन पीठ का उद्देश्य- संवत् 1890 में होरेस हेमन् विल्सन् ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में संस्कृत का बोडन प्राध्यापक बना। उसके उत्तराधिकारी प्रो. एम. मोनियर विलियम्स ने इस पीठ की स्थापना के उद्देश्य की ओर विद्वानों का ध्यान निम्नलिखित शब्दों में आकर्षित किया-

''मुझे इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करना है कि मैं बोडन पीठ का द्वितीय अधिकारी हूं और इसके संस्थापक कर्नल बोडन ने अपनी वसीयत में स्पष्ट रूप से निर्देश किया था कि उसके अत्यन्त उदार दान का मुख्य उद्देश्य है कि बाईबल आदि धर्म ग्रंथों के संस्कृत में अनुवाद को प्रोन्नत किया जाए, जिससे हमारे देशवासी भारतीय मूल लोगों को ईसाई धर्म में दीक्षित कराने में आगे बढ़ाने के लिए सक्षम बनें''।

पूर्वाग्रह ग्रस्त संस्कृत अध्यापक-

1. प्रो. विल्सन उत्तम स्वभाव वाला व्यक्ति था किन्तु जिस पीठ पर आसीन था उसके संस्थापक के उद्देश्यों के प्रति वह बद्ध था। इसलिए उसने 'द रिलीजियस एंड फिलोसोफिकल सिस्टम ऑफ हिंदूज'' (हिन्दुओं का धार्मिक और दार्शनिक तंत्र) पर एक पुस्तक लिखी और उस पुस्तक को लिखने के कारण बताते हुए वह कहता है- ''हिन्दू धर्म के प्रखरतम प्रत्याख्यान के लिए हेलबरी के वृद्ध निवासी और संस्कृत के महान् विद्वान् जॉन म्यूर द्वारा प्रदत्त 200 पाउंड के पुरस्कारार्थ प्रतियोगियों की सहायता हेतु ये भाषण लिखे गए हैं''।

इस उद्धरण द्वारा शिक्षित पाठक यह निर्धारण कर सकते हैं कि किस सीमा तक यूरोपीय विद्वत्ता का उद्देश्य वैज्ञानिक कहा जा सकता है, कहां तक उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त पक्षपात से रहित हो सकते हैं एवं विश्वसनीय कहला सकते हैं और उनका भारतीय सभ्यता और संस्कृति का चित्रण कहां तक सत्य हो सकता है?

2. इसी पक्षपात की भावना से प्रेरित होकर पूर्वोक्त विद्वान् रुडाल्फ राथ ने अपना शोध प्रबन्ध लिखा– ''जूर लिटरेचर अन्द गेशिथ देस वेदा'' ZUR LITERATUR AND GESCHICHETE DES VEDA जो वैदिक साहित्य और इतिहास पर औपचारिक विवेचन है। 1909 वि. में उसका यास्कीय निरुक्त का संस्करण प्रकाशित हुआ। वह अपनी जर्मन प्रतिभा और निज अध्ययन पर अत्यधिक गर्वित था। उसने दावा किया कि– वैदिक मन्त्रों का अनुवाद निरुक्त की अपेक्षा कहीं अच्छा जर्मन भाषा–विज्ञान की सहायता से किया जा सकता है। राथ ने अन्य बहुत सी बातें इस अहंकार वृत्ति से लिखी हैं।

3. **डब्लू. डी. व्हिट्ने** के लेखन में भी वैसा ही अहंकार प्रकाशित होता है, जो दावा करता है– वेदों को यथार्थ रूप में समझने के लिए एकमात्र 'जर्मन संप्रदाय' के सिद्धान्त ठीक–ठीक मार्गदर्शन कर सकते हैं।

4. **मैक्समूलर**– मैक्समूलर राथ का सहपाठी था। अपने गुरु की छाप के अतिरिक्त लार्ड मैकाले के साथ की मैक्समूलर की 28 दिसंबर 1855 ई. में हुई भेंट ने उसके भारत विरोधी दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैक्समूलर को 1 घंटे तक मौन बैठना पड़ा, जबकि इतिहासज्ञ (मैकाले) अपनी परस्पर विरोधी मान्यताओं की बौछार करता रहा और फिर अपने भेंटकर्त्ता (मैक्समूलर) को निरस्त कर दिया जो एक सामान्य शब्द बोलने का निष्फल प्रयत्न कर रहा था। मैक्समूलर लिखता है– ''मैं अत्यन्त शोकाकुल और बुद्धिमत्तर व्यक्ति के रूप में आक्सफोर्ड लौटा''।

दो कारणों से मैक्समूलर का नाम भारतीय लोगों को अच्छे प्रकार से विदित्त हुआ। प्रथम वह बहुत सी पुस्तकों का रचयिता था, द्वितीय महान् विद्वान् स्वामी दयानन्द सरस्वती ने अपनी जनसभा के भाषणों और लेखनों में उसके दृष्टिकोण की कठोर आलोचना की। मैक्स मूलर की मान्यताओं का मूल्य उसके निम्नलिखित कथनों से आंका जा सकता है

1. इतिहास सिखाता प्रतीत होता है कि सम्पूर्ण मानव जाति को ईसाइयत के सत्यों को पूर्णतः स्वीकार कर सकने से पूर्व क्रमिक शिक्षा की अपेक्षा है। उच्चतर सत्य के प्रकाश की तत्कालिक स्वीकृति का सामना करने से पूर्व मनुष्य की सभी भ्रान्तियों का विनाश करना होगा। विश्व के प्राचीन धर्म निसर्ग का दुग्ध मात्र थे, जिसका स्थान उचित समय में जीवन के पोषक आहार को लेना था। बौद्ध धर्म आर्यों के संसार की सीमाओं से परे फैला है, और हमारे मर्यादित दृष्टिकोण के अनुसार मनुष्य जाति के विशाल भाग में ईसाइयत के आगमन को रोकता हुआ प्रतीत हो सकता है। परन्तु उस (प्रभु) की दृष्टि में जिसके लिए एक सहस्र वर्ष केवल एक दिन के तुल्य होता है वह धर्म विश्व के प्राचीन धर्मों के तुल्य अपने ही दोषों से, ईश्वरीय सत्य के लिए मानव हृदय में स्थित अनिर्मूलनीय उत्कण्ठा को सुदृढ एवं गहरा करने के माध्यम से सहायता करते हुए ईसा के मार्ग को प्रशस्त करने में सहायक हो सकता है।
2. ''वैदिक सूक्तों की बड़ी संख्या अत्यन्त बालिश, अरुचिकर, निम्न और तुच्छ हैं''।
3. ''नहीं वे (वेद) साधारण, नैसर्गिक, बालिश विचारों के साथ, बहुत सी ऐसी कल्पनाओं से युक्त हैं, जो हमें

आधुनिक अथवा द्वितीय श्रेणी अथवा तृतीय श्रेणी की प्रतीत होती हैं''।

विश्व के प्राचीनतम और उच्च वैज्ञानिक पवित्र ग्रन्थ के प्रति ऐसे पाखण्ड पूर्ण अपशब्द केवल हठधर्मी (सच्चे नहीं) ईसाई, नीच अज्ञानी या अपवित्र नास्तिक के मुख से ही निकल सकते हैं। मैक्समूलर ईसाईयत को छोड़कर प्रत्येक अन्य धर्म का कट्टर विरोधी था जिसको वह अविकसित समझता था। उसकी धार्मिक असहिष्णुता जर्मन विद्वान् डॉ. स्पीगल के इस दृष्टिकोण के तीव्र खण्डन से स्पष्ट है कि बाइबिल का सृष्टि-उत्पत्ति का सिद्धान्त ईरानी धर्म से ग्रहण किया गया था। इस कथन से आहत होकर मैक्समूलर लिखता है-

''स्पीगल जैसे लेखक को जानना चाहिए कि वह दया की आशा नहीं सकता। नहीं, उसे स्वयं दया की इच्छा भी नहीं करनी चाहिए अपितु बाइबल की आलोचनाओं के तूफानी समुद्र में गोले बरसाने वाला जो जलपोत उसने उतारा है उसके विरुद्ध गोलों की भारी बौछार को निमन्त्रित करना चाहिए''। (आश्चर्य से कहना पड़ता है कि हमारा इतिहास डॉक्टर स्पीगल के सत्य दृष्टिकोण का इस सीमा तक समर्थन करता है कि बाइबल के वचन ईरान, बेबीलोन और मिश्र के धर्म-ग्रन्थों से ग्रहण किए गए थे जो विश्व के प्राचीन इतिहास के अनुसार, क्रमशः वैदिक स्रोतों से ग्रहण किए गए थे)।

एक अन्य स्थान पर वही पाश्चात्त्य 'वैज्ञानिक' वैदुष्य का भक्त कहता है- ''ऐसा होने से भी निर्णय करने में सर्वथा समर्थ बहुत से लोग पारसियों के मत-परिवर्तन की विश्वास पूर्ण प्रतीक्षा करते हैं तो इसका कारण यह है कि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर वे अनजाने ही ईसाईयत के शुद्ध सिद्धान्त के निकट पहुंच चुके हैं। उन्हें जेंदा-अवेस्ता पढ़ने दीजिए जिसमें वे विश्वास की शपथ लेते हैं और वे पाएंगे कि उनका विश्वास अब यस्न (यज्ञ) वेंडीड, विस्पड, में नहीं है। ऐतिहासिक स्मृति चिन्ह के रूप में ये कृतियां यदि समीक्षात्मक रूप से भाषान्तरित की जाए तो प्राचीन विश्व के विशाल पुस्तकालय में सर्वदा महत्वपूर्ण स्थान धारण करेंगी। इस युग में धार्मिक, विश्वास की दिव्य वाणी के रूप, में वे निष्प्राण और कालगणना-भ्रम मात्र है''।

सरसरी दृष्टि से पढ़ने वाला भी ईसाई धार्मिक उन्माद का प्रसार इन पंक्तियों से गुजरते हुए देख सकता है। यदि मैक्समूलर जैसे हठधर्मी व्यक्ति की लेखनी से भारतीय सभ्यता की कदाचित् प्रशस्ति निकल सकी है, तो वह संस्कृति की अनुपम महत्ता के कारण है।

मैक्स मूलर और जैकालियट - चन्द्रनगर में मुख्य न्यायाधीश फ्रांस के विद्वान लूई जकालियट् ने संवत् 1926 में एक पुस्तक लिखी जिसका नाम था 'ला बोब्ल दां लेन्द'। अगले वर्ष उसका अंग्रेजी अनुवाद भी छपा। उस पुस्तक में सुपठित लेखक ने यह स्थापना प्रस्तुत की संसार में सभी प्रमुख विचारधाराएं प्राचीन आर्यों की विचारधारा से निकली है। उसने भारतवर्ष को 'मानवता का दौला कहा है।

'हे प्राचीन भारत की भूमि! मानव के 'दोला'! धन्य हो! धन्य पूज्य मातृभूमि जिसको शताब्दियों तक चलने वाले नृशंस आक्रमण अब तक विस्मृति की धूल के नीचे नहीं दबा सके! धन्य है विश्वास प्रेम, काव्य और विज्ञान की पितृभूमि हम तेरे अतीत का पुनरुज्जीवन अपने पाश्चात्य भविष्य में स्वागत करें!'

इस पुस्तक ने मैक्समूलर को मर्माहत कर दिया और उसने इसकी समीक्षा करते हुए कहा ''ग्रन्थ -कार भारतीय ब्राह्मणों के धोखे में आ गया प्रतीत होता है।''

मैक्स मूलर के पत्र- व्यक्तिगत पत्र लेखक के अन्तर्मन का यथार्थ चित्र प्रस्तुत करते हैं। व्यक्ति जिन पत्रों को

अपने सम्बंधी और मित्रों को लिखता है, उनमें अपने अन्तरतम भावों को व्यक्त कर देता है। इस प्रकार के पत्र उसके सच्चे स्वभाव और चरित्र के मूल्यङ्कन में अत्यन्त सहायक होते हैं।

सौभाग्य से **''लाइफ एंड लेटर्स ऑफ फ्रैडरिक मैक्समूलर''** नामक संग्रह दो खण्डों में प्रकाशित किया जा चुका है। उन पत्रों में से कुछ उद्धरण उस व्यक्ति के मनोभाव को प्रकाशित करने में पर्याप्त होंगे, जो पश्चिम में अपने संस्कृत ज्ञान और निष्पक्ष निर्णयों के लिए अत्यन्त आदर से देखा जाता है।

अ) 1866 ई.(विक्रम् संवत् 1923) के पत्र में वह अपनी पत्नी को लिखता है- 'यह मेरा संस्करण और वेद का अनुवाद उत्तर काल में भारत के भाग्य को बड़ी सीमा तक प्रभावित करेगा- यह उनके धर्म का मूल है और मैं यह निश्चित अनुभव करता हूं कि उन्हें यह दिखाना कि मूल क्या है, उस सबको उखाड़ फेंकने का ही एकमात्र मार्ग है, जो उस (मूल) से गत तीन हजार वर्षों में उत्पन्न हुआ है।'

आ) एक अन्य पत्र में वह अपने पुत्र को लिखता है-

क्या तुम संसार में सबसे उत्तम किसी पवित्र पुस्तक को बताओगे? मैं कहता हूं- 'नया विधान' है। उसके बाद मुझे कुरान को रखना चाहिए जो अपनी नैतिक शिक्षाओं की दृष्टि से 'नये विधान' के उत्तरकालीन संस्करण की अपेक्षा कठिनाई से ही अधिक है। उसके पश्चात्त अनुगमन करते हैं- पुराना विधान दाक्षिणात्य त्रिपिटक .... वेद और अवेस्ता''।

इ) 16 दिसंबर 1868 ई. (संवत् 1925) को वह भारत के लिए मन्त्री डयुक् आर्फ आरगाइल को लिखता है-

भारत का प्राचीन धर्म नष्ट हो चुका है और यदि ईसाईयत प्रवेश नहीं करती है तो यह किसका दोष होगा?

ई) 29 जनवरी 1888 को उसने (संवत् 1939) को उसने बैरमजी मालाबारी को लिखा-

''मैं केवल ईसाई के रूप में अथवा यूरोपियन के रुप में नहीं, किन्तु ऐतिहासिक दृष्टिकोण से यह बताना चाहता था कि इस प्राचीन धर्म का वास्तविक ऐतिहासिक मूल्य क्या है। परन्तु इसमें वाष्पयन्त्र विद्युत् और यूरोपियन दर्शन-शास्त्र एवं नैतिकता का अन्वेषण करें, तो आप इसको इसके वास्तविक स्वरुप से वञ्चित करते हैं''।

यहां पर मैक्स मूलर वैदिक धर्म के सच्चे ऐतिहासिक मूल्य को जानने का दावा करता है, परन्तु हमारा इतिहास उस ज्ञान और विद्वता की शून्यता को व्यक्त करने जा रहा है जिस पर ये और इनके साथी अधिकार करने का अहङ्कार करते हैं।

5. **वेबर का पक्षपात-** जिस समय इंग्लैंड में मैक्समूलर भारतीय साहित्य और धर्म की कीर्ति को मलिन करने में व्यस्त था उसी समय जर्मनी में अल्बर्ट बेबर इसी निन्दनीय कार्य के लिए अपने आप को समर्पित कर रहा था। हाबोल्ट द्वारा की गई भगवद्-गीता की अपरिमित प्रशंसा का उल्लेख हम पूर्व कर चुके हैं। बेबर इसको सहन नहीं कर सका। उसने यह स्वतः सिद्ध मान लेने का साहस किया कि- महाभारत और गीता ईसाई विचारों से प्रभावित है। देखिए वह क्या लिखता है-

''संपूर्ण ग्रंथ में व्याप्त कृष्ण संप्रदाय का विशेष रूप ध्यान देने योग्य है। ईसाई व्याख्यान विषय और अन्य

पाश्चात्य प्रभाव निसंदेह विद्यमान है''।

दो अन्य पाश्चात्य विद्वानों लारिन्सर और ई. वाशबर्न हाप्किन्स- ने वेबर के दृष्टिकोण का जोरदार समर्थन किया।

परन्तु यह विचार इतना अधिक विवेकशून्य था कि- यूरोपीय विश्वविद्यालयों के अधिकतर प्राध्यापकों ने अपने ईसाई झुकाव के बावजूद इसे स्वीकार नहीं किया। किन्तु इस मिथ्या विचार के प्रसार ने अपनी शरारत (प्रतिपक्षियों) कर ही दी और यही विचार पश्चिमी विद्वानों सहित महाभारत का समय ईस्वी संवत् से पूर्व निर्धारित करने में संभ्रम के लिए मुख्यत: उत्तरदायी हुआ।

वेबर और बंकिमचंद्र- इस विचार की स्वीकृति में मैं अकेला नहीं हूं। सुप्रसिद्ध बंगाली विद्वान् बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय भी अपने कृष्णचरित्र में वेबर के विषय में यह कहने को विवश है-

''विख्यात वेबर निसंदेह विद्वान् था, परंतु मैं यह सोचने के लिए बाध्य हुआ हूं, कि वह भारत के लिए एक अशुभ क्षण था जब उसने संस्कृत पढ़ना आरम्भ किया। कल के जर्मन बर्बरों के वंशज भारत की प्राचीन कीर्ति से अपने आप को समन्वित नहीं कर सके। इसलिए उनका तत्परता-पूर्ण उद्योग यह सिद्ध करने के लिए था कि भारतीय सभ्यता का प्रादुर्भाव अपेक्षाकृत अधुनातन है। वे अपने आप को इस विश्वास में समर्थ नहीं बना सके कि- महाभारत ईसा के जन्म से शताब्दियों पूर्व रचा गया।''

वेबर और गोल्डस्टुकर- वेबर और बोथलिंग ने 'संस्कृत वारतेर बुख' नामक संस्कृत भाषा का शब्दकोश तैयार किया। प्रोफेसर कुह्न भी उसके सहायकों में से एक था। प्रधानत: मिथ्या और काल्पनिक भाषा विज्ञान के सिद्धान्तों पर आधृत यह ग्रन्थ अनेक स्थानों पर अशुद्ध अर्थों से परिपूर्ण है, इसलिए अविश्वसनीय और भ्रामक है। दु:ख है कि निपट पक्षपात के कारण बहुत-सा श्रम व्यर्थ किया गया। वह शब्दकोश प्रोफैसर गोल्डस्टुकर की तीव्र आलोचना का विषय बना जिसने दोनों संपादकों को पीड़ित किया। वेबर इतना दु:खी हुआ कि वह गोल्डस्टुकर के विरुद्ध तुच्छ प्रकार की अपशब्दात्मक भाषा के प्रयोग पर उतर आया। उसने कहा कि गोल्डस्टुकर के 'वारतेर बुख' शब्दकोश संबन्धी विचार ''उसकी मानसिक शक्ति के पूर्ण व्यक्तिकम'' को प्रदर्शित करते हैं, क्योंकि उसने सर्वश्रेष्ठ हिन्दू विद्वानों की प्रामाणिकता का स्वच्छन्दता से और सरलता से प्रत्याख्यान नहीं किया। उनके महत्त्वहीन आक्रमणों का उत्तर देते हुए गोल्डस्टुकर ने प्रोफेसर राथ बोथलिंग, वेबर और कुह्न के षड्यंत्र का पर्दाफाश किया जो उन्होंने प्राचीन भारत के गौरव को सुरंग लगाने के लिए रचा था। उसने लिखा-

''वस्तुत: प्रथम अवसर में ही यह दर्शाना मेरा कर्तव्य होगा कि बोथलिंग पाणिनि के सरल नियमों को भी समझने में असमर्थ है, कात्यायन के नियमों को समझने में उससे भी कम और शास्त्रीय ग्रन्थ को समझने के लिए उनके नियमों के प्रयोग के विषय में तो और भी कम समर्थ है। शब्दकोश के तत्संबन्धी विभाग में इतनी अधिक त्रुटियां है कि- वह प्रत्येक गम्भीर संस्कृतज्ञ को तब निराशा से भर देगा जब वह (संस्कृतज्ञ) उन त्रुटियों के कारण संस्कृत भाषा विज्ञान के अध्ययन पर अवश्य पड़ने वाले दुष्प्रभाव का आकलन करेगा।

वह आगे टिप्पणी करता है कि ''जिन समस्याओं का बहुत ही सावधानी से समाधान किया जाना चाहिए था और जिनका समाधान परिश्रमपूर्ण अनुसन्धान के बिना नहीं किया जा सकता था उनके 'वारतेर बुख' में अत्यन्त अनधिकृत ढंग से तुच्छ बना दिया गया है।''

बोथलिंग के पक्ष के व्यक्तियों में से एक ने गोल्डस्टुकर से 'पाणिनि' के संपादक' (बोथालिंग) के प्रति

न केवल आदर प्रकट करने अपितु गुप्त कारणों से उसकी सर्वविध भयंकर भूलों को प्रमाणिक यथार्थ के रूप में जनता में प्रचलित करने की प्रार्थना की।

हम जानते हैं कि उनके उस ईसाई और यहूदी पक्षपात के अतिरिक्त अन्य कोई गुप्त कारण नहीं थे, जो हिन्दू वैयाकरणों की यथार्थ सूचना को दबाने के लिए और आर्य संस्कृति एवं सभ्यता के अवमूल्यन एवं कलंकित करने के लिए और साथ ही साथ इसी उद्देश्य के लिए ब्रिटिश शासन के साधन के रूप में कार्य करने के लिए उनको प्रोत्साहित करता था।

प्रोफेसर कह्न जिसने 'वारतेर बुख' के विषय में अपना मत प्रकट किया था, ऐसा व्यक्ति था जिसका संस्कृत अध्ययन से मात्र इतना संबन्ध था कि वह संस्कृत जानने वालों को संस्कृत की पुस्तकें हस्तगतं कराता था। वह साहित्यिक दृष्टि से शून्य था, पूर्णत: अज्ञात था, परन्तु प्रेरक संख्यायुक्त परिमाण (उपाधियों एवं पद) का अहंकार पाले हुए था। वह व्यक्ति उसके मित्रों के अनुसार संस्कृत से पूर्णत: अनभिज्ञ था।

प्रामाणिक हिन्दू परम्परा के अनधिकारिक उपहास से उकसाया गया गोल्डस्टुकर 'वैज्ञानिक' विद्वानों के वेश में छदम्‌वेशी धूर्त मिथ्या प्रचारको के संघ के विरुद्ध अपनी दुर्बल किन्तु एकल आवाज़ उठाने के लिए विवश हुआ था। वह अपने परिश्रम पूर्ण ग्रन्थ का उपसंहार निम्नलिखित अर्थपूर्ण टिप्पणी के साथ करता है।

''जब मैं देखता हूं कि अतिविशिष्ट और उच्च शिक्षित हिन्दू विद्वान् और दिव्य पुरुष-अत्यन्त महत्वपूर्ण और कदाचित् प्राचीन भारत के एकमात्र ज्ञान स्रोत-सिद्धांत रूप से तिरस्कृत किए जाते हैं, लिखित रूप से खंडित किए जाते हैं और परिणामत: वैदिक ग्रन्थों का अनुवाद करते समय अलग रख दिए जाते हैं; .... जब इस प्रकार के विवरण वाले संस्कृतज्ञों का एक दल हिन्दू प्राचीनता के आरंभ में विद्यमान वेदार्थ को बताने का अहंकार करता है, जब मैं विचारता हूं कि संस्कृत भाषा विज्ञान के अध्ययन की इस पद्धति का अनुसरण वे लोग करते हैं जिनके शब्द स्पष्टत: उनके द्वारा प्राप्त व्यवसायिक पद से बल और प्रभाव को ग्रहण करते हैं, तब मैं मानता हूं कि यदि संस्कृत भाषाविज्ञान के इन क्रूर प्रतिशोधको का विरोध न करूं, तो यह मेरे साहस की कमी और कर्तव्य का त्याग होगा''।

मोनियर विलियम्स जिसने बॉर्डर पीठ की स्थापना के वास्तविक उद्देश्य को प्रकट किया स्वयम् इस प्रकार कहता है-

''इसलिए ब्राह्मणवाद को अवश्य नष्ट होना चाहिए। वस्तुत: अति सामान्य वैज्ञानिक विषयों से संबद्ध मिथ्या विचार इसके सिद्धान्त के साथ इतने मिश्रित हो गए हैं कि सामान्यतम शिक्षा-भूगोल विषयक सरलतम पाठ-ईसाईयत की सहायता के बिना इसकी नींव को अन्तत: अनिवार्य रूप से उखाड़ फेंकने में समर्थ होने चाहिये''।

''जब ब्राह्मणवाद के सुदृढ़ दुर्ग की दीवारें चारों ओर से घेर ली गई है सुरंगे लगा दी गई है और अन्तत: ईसा के सैनिकों (पादरियों) ने अन्तिम धावा बोल दिया है अत: ईसाईयत की विजय असाधारण और पूर्ण होगी।

इसलिए हम यह निष्कर्ष निकालने में युक्त हैं कि उसकी पुस्तक ''दि स्टडी ऑफ संस्कृत इन रिलेशन टू मिशनरी वर्क इन इंडिया''। भारत में मिशनरी कार्य से सम्बद्ध संस्कृत का अध्ययन 1861 ई. लन्दन ईसाइयत को प्रोन्नत करने और हिन्दुत्व को नष्ट करने के मूलभूत उद्देश्य से लिखी गई। इसके बावजूद हमारे कुछ भारतीय

संस्कृत विद्वान् इन यूरोपीय विद्वानों को संस्कृत साहित्य के निष्पक्ष अध्येता कहते हैं, जिनका मूलभूत उद्देश्य ज्ञान मात्र के लिए ज्ञानर्जन करना रहा है।

पुनः बाइबल के प्रति अन्तर्निहित अपने बद्धमूल आदर को व्यक्त करते हुए मोनियर विलियम्स लिखता है- ''बाइबिल यद्यपि सत्य दैव प्रकाशन है''

रुडाल्फ हार्नलि- रुडाल्फ हार्नलि संवत् १६२६ मे बनारस के क्वींस कॉलेज का प्रिंसिपल था। उसी समय महर्षि दयानन्द सरस्वती का, जिन्होंने उत्तर काल में आर्य समाज की स्थापना की- अपने मिशन के विस्तार के लिए प्रथम बार बनारस में आगमन हुआ। डॉक्टर हार्नलि कई अवसरों पर स्वामी दयानंद से मिला। उसने स्वामी जी पर एक लेख लिखा जिससे निम्नलिखित उद्धरण उल्लेखनीय हैं क्योंकि यह उन अनेक यूरोपीय विद्वानों की यथार्थ अभि-संधि को व्यक्त करता है जिन्होंने संस्कृत और भारतवर्ष की प्राचीन धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन किया। हार्नलि कहता है-

वह (दयानन्द)हिन्दुओं को संभवतः यह विश्वास दिला सकता है कि उनका आधुनिक हिन्दुत्व सर्वथा वेदों के विरुद्ध है। यदि एक बार उन्हें इस मौलिक भूल का पूर्ण विश्वास हो जाए तो वह निःसन्देह तत्काल हिन्दुत्व को छोड़ देंगे, वे वैदिक अवस्था की ओर नहीं लौट सकते, जो अब मृत और अतीत हो गई है और पुनः जीवित नहीं होगी। बाद में थोड़ी बहुत नवीनता अवश्य आएगी। हमें आशा है कि वह ईसाईयत हो सकती है''।

रिचर्ड गार्बे- एक जर्मन संस्कृतज्ञ था जिसने बहुत से संस्कृत ग्रंथों का संपादन किया था। इनके अतिरिक्त उसने 1914 ई. में मिशनरियों के लिए एक पुस्तक लिखी जिसका शीर्षक था- ''इन्देन अन्द दास क्रिश्चियन तुम'' (प्दकपंद ंदक कें बेतपेजमद जनउ) इस पुस्तक में उसका मतवादी पक्षपात स्पष्ट झलकता है।

9. **विन्टरनित्ज-**उपरि-वर्णित प्रकार के पश्चिमी संस्कृत विद्वानों में अपने निज दर्शन एवं धर्म की श्रेष्ठता और अपने निज निष्कर्षो की स्थिरता का अहंकार इतना बद्धमूल है कि वे जनता के समक्ष निर्लज्जता से उसे अभिव्यक्ति देने में किसी संकोच का अनुभव नहीं करते। शोपनहार की उपनिषदों के दर्शन की आदरपूर्ण प्रशंसा ने, जिसको भारतीय लेखकों ने बहुधा उद्धृत किया है।- यूरोपीय-विद्वानों के हृदय में पीड़ा उत्पन्न की। 1925 ई. तक के उत्तर काल में प्रो. विन्टरनित्ज ने शोपनहार के सत्य और हार्दिक विचारों को निम्नाङ्कित शब्दों में खंडित करना अपना कर्तव्य समझा-

''तो भी मैं विश्वास करता हूं कि वह उन्मत्त अतिशयोक्ति हैं जब शोपनहार कहता है-''उपनिषदों की शिक्षा मनुष्य के सर्वोच्च ज्ञान और बुद्धि के फल'' को दर्शाती है और उसमें लगभग अतिमानव अवधारणाएं विद्यमान है जिनके आविष्कर्ता कठिनाई से ही मनुष्य समझे जा सकते हैं।''

उपनिषदों संबन्धी अपनी इस निन्दा से संतुष्ट न होकर उसने वेदों की महत्ता को भी तिरस्कृत करने का साहस यह कहते हुए किया-

''यह सत्य है कि इन सूक्तों के रचनाकर कदाचित् ही यहूदियों के धार्मिक काव्य की उच्च उड़ानों और गंभीर भावनाओं तक पहुंच पाते हैं।''

यह कलंकित करने का कार्य केवल संस्कृत विद्वानों तक ही सीमित नहीं रहा है यह विज्ञान के क्षेत्र में भी स्रवित हुआ। प्राचीन हिन्दुओं के यथार्थ एवं नानाविध वैज्ञानिक ज्ञान के विषय में एक शब्द भी नहीं जानने

वाला सर विलियन् सेसिल् डैम्पियर लिखता है-

“संभवत: अन्य विज्ञानों (दर्शन एवं भेषज के अतिरिक्त) को भारतीय योगदान की अल्पता अंशत: हिन्दू धर्म के कारण हो सकती है”।

लौकिक साहित्य में भी हिन्दुत्व के प्रति द्वेष का चरमोत्कर्ष आगे वर्णित जैसी बहुत ही शरारत भरी उत्तेजक टिप्पणियों में देखा जा सकता है-

हिन्दू धर्म भारत के लिए अभिशाप है। 20 करोड़ से अधिक लोग पौराणिक कथाओं के वानर-मिश्रण पर विश्वास करते हैं, जो राष्ट्र का गला घोट रहा है। भारत में जो कोई ईश्वर प्राप्ति की उत्कट इच्छा करता है, वह शीघ्र ही अपना दिल और दिमाग दोनों खो देता है।

मुंबई का प्रो. मैकेंजी भारतीय नीतिशास्त्र को दोषयुक्त अतार्किक, असामाजिक किसी भी दार्शनिक आधार से रहित तपस्या एवम् कर्मकाण्ड के घृणास्पद विचारों से निष्फल और ‘यूरोप की उच्चतर आध्यात्मिकता’ की अपेक्षा सर्वथा हीन पाता है। वह अपनी पुस्तक “हिन्दू एथिक्स” का अधिकतर भाग अपनी इस प्रतिज्ञा के समर्थन में अर्पित करता है और इन विजय निष्कर्षो पर पहुंचता है कि हिंदू दार्शनिक विचार ‘जब तर्कपूर्ण रीति से विनियुक्त किए जाते हैं तो नीतिशास्त्र के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ते’ और वे ‘सुदृढ़ नैतिक जीवन के विकास को’ अवरुद्ध करते हैं।

जो प्रशासन भारत की मित्रता और सहानुभूति को प्राप्त करने के लिए उत्सुक है, उसके लिए यह गम्भीर भूल का विषय है कि रिप्ले जैसे व्यक्ति के ऐसे घृणित प्रकार के साहित्य को प्रकाशित करने की अनुमति देता है। और यह पुन: पश्चात्ताप का विषय है कि ऐसी पुस्तकों पर वे चाहे भारत में प्रकाशित हुई हों अथवा बाहर हमारे राजनेताओं द्वारा ध्यान नहीं किया जाता है और हमारी राष्ट्रीय सरकार के द्वारा प्रतिबन्ध नहीं लगाया जाता है। न केवल हमारी सरकार ही इस प्रकार के मिथ्या निन्दात्मक साहित्य पर प्रतिबन्ध के प्रति उपेक्षा भाव रखती है, अपितु हमारे विश्वविद्यालय भी न केवल व्यवस्था करते हैं अपितु भारतीय इतिहास और संस्कृति के विषय में उच्च अध्ययन के लिए उन विदेशी लेखकों द्वारा लिखित पुस्तकों की अनुशंसा भी करते हैं, जो खुले रूप से या अत्यन्त चातुर्यपूर्ण ढंग से हमारी सभ्यता को कलङ्कित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।

जिस देश के ब्राह्मणों से संपूर्ण विश्व नैतिकता और चरित्र के नियमों की शिक्षा लेता था, उसके नीतिशास्त्र पर मैकेंजी जैसों की टिप्पणियां एवं घृणास्पद वचन और राष्ट्रीय अपमान से कम नहीं है। स्थिति का व्यङ्ग यह है कि निन्दा किए जाने के स्थान पर ऐसे लोग हमारे शिक्षाविदों से और राजनीतिक नेताओं से मान्यता और सम्मान प्राप्त करते हैं।

प्राय: भारतीय विद्वान् और राजनेता इस पक्षपात से अनभिज्ञ- हमने इस प्रकार के पाश्चात्त्य विद्वानों की मानसिकता को पर्याप्त प्रकट किया है। उन्होंने अपनी सरकारों और भारत की अंग्रेजी सरकार से भी विपुल आर्थिक सहायता प्राप्त की जिसे उन्होंने स्वच्छन्द रूप से ऐसे लेख पुस्तिका और ग्रन्थों को लिखने में वह किया, जो उनके प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण को धूर्तत्तापूर्ण और छद्मपद्धति से प्रचार करते हैं।

उनका अवधान पूर्ण प्रयत्न यह था कि वे अपने को समर्पित न करें और अपनी विद्वत्ता, और निष्पक्षता के वेश में भारतवर्ष के लोगों और संसार को पथभ्रष्ट करें। यदि स्वामी दयानन्द सरस्वती उनकी दृष्टता पूर्ण योजनाओं को निर्दयतापूर्वक उद्घाटित करके उनके हवाई किलों को ढहा न देते तो वे अपने कार्य में सुसफल हो जाते।

स्वामी जी अद्वितीय व्यक्तित्व साहस तीक्ष्ण-बुद्धि, दूरदृष्टि और गंभीर चिंतन से युक्त पुरुष थे। वे अपने समय के बहुत से यूरोपीय विद्वानों के संपर्क में आए। वे जार्ज बूलर, मोनियर-विलियम्स, रूडाल्फ हार्नलि, थोबो और अन्य विद्वानों से मिले थे, जिन्होंने ईसाई उत्साह से संस्कृत अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य किया। वह सर्वप्रथम व्यक्ति थे जिनकी सूक्ष्म दृष्टि उनके अनुसंधान कार्य के दूरगामी उद्देश्यों को देखने में विफल नहीं हो सकी भले ही भारतवर्ष के सामान्य लोग और सरकारी सेवा में लगे हुए प्रायः उच्च शिक्षित व्यक्ति उन (पाश्चात्यों) के तथाकथित अति गम्भीर वैदुष्य कठोर पक्षपात रहितता का वैज्ञानिक और उदार दृष्टिकोण से मोहित हो गए थे। उन्होंने उचित समय पर इस देश के लोगों को चेतावनी दी और उनको इन मिथ्या विद्वानों और गुप्त मिशनरियों के पंजों से बचाने में अत्यधिक सफल हुए।

हमने पाश्चात्य विद्वानों की कई पीढ़ियों द्वारा निर्मित किया हुआ लगभग सारा साहित्य पढ़ा है और खुले दिमाग से उसका गम्भीर विवेचन किया है। हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इन विद्वानों में से अधिकांश लेखकों में निश्चित रूप से ईसाईयत पूर्वाग्रह का रङ्ग है जो उस संपूर्णता का अवमूल्यन न करने के लिए उत्तरदायी है जो भारतवर्ष में महान् है। इन लेखकों का चरम उद्देश्य अत्यन्त धूर्ततापूर्ण ढंग से इस देश के लोगों के दिमाग में उनके धर्म और संस्कृति की हीनता को स्थापित करके उन्हें ईसाईयत में दीक्षित करना प्रतीत होता है।

परन्तु सत्य अधिक काल तक छिप नहीं सकता। अब भारतवर्ष के कुछ आधुनिक विद्वानों ने भी कुछ सीमा तक यूरोपीय विद्धता के पतले आवरण में से यद्यपि गहराई से नहीं देखना आरंभ किया है जैसे-

प्रो. वी. रंगाचार्य लिखता है- मिश्र या मेसोपोटामिया की तिथियों को स्वच्छन्दता पूर्वक प्राचीनतम-न्यूनतम 5000 वर्ष तक पीछे जाने वाली तिथियां- और इस आधार पर कि भारत उनका ऋणी है प्राचीन भारत की तिथियों को यथासंभव अर्वाचीनतम मानने में लगभग सभी अंग्रेज और अमेरिकन विद्वानों ने असीम शरारतें की हैं।

मद्रास विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग अध्यक्ष श्री नीलकण्ठ शास्त्री को, यद्यपि वह अनेक अस्थानीय पाश्चात्त्य सिद्धांतों का समर्थक था, लिखना पड़ा- 19वीं शताब्दी के प्रकाश में यूरोप का पूर्वाग्रह भारतीय समाज और भारतीय इतिहास की समालोचना के अतिरिक्त और क्या है? यह समालोचना अंग्रेजी शासन और यूरोपीय मिशनरियों के आरंभ की थी और ''लासेन'' के उच्च पाण्डत्य से अच्छी प्रकार से प्रकाशित हो रही है। 19 वीं शताब्दी के आरम्भ में जर्मनी की अपूर्ण अभिकांक्षाओं ने लासेन के विचारों को आकार देने में निश्चित रूप से अंशदान किया था।

भारत सरकार के भूतपूर्व शिलालेख विद्वान् श्री सी.आर. कृष्णमाचारुलु ने पाश्चात्त्य विद्वानों के दूरगामी उद्देश्यों को अनुभव करके अधिक दृढता से अपने विचारों की अभिव्यक्ति की है। वह लिखता है-

'ये लेखक सांस्कृतिक सहानुभूति के ऐतिहासिक सत्य के लिए प्रामाणिकता प्राप्त नहीं कर सकते, क्योंकि ये नव विकास के राष्ट्रों से उभरे हैं और इस इतिहास को सांस्कृतिक से भिन्न उद्देश्यों से लिखते हैं, जो कुछ अवस्थाओं में भारत के प्राचीन इतिहास की यथार्थ व्याख्या के प्रति स्पष्ट रुप से जातीय है और पक्षपात-पूर्ण है'।

प्रो. आर. सुब्बाराव एम.ए., एल.टी. वाल्टेर (29 दिसंबर 1953) में हुए भारतीय इतिहास कांग्रेस के 16वें अधिवेशन के अपने अध्यक्षीय भाषण विभागीय में लिखता है- ''दुर्भाग्य से पुराणों की ऐतिहासिकता और उनकी प्रामाणिकता को कुछ पाश्चात्त्य विद्वानों ने विकृत कर दिया है, जिन्होंने कुछ हठ से कहा है कि ऐतिहासिक काल

2000 ईसा पूर्व से परे नहीं जा सकता और महाभारत युद्ध को 1400 ईसा पूर्व से प्राचीनतर निर्धारित करने की आवश्यकता नहीं। उन्होंने ब्राह्मणों को अपनी प्राचीनता को ऊपर उठाने का दोषी ठहराया और हिन्दुओं के ज्योतिष ग्रन्थों की प्रामाणिकता पर प्रश्नचिन्ह लगाया'।

निष्कर्ष-

संक्षिप्त रूप से विगत पृष्ठ यह स्पष्ट करते हैं कि यह ईसाई और यहूदी पक्षपात ही है, जिसने-

प्राचीन भारतीय इतिहास की वास्तविक तिथियों को स्वीकार करने की अनुमति पाश्चात्त्य विद्वानों को नहीं दी, जो वेदों को पुराने विधान (बाईबिल)के प्राचीनतर भाग की अपेक्षा प्राचीनतम आने और ईसा-पूर्व 2500 रखने के प्रति-सदा अनिच्छुक थे।

प्राचीन भारतीय ज्ञान की प्रशस्ति में शोपनहार का अनुसरण करने वाला और काल क्रम विषय पर प्रत्यक्ष रुप से कार्य न करनेवाला पॉल डयूशन्, ए. डब्लू. राइडर और एचजिमर का संप्रदाय भी इन अत्यन्त वैज्ञानिक और काल्पनिक तिथियों के भार को दूर नहीं फैंक सका।

पाश्चात्त्य भारतविदों की दो परस्पर संबद्ध व्याधियों का कारण बना; प्रथमतः मिथ (कल्पित कथा), मिथिकल (कल्पितकथासम्बन्धि), मिथालोजी (कल्पितकथाशास्त्र) की व्याधि जिसके अनुसार ब्रह्मा, इन्द्र, विष्णु, पर्वत, नारद, कश्यप, पुरूरवा, वशिष्ठ और अन्य अनेक प्राचीन ऋषि कल्पित घोषित किए गए हैं। यह सोच कर कि भारतीय इतिहास की तिथियां अति प्राचीन काल तक चली जाएगी, किसी ने उनके वास्तविक ऐतिहासिक स्वरूप को समझने का प्रयास कभी नहीं किया। और पूर्वोक्त के परिणाम स्वरूप द्वितीयतः संबन्ध या आरोप की व्याधि जिसके अनुसार इन ऋषियों के ग्रन्थ किन्हीं अर्वाक्कालीन अज्ञातनामा व्यक्तियों के द्वारा रचित घोषित किए गए हैं, जो (अज्ञात व्यक्ति) अपने को उन मिथिकल (काल्पनिक)ऋषियों के रूप में प्रचारित करते हुए कहे गए हैं।

निम्नलिखित उदाहरणों का उल्लेख करना रुचिकर होगा

1. प्रोफेसर मैक्स मूलर (1860 ई.) हिस्ट्री ऑफ संस्कृत लिटरेचर में लिखता है-

   क) 'प्रथम (प्रातिशाख्य) शौनक से संबंधित है' .... पृष्ठ 215

   ख) 'कात्यायन से संबंधित अनुक्रमणी' .... पृष्ठ 215

2. प्रो. ए.ए. मैकडॉनल्ड्स (1904) ई. स्वसंपादित पुस्तक के मुख्यपृष्ठ पर लिखता है-

   'शौनक से संबंधित बृहद्देवता'

3. प्रो. एल.डी. बार्नेट (1904) 'ब्रह्म नॉलेज' (पृष्ठ 11) में लिखता है-

   'ब्रह्म सूत्र परंपरा से दो कल्पित ऋषियों बादरायण और व्यास में से किसी एक से संबंधित'

4. प्रो. मौरिस ब्लूमफील्ड (1919) 'ऋग्वेद को पुनरुक्तियां (पृष्ठ 194) में लिखता है-

5. 'कात्यायन से संबंधित सर्वानुक्रमणी के कथन'

   प्रो. जूलियस जॉली (1923 ई.) अर्थशास्त्र के संस्करण की अपनी भूमिका (पृष्ठ 47) में लिखता है-

'ग्रन्थ से कौटिल्य चाणक्य का संबध होने का पूर्णत: हेतु वे कल्पित कथाएं हैं जो उसका कल्पित महामंत्री के संबंध में प्रचलित थी जो राजनीति कला का आचार्य एवं सर्जक और नीति विषयक संपूर्ण ''प्लवमान ज्ञान'' का संकलयिता समझा जाता था''।

6. प्रोफेसर ए.बी कीथ (1924 ई.) संस्कृत नाटक में लिखता है-

'शिलाली और कुशाश्व से संबंधित नटों की पाठ्यपुस्तकें (नटसूत्र)' ..... पृष्ठ 31

7. प्रो. एम. विन्टरनित्ज (1925 ई.) 'सम प्रोबलम्स् आर्फ इण्डियन लिटरेचर' में लिखता है- 'कौटिल्य अर्थशास्त्र'।

और पुन: (1927 ई.) अपने हिस्ट्री ऑफ इंडियन लिटरेचर में लिखता है-

क) जो गान (ऋग्वेदसंहिता के सूक्त) काल के अंतराल में रचे जा चुके थे वे किसी किसी एक संग्रह के रूप में जोड़ लिए गए और प्रागैतिहासिक काल के प्रसिद्ध पुरुषों के साथ संबंधित कर दिए गए।

ख) ऋग्वेद-प्रातिशाख्य शौनक से संबंधित है जो आश्वलायन का गुरु समझा जाता है।

ग) वाजसनेयी प्रातिशाख्य सूत्र कात्यायन से संबंधित। (पृष्ठ 284)।

8. प्रो. ए. बैरीडेल कीथ 'इण्डियन हिस्टारिकल क्वाटर्ली के खण्ड 4 संख्या 1 में प्रकाशित अपने लेख (1931ई.) 'न्याय प्रवेश का ग्रंथ कर्तृत्व' में लिखता है-

'कणाद' लेखक जिससे वैशेषिक सूत्र संबंधित है।'

9. प्रोफेसर डब्लू. कैलेण्ड पञ्चविंश ब्राह्मण के अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका (1931 ई.) में लिखता है उनकी छत्रछाया में रहने वालों के कुछ सरल उद्धरण-

10. सर एस. राधाकृष्णन भगवद्गीता के अपने भूमिकात्मक निबंध में लिखता है (1948 ई.)-

'हम गीता के लेखक को नहीं जानते हैं। लगभग वे सभी पुस्तकें जो भारत के प्राचीन साहित्य से संबंधित है अज्ञातनामा लेखकों की हैं। गीता का ग्रन्थ-कर्तृत्व व्यास से संबंधित है; जो महाभारत का पौराणिक संग्रह कर्ता है।

11. प्रो. अल्तेकर (1949 ई.) लिखता है-

'प्राचीन भारत में लेखक प्राय: अज्ञात रहना ही पसंद करते थे और अपने ग्रन्थों को दिव्य अथवा अर्ध दिव्य पुरुषों से संबंधित करते थे।' (स्टेट एण्ड गवर्नमेण्ट इन् एन्शिएट इण्डिया, पृष्ठ 2)

12. श्री मनमोहन घोष नाट्यशास्त्र के अपने अंग्रेजी अनुवाद के शीर्षक पृष्ठ पर लिखता है- 'भरतमुनि से संबंधित नाट्यशास्त्र'। हजारों वर्षों तक सतर्कता से सुरक्षित भारतीय परम्परा के विरुद्ध यह चतुरतापूर्ण फुसलाने वाली उक्तियां इस देश के बहुत से शिक्षित मनुष्यों के मस्तिष्क में अपने प्राचीन ऋषियों के अस्तित्व और उनके ग्रन्थों की प्रामाणिकता के विषय में संदेह उत्पन्न करने में सफल हो गई है। इस छद्म प्रकार से की गई धूर्तता की सीमा इस तथ्य से आंकी जा सकती है कि सर. एस. राधाकृष्णन् जैसे उत्तरदायी व्यक्ति भी पाश्चात्त्य प्राच्य विद्याविदों के पूर्णत: असंबद्ध और अनैतिहासिक विचारों को बिना किसी प्रश्न के स्वीकार करने के लिए बाधित हो गए हैं, बल्कि वें उनके साथ यह घोषणा करने में सम्मिलित हो गए हैं कि

संपूर्ण भारत असत्य राष्ट्रवादियों का राष्ट्र था।

भारत में आर्यों के देशान्तर के अत्यन्त काल्पनिक और आधारहीन सिद्धान्त को प्रस्तुत किया, जिसके अनुसार भारत, मिश्र आदि के प्रथम अभिषिक्त राजा मनु; मनु के तेजस्वी पुत्र इक्ष्वाकु; शकुंतला के तेजस्वी पुत्र चक्रवर्ती भरत; गंगाकी धारा को मोड़ने वाले भगीरथ; जिसके कारण पवित्र यज्ञिय भूमि कुरुक्षेत्र नाम से विख्यात हुई वह कुरु; दशरथ के पुत्र राम और अनेक दूसरे राजाओं का अस्तित्व भी पूर्णतया नकारा जा रहा है।

वह वैदिक ग्रन्थों के सर्वथा अशुद्ध अनुवाद और वैदिक संस्कृति के मिथ्या प्रस्तुतीकरण के लिए उत्तरदायी था।

कम से कम इण्डो-यूरोपीय समूह की भाषाओं को की जननी के रूप में संस्कृत भाषा को स्वीकार करने की अनुमति नहीं दी, जैसा कि सर्वप्रथम फ्रांज-बॉप ने बड़ी योग्यता से प्रतिपादित किया था और प्राचीन भारतीय लेखकों ने भी बहुधा उल्लेख किया था।

हम इस सारे के लिए दु:खी नहीं है क्योंकि संस्कृत अध्ययन के ऐसे पक्षपाती विदेशी अन्वेषकों से इससे अधिक की आशा नहीं की जा सकती थी। इन संक्षिप्त टिप्पणियों द्वारा हम गम्भीरता से प्रार्थना करते हैं कि- भारतवर्ष के प्रत्येक शिक्षित और विचारशील मनुष्य में सत्य का प्रकाश उदित हो, जिससे राजनैतिक और व्यक्तिगत स्वतन्त्रता के इन दिनों में वह पाश्चात्त्य बौद्धिक दासता के जुए को उतार फेंक सके।

पं. भगवद् दत्त

वेद के अध्ययन का प्रयोजन

(10 मार्च 2000 को अगरतला में क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर दिए गए भाषण का यह अंश वर्तमान में अधिक मुखर और प्रासंगिक लगता है।)

वेद संपूर्ण जीवन शास्त्र है। यह ज्ञान भी है, विज्ञान भी, फिजिक्स भी, मेटाफिजिक्स भी, भूतशास्त्र भी, अध्यात्म शास्त्र भी। इसीलिए वेदार्थ के तीन स्तर माने जाते हैं - आधिभौतिक, आधिदैविक एवम् आध्यात्मिक। वेद को त्रयी विद्या कहे जाने का एक कारण यह भी है।

वेद के अध्ययन की परम्परा गुरु-शिष्य परम्परा से जुड़ी रही है। संसार का प्राचीनतम ग्रन्थ होने पर भी वेद के न लुप्त होने का कारण यही है। वैदिक मन्त्रों के उच्चारण को पीढ़ी-दर-पीढ़ी शुद्ध रूप में संरक्षित रखने के लिए वेद-पाठ की जो अनेक पद्धतियां भारत में प्रचलित रहीं, वैसी संसार के अन्य किसी भाग में किसी धर्मग्रन्थ के लिए नहीं रहीं। वेदपाठी पंडित आज भी वैदिक मंत्रों का सस्वर पाठ लगभग मूल रूप में सुरक्षित रखे हुए हैं। इस अमूल्य निधि को लुप्त होने से बचाने के लिए आधुनिक वैज्ञानिक यंत्रों का उपयोग कर इन्हें सुरक्षित रखा जाना चाहिए। यह कार्य वैसे शुरू हो चुका है। पर इसे पूरा करने में विलम्ब नहीं होना चाहिए। जो पाठ-भेद या स्वर-भेद मिलते हैं, उन सबका भी संकलन किया जाना चाहिए।

श्वेताश्वतरोपनिषद् में कहा गया है कि ब्रह्मविदों ने ध्यानयोगानुगत होकर देवात्मशक्ति का साक्षात्कार किया (श्वेता. 1.3)। मुंडकोपनिषद् में कहा गया है कि वेदते विज्ञान के सुनिश्चितार्थ के लिए 'शुद्धसत्त्व' होना आवश्यक है; (मुण्डक, 3.2.6) दोनों का मूल प्रयोजन है ध्यानयोग। शुद्धसत्त्व हुए बिना ध्यानयोग सध ही नहीं सकता। ध्यान योगी ही इस ब्रह्म-नाद का श्रवण कर सकता है, जो ब्रह्मण्ड-चेतना से सतत अनुरणित हो रहा है। इसीलिए वेद को श्रुति कहते हैं। इसीलिए ऋषि वेद-मन्त्रों के रचयिता नहीं द्रष्टा हैं। यही वेद की अपौरुषेयता है। आधुनिक मनुष्य के लिए इसे समझने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ट्रांजिस्टर, रेडियो, टेलीविजन आदि इसी सिद्धांत के आधार पर, परंतु यांत्रिक प्रक्रिया से, संचार केंद्र से, प्रसारित ध्वनियों का श्रवण करते हैं। वैदिक ऋषि श्रोता के अतिरिक्त द्रष्टा भी थे, क्योंकि ध्यानयोग से प्राप्त शक्ति के कारण वे उस अनुरणन के श्रवण के साथ-साथ उसके वाच्यार्थ का दर्शन भी कर सकते थे। अब ऐसे दूरभाषी यन्त्रों का आविष्कार भी हो ही गया है, जिसमें संताप में संलग्न व्यक्ति एक दूसरे की बात सुनने के अतिरिक्त उसे देख भी सकते हैं। वेदार्थ पर विचार करते समय आधुनिक पण्डितों का ध्यान इस ओर भी जाना चाहिए।

'ब्रह्मसूत्र' के दूसरे सूत्र - जन्मादि यस्य यत: के भाष्य में आदि शंकराचार्य ने 'ब्रह्मज्ञानं वस्तुतंत्र ज्ञानम्' और अन्य ज्ञान को 'पुरुषतंत्रज्ञानम्' कहा है। ब्रह्मज्ञान के पक्ष में संसार के किसी विद्वान् ने इससे अधिक मौलिक और पुष्ट तर्क नहीं दिया। परंतु आचार्य के इस मौलिक तर्क की ओर स्वामी रंगनाथानंद के अतिरिक्त शायद ही और किसी का ध्यान गया हो। महर्षि आइंस्टाइन ने अपने जीवन के अंतिम 50 वर्ष जिस 'एकीकृत क्षेत्र सिद्धांत' (यूनिफाइड फील्ड थ्योरी) की खोज में लगाए, इस सूत्र और उसके ऊपर लिखित भाष्य के आधार पर उसके शोध का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। इसके विस्तार में यहां जाने की आवश्यकता नहीं है। वेद के प्रसंग में यहां इसका संकेत भर इसलिए किया गया है कि वस्तुतंत्रज्ञान - आधुनिक भाषा में निरपेक्ष ज्ञान - के आधार के कारण ही वैदिक ऋषि द्रष्टा थे, मात्र अनुमन्ता नहीं।

भारतीय काल गणना के अनुसार सृष्टि-प्रक्रिया और मानव-विकास का इतिहास इतना प्राचीन है कि वेद

के अध्ययन की परम्परा बीच-बीच में खंडित प्रतीत होती रही है। आश्चर्य की बात यह है कि फिर भी भारतीय पण्डित वेद-मंत्रों की रक्षा करते आए। पर मंत्रों को कण्ठस्थ कर लेना भर पर्याप्त नहीं है। वेद संपूर्ण जीवन का संपूर्ण जीवनशास्त्र है। अतः मंत्रों के अर्थ को ग्रहण कर जीवन को पूर्ण बनाने में उनका उपयोग करने पर ही ऋषियों का प्रयोजन सिद्ध हो सकता है। आधुनिक पाठकों के लिए वेद-मन्त्रों को स्पष्ट करने की दृष्टि से ऋषि दयानन्द, महायोगी अरविंद, वेदमूर्ति सातवलेकर और श्रीराम शर्मा आचार्य के कार्यों का ऐतिहासिक महत्व है। श्री अरविंद ने ऋषि दयानन्द के योगदान के महत्व को स्वयं स्वीकार किया है। उनके प्रयास के बिना वेद को संपूर्ण जीवनशास्त्र के रूप में देखने-समझने की दृष्टि ही नहीं विकसित होती। ब्राह्मणों, आरण्यकों आदि के आधार पर या यास्क के 'निरुक्त' से वैदिक शब्दों के मर्म तक पहुंचने की जो दृष्टि प्राप्त होती थी, सायण के कर्मकाण्डपरक भाष्य ने उसे अवरुद्ध कर दिया। पर सायण के इस ऋण को तो स्वीकार करना ही पड़ेगा कि उनके भाष्य के कारण ही वेद का आधिभौतिक एवं आधिदैविक अर्थ लुप्त होने से बच गया। इसका एक कारण संभवतः यह भी है कि उपनिषद् की वेदान्त के रूप में लगभग एक स्वतंत्र अध्ययन-परंपरा विकसित हो जाने के कारण संहिता के भाष्यकारों ने मन्त्रों के आध्यात्मिक पक्ष के भाष्य पर श्रम करना अनावश्यक मान लिया। लेकिन इसके कारण एक बहुत बड़ी हानि यह हुई कि वेदांती वेद की निंदा करने लगे। गीता तक में 'त्रैगुण्यविषया वेदा व निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन' की बात आ गई (2.45)। ऐसी उक्तियों से वेद के अध्ययन की परम्परा को बड़ा धक्का लगा। जीवन-प्रवाह असंतुलित हो गया। चार पुरुषार्थों में से केवल मोक्ष परम पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठा-योग्य माना जाने लगा। ऐसी स्थिति में मानव-समाज का सर्वांगीण विकास कैसे हो सकता है?

आधुनिक युग में आकर इसके कारण वेद के अध्ययन की और शाखा फूट पड़ी। वेदान्त को वेद से अलग कर दिया गया। पाश्चात्य पंडित एवं उनके भारतीय अनुयायी वैदिक कर्मकाण्ड के विरुद्ध प्रतिक्रिया के रूप में विकसित मानकर वेदांत को ज्ञानकाण्ड के रूप में देखने लगे। वे इसका विस्मरण कर गए कि उपनिषदों में शीर्षस्थानीय 'ईशावास्योपनिषद्' यजुर्वेद संहिता का ही अंतिम अध्याय है। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि इसके स्थान पर बृहदारण्यक एवं छान्दोग्य को प्राचीनतर उपनिषद् माना जाने लगा। एक बार मैंने जब डॉ. राधाकृष्णन से इसकी चर्चा की तो उन्होंने कहा कि यही प्रचलित मत था, इसीलिए उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। वेद के अध्ययन में रुचि लेने वालों को ऐसी अनेक भ्रांतियों का भी निराकरण करना होगा, नहीं तो पाश्चात्य पंडित वेद को या तो गड़रियों का गीत कहते रहेंगे या उसमें इतिहास ढूंढते रहेंगे। ये सब वेद को जीवनशास्त्र के रूप में समझने में बाधक होते आ रहे हैं।

वेद के जीवन शास्त्र का स्वरूप

संपूर्ण वैदिक वाङ्मय 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' (ऋ.1.164.46) का विश्व-रूप है, विराट् दर्शन है। वेद के इस अद्वैत-भाव का तत्व-दर्शन का सर्वात्म-भाव रूप है - 'कृण्वन्तो विश्वम् आर्यम्' (ऋ. 6.635)। इन दिनों जिस भूमण्डलीकरण की बहुत चर्चा है उसका वैदिक रूप है - 'यत्र विश्वं भवति एक नीडम्' (यजु.32.8) वैदिक धारा की इस त्रिवेणी का संगम है इस जीवन-योग से प्राप्त आत्मज्ञान जिसे 'सोऽहंमस्मि', 'तत्त्वमसि', 'अहम् ब्रह्मास्मि' आदि अनेक रूपों में व्यक्त किया जाता रहा है।

'एकं सद् विप्रा बहुधा वदंति' वेद को समझने का सूत्र है। सूत्र के बिना वेद के अध्येता और साधक भटकते रह जाते हैं। इन भटकने वालों को वेद में बहुदेववाद दिखाई देता है प्रकृति की पूजा दिखाई देती है, सभ्यता और संस्कृति के विकास का शैशव दिखाई देता है। उन्हें केवल नहीं दिखाई देता है 'अविभक्तं विभक्तेषु; (गीता, 18.20) क्योंकि ये सर्वत्र भेद देखने के ही अभ्यस्त होते हैं। यह दृष्टि विश्लेषण की है, संश्लेषण कि नहीं। यह निर्जीवशास्त्र (Inorganic) है, सजीवशास्त्र (Organic) नहीं। लेकिन जीवनशास्त्र को और जीवशास्त्र को सजीवशास्त्र के बिना

कैसे समझा जा सकता है? निर्जीवशास्त्र में एक को एक से निकाल लेने पर शून्य रहता है। पर सजीवशास्त्र में एक बीज को निःशेष होकर अंकुरित-विकसित होने से उसमें से वैसे हजारों बीज निकल आते हैं। भौतिक विज्ञान में यह समझ विकसित होने पर ही पञ्चम आयाम और एकीकृत सिद्धान्त का स्वरूप समझ में आएगा।

पंडितों ने 'आर्य' शब्द के संबन्ध में भी ऐसा ही भ्रम फैला रखा है। वेद में आर्य शब्द का प्रयोग अंग्रेजी के 'रेस' शब्द के अर्थ में हुआ ही नहीं है। अतः आर्य जाति नहीं, संस्कार है। इसीलिए वैदिक ऋषि जब यह कहते हैं कि आओ, सारे विश्व को आर्य बनाएं, तब उनका प्रयोजन जन्म पर आधारित भेदभाव के बिना सबको संस्कारवान् बनाना होता है। यदि आर्यत्व या वर्ण-व्यवस्था जन्म पर आधारित होती तो तो ब्राह्मणकुलोत्पन्न रावण के नाश के लिए रामावतार की क्यों आवश्यकता पड़ती? राक्षस कुल में उत्पन्न बलि को अगले मन्वन्तर का मनु क्यों बनाया जाता? इसी वैदिक परियोजन को ध्यान में रखकर महर्षि दयानन्द ने आर्य समाज की स्थापना की थी।

भूमण्डलीकरण मात्र बाजार का वैश्वीकरण है, 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का इसमें सर्वथा अभाव है। भूमण्डलीकरण राजनैतिक-आर्थिक व्यवस्था है, 'वसुधैव कुटुंबकम्' या 'यत्र विश्वं भवति एक नीड़म्' सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था। जहां पहले में सत्ता प्रधान है, वहां दूसरे में सत्य। सत्य हारती-जीतती है, सत्य दबता-उभरता है। वैदिक मानव-समाज को, वसुधा को एक कुटुम्ब के रूप में पालित-पोषित करने के मर्म से अवगत कराने का समय अब आ गया है। वैज्ञानिक साधनों के कारण भौगोलिक दूरी तो कम जरूर हुई है, परन्तु मनुष्य मनुष्य के बीच की मन की दूरी में वृद्धि ही हुई है। इसके कारण उसकी संवेदनशीलता भी कुंद होती जा रही है।

वेद ने स्वयं घोषणा की है कि उसकी वाणी सब के लिए है -

यथेमां वाचं कल्याणीम् / आवदानिजनेभ्यः / ब्रह्म राजन्याभ्यां / शूद्राय चार्याय च / स्वाय चारणाय च।

अर्थात् मेरी वाणी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र देशी-विदेशी सभी लोगों के कल्याण के लिए है। जो सबके कल्याण के लिए है उसके अध्ययन से किसी को वंचित रखने का प्रश्न ही कहां उठता है? ऐसा करना अवैदिक है, वेद-विरुद्ध है।

संसार भर के सभी धर्मग्रंथों में केवल वेद में ही स्त्रियों को समान अधिकार एवं सम्मान प्राप्त है। वेद-मंत्रों की रचयिताओं में ऋषिकाएं भी हैं। इसीलिए वेद में अद्वैत-तत्व ही नहीं, अभेद-तत्व भी है।

वेद में दृष्टि-निष्ठा है, व्यक्ति-निष्ठा नहीं। इसीलिए इसमें एकेश्वरवाद नहीं, अपितु अद्वैतवाद है। वेद ने व्यष्टि-निष्ठा को समष्टि-निष्ठा की उदात्तता दी है। ऋग्वेद के प्रथम मंत्र में अग्नि देवता पुरोहित हैं, पूरे पुर का हित-साधन करने वाले हैं, किसी एक व्यक्ति का नहीं। इसके अंतिम सूक्त तक यही दृष्टि-निष्ठा, यही समष्टि-निष्ठा है - **'समानो मंत्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तम् एषाम्'** (ऋ. 10.191)। आज सारे संसार से 'सह चित्तम् एषाम्' की सह-चित्तता की, भावना का लोप होता जा रहा है, जो समानता दिखती है, वह बाहरी है, आन्तरिक नहीं। इसीलिए चारों ओर अन्तहीन तनाव दिखाई देता है।

वैदिक परम्परा की वस्तुतंत्रता और समष्टि भावना के कारण, भारत में ज्ञान और विज्ञान, भौतिक ज्ञान और आध्यात्मिक विज्ञान में टकराव की स्थिति नहीं आई, जैसा कि अन्य परम्पराओं में हुआ। इसीलिए यहां महर्षि आइंस्टाइन का पदार्थ और ऊर्जा की परस्पर परिवर्तनीयता का सिद्धांत वेदान्त की मूल स्थापना की नई व्याख्या प्रतीत होता है। इस ज्ञान-विज्ञान के आलोक में वेद से नए मुक्त विश्व-समाज की स्थापना में सहायता ली जा सकती है। वेद के अध्ययन की प्रासंगिकता के प्रसंग में इसका सदा स्मरण रखा जाना चाहिए।

(नवनीत दिसम्बर 2000 के अङ्क से साभार संकलित)

प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद

''संस्कृतशिक्षया कौशलविकासः संभवति''



दन्तधावनं स्नानं वस्त्रधारणं भोजनं इत्यादीनि जीवनस्य सामान्यानि कार्याणि कथं भवेयु:? इत्यस्य परिचयं सर्वे गृहात् एव आप्नुवन्ति। कथं जीवनीयम्? इत्येतत् चित्रं पितरौ बान्धवा: चैव कस्यचित् शिशो: मनसि रचयन्ति। न विद्यालयेन, न सर्वकार-नियमेन, न माध्यमै: वा एतत् सम्भवति। एतानि जीवनस्य मूलभूत चिंतनानि गृहात एवं सर्वे लभ्यन्ते। अत: गृहं जीवन शिक्षणस्य प्रमुख प्रधानं च स्थानम् अस्ति। वस्तुत: सर्वप्रथमम् अस्माकं कर्त्तव्यम् अस्ति यत् परिवारे प्रत्येकं सदस्ये संस्कृतभाषां प्रति रुचि: उत्पन्ना भवेत् यतोहि संस्कृतशिक्षया एव मानवस्य सर्वांगीण-विकास: सम्भवति। एकम् उदाहरणं पश्याम: -''स्वामिना विवेकानन्देन बाल्ये मातु: लालन-प्रेरणा च या प्राप्ता सा एव अश्वचालकं कृतवती।'' संस्कृतभाषायाम् ईदृश्या: अनेका: नैतिक-कथा सन्ति या पठित्वा मानव: सद्गुणै: परिपूर्ण: भवितुं शक्नोति। संस्कृति: बौद्धिकस्तरमात्रे न तिष्ठति अपितु सा तु जीवनस्य विषय: पालनस्य विषय: आचरणस्य विषय: अस्ति। संस्कृति पालनेन तस्य आत्मविश्वास: चापि वर्धते। उद्धरेत्-आत्मनात्मानम् इति वचनं प्रसिद्धम्। अत: आत्मना एवं स्वस्थ उद्धार: करणीय:। स: केवलया बुद्धया अवगमनेन न भवति अपितु जीवने तत्त्वस्य अनुसरणेन एव भवति।

एकस्मिन् चिकित्सके यदि कर्त्तव्यनिष्ठाया: गुण: न अस्ति तर्हि स: स्वकार्ये सफल: न भवितुं शक्नोति। अत: एतस्य प्रकारस्य गुण: संस्कृतशिक्षाया एव प्राप्तुं शक्नोति। अद्य कम्प्यूटरस्य युग: अस्ति। अस्मिन् युगे कम्प्यूटर नाम यंत्रस्य महत्त्वं सर्वविदितमेव। वैज्ञानिकै अस्य कम्प्यूटरस्य कृते संस्कृतभाषा सर्वथा आनुकूल्यं मन्यते। अत: भविष्ये कम्प्यूटर यंत्रंचालनाय अस्या: भाषाया: महत्त्वं अस्ति इति मन्यते। अद्य प्रतियोगितात्मक: युग: अस्ति। सर्वासु क्षेत्रेषु प्रतियोगिताया: आयोजनं भवति एव। अस्मिन प्रतिस्पर्धात्मके युगे ते खलु छात्रा: उन्नतिं कुर्वन्ति, ते स्वलक्ष्यं गृह्णन्ति ये श्रेष्ठतम् अंकान् लभन्ते। अत: सर्वश्रेष्ठानाम् अंकानां महत्त्वं स्पष्टमेव। संस्कृतम् एका वैज्ञानिकी भाषा अस्ति अत: विज्ञानवत् अस्याम् अपि छात्रै: अंका: उपलभ्यन्ते। संस्कृतस्य अध्येतार: छात्रा: योग्यताक्रमे: प्राप्नुवन्ति अनया एव विशेषतया-सर्वासु उच्चप्रशासनिक सेवाया: परीक्षासु अपि अस्या: भाषाया: उपयोगिता सुस्पष्टा। अस्या: वाङ्मय: वेदै: पुराणै: नीतिशास्त्रै: चिकित्साशास्त्रादिभिश्च समृद्धमस्ति। चाणक्य रचितम् अर्थशास्त्रं जगति प्रसिद्धम्। गणितशास्त्रे शून्यस्य प्रतिपादनं सर्वप्रथमं सिद्धांतशिरोमणि: भास्कराचार्य: अकरोत्। चिकित्साशास्त्रे चरकसुश्रुतयो: योगदानं विश्व-प्रसिद्धम्। संस्कृते यानि अन्यानि शास्त्रापि विद्यन्ते तेषु खगोल-विज्ञानं वास्तुशास्त्रं, रसायनशास्त्रं, ज्योतिषशास्त्रं, विज्ञानशास्त्रं च उल्लेखनीयम्। उपर्युक्तानां शास्त्राणाम् अध्ययनं कृत्वा मानवस्य कौशलविकास: निश्चितरूपेण सम्भवति:। संस्कृतस्य इदं वैशिष्टयं वर्तते यत् अस्या: वाङ्मये विद्यमाना: सूक्तय: अभ्युदयाय प्रेरयन्ति। वरिष्ठान् कनिष्ठान् च प्रति अस्माभि: कथं व्यवहर्तव्यम् इत्यस्य व्यावहारिकं ज्ञानं संस्कृतमेव ददाति। भारत-सर्वकारस्य व्यावहारिकं ज्ञानं संस्कृतस्य सूक्तय: ध्येयवाक्य रूपेण स्वीकृता: सन्ति। भारतस्य सर्वकारस्य राजचिह्ने उत्कीर्णा सूक्तिं सत्यमेव जयते इति सर्वे जानन्ति। एवमेव राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद: ध्येयवाक्यं विद्ययाऽमृतमश्नुते वर्तते। केचन जना: कथयन्ति यत् संस्कृत भाषायां केवलं धार्मिक-साहित्यं वर्तते। एषा धारणा समीचीना नास्ति। संस्कृत ग्रन्थेषु मानवजीवनाय विविधा: विषया: समाविष्टा: सन्ति। महापुरुषाणां मति: उत्तमजनानां धृति: सामान्य जनानां जीवन-पद्धति: च वर्णिता: सन्ति। संस्कृतशिक्षया कौशलविकास: संभवति। अद्य अखिलं विश्वं योगक्रियां स्वीकरोति। स्थाने-स्थाने योगस्य शिविराणि उपभोज्यन्ते। अनेन मानव: वृत्त्यवरुरं लभन्ते। अत: अस्माभि: संस्कृतम् अवश्यमेव पठनीयं येन मनुष्यस्य समाजस्य च परिष्कार: भवेत्।

''पठामि संस्कृतं नित्यं, वदामि संस्कृतं सदा।
ध्यायामि संस्कृतं सम्यक् वन्दे संस्कृत-मातरम्।।
अत: संस्कृतशिक्षया एवं मानवस्य कौशलविकास: संभवति।

कु. आरती
बी. ए. इतिहास (ऑनर्स) प्रथम वर्ष

भारतीय संस्कृति में संस्कारों की कल्पना

भारतीय समाज 'संगच्छध्वम् संवदध्वम् संम वो मनांसि जानताम्' की उदात्त भावना से अनुप्राणित है।

भारतीय संस्कृति में संस्कारों की योजना वास्तव में मानव के नव-निर्माण की नींव है। इन संस्कारों का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर इनमें विभिन्न वैयक्तिक, सामाजिक व मनोवैज्ञानिक तथ्य दृष्टिगत होते हैं, जो सोद्देश्यपूर्ण हैं -

1. अवाञ्छित प्रभावों को दूर करना।
2. प्रेम व परस्पर सौहार्द व सख्य भाव को विकसित करना।
3. सुरक्षा की भावना का विकास।
4. गर्भ एवं बीज संबंधी दोषों का निवारण।
5. चारित्रिक गुणों का विकास।
6. पारिवारिक व सामाजिक कर्त्तव्यों का बोध।
7. अनुशासित व संयमित जीवनचर्या को विकसित करना आदि।

भारतीय समाज में प्रायः सोलह संस्कार ही महत्त्वपूर्ण माने गए हैं -

1. गर्भाधान, 2. पुंसवन, 3. सीमंतोन्नयन, 4. जातकर्म, 5. नामकरण, 6. निष्क्रमण, 7. अन्नप्राशन, 8. चूड़ाकर्म, 9. कर्णवेध, 10. विद्यारंभ, 11. उपनयन, 12. वेदारंभ, 13. केशांत, 14. समावर्तन, 15. विवाह, 16. अंत्येष्टि

गर्भाधान - अर्थात् गर्भ का आधान। जिस कर्म के द्वारा गर्भ को धारण किया जाता है, संस्कार-विधि में इसकी व्युत्पत्ति इस प्रकार है - 'गर्भस्याऽऽधानं वीर्यस्थापनं स्थिरीकरणं यस्मिन् येन वा कर्मणा तद् गर्भाधानं'

पुंसवन - 'पुमान् सूयते यस्मात्' अर्थात् बलवान संतान की उत्पत्ति के लिए किया जाने वाला संस्कार पुंसवन संस्कार के नाम से जाना जाता है।

सीमंतोन्नयन - सीमांत (माँग) निकालना। स्त्री के केशों को ऊपर उठाकर केश संवारना अथवा विभाजित करना। यह समय गर्भस्थ शिशु के मानसिक विकास का है। अतः इस संस्कार का उद्देश्य गर्भ में स्थित शिशु की मानसिक शक्ति को प्रभावित करना है।

जातकर्म - बालक के जन्म के समय जिस संस्कार का विधान है, वह जातकर्म है। यह संस्कार शिशु बुद्धि उत्पादन और आमृवृद्धि हेतु किया जाता है।

नामकरण - इस संस्कार के लिए भिन्न-भिन्न कालों की व्यवस्था शास्त्रों में मिलती है। पारस्कर में इसका समय जन्म के दसवें दिन, मनुस्मृति में दसवें व बारहवें दिन उल्लिखित है।

निष्क्रमण - जन्म के पश्चात् प्रथम बार बालक को घर से बाहर निकालने की प्रक्रिया इस संस्कार के द्वारा होती है। जन्म के चतुर्थ मास में यह संस्कार किया जाता है।

अन्नप्राशन – अन्न का प्राशन (भक्षण) कराना। यह संस्कार जन्म के छठे माह में निष्पन्न होता है।

चूड़ाकर्म – बालगुच्छ या शिखा रखना। यह संस्कार जन्म के प्रथम अथवा तृतीय वर्ष में या किसी मंगल समय में सुविधानुसार करना चाहिए।

कर्णवेध – कान बींधना। यह संस्कार तीसरे या पाँचवें वर्ष में किया जाता है। सुश्रुत संहिता में वर्णित है कि इस संस्कार को करने से रोगों से रक्षा होती है। 'रक्षा भूषणानिर्मितं बालस्य कर्णौ विध्येत्।

उपनयन – बालक को शिक्षित करने हेतु किया जाने वाला यह संस्कार सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपनयन का शाब्दिक अर्थ है- ले जाना, अर्थात् विद्या प्राप्ति के निमित्त बालक को गुरु के समीप ले जाना।

वेदारंभ – गायत्री मंत्र से लेकर चारों वेदों के सम्यक् अध्ययन करने के लिए जो व्रत धारण किया जाता है उसे ही वेदारंभ संस्कार की संज्ञा दी जाती है। यह संस्कार उपनयन के अवसर पर ही किया जाता है।

केशांत – केशों का अंत इस संस्कार के द्वारा ब्रह्मचारी की दाढ़ी व मूंछ नाई द्वारा साफ की जाती थी। इस अवसर पर नाई को उपहार तथा आचार्य को गाय दान की जाती थी, इसलिए इसे गोदान भी कहते हैं।

समावर्तन – यह शिक्षा समाप्ति के बाद होने वाला संस्कार है। समावर्तन का शाब्दिक अर्थ है गुरुकुल से शिक्षा ग्रहण करने के बाद घर की ओर लौटना।

विवाह – यह संस्कार समस्त संस्कारों में महत्वपूर्ण है। इस संस्कार के द्वारा ब्रह्मचर्य आश्रम से गृहस्थ आश्रम में प्रवेश होता है। इसके द्वारा व्यक्ति का समाजीकरण होकर उत्तरदायित्त्वपूर्ण जीवन प्रारंभ होता है।

अन्त्येष्टि – मृत्यु के पश्चात् किया जाने वाला संस्कार अन्त्येष्टि संस्कार है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि ये संस्कार मनुष्य के क्रमिक विकास के साथ उसके समग्र जीवन में उन गुणों का संग्रह करता है, जो उसे समाज के साथ स्थापित करने में सहायक होते हैं और उन दोषों का निवारण करते हैं जो सामाजिक सामंञ्जस्य में बाधक होते हैं।

महेश

तृतीय वर्ष

बलवान् कः

पुरातनकाले गङ्गातीरे कश्चन आश्रमः आसीत्। तत्र याज्ञवल्क्यः नाम महर्षिः वसति स्म। सः कदाचित् श्येनमुखात् पतिताम् एकां मूषिकां दृष्टवान्। करुणया सः तां मूषिकां आश्रमं नीतवान्। तत्र मन्त्रबलेन तां कन्यकां कृतवान्। याज्ञवल्क्यस्य सन्ततिः न आसीत्। अतः तां कन्यकां स्वपुत्रीम् इव महर्षिः पालितवान् कालान्तरे सा कन्यका विवाहयोग्या जाता। याज्ञवल्क्यः सूर्येण सह तस्याः विवाहं कारयितुम् इष्टवान्। अतः सः पुत्रीं पृष्टवान् – ''भवती किं सूर्यं परिणेष्यति? इति तदा सा उक्तवती–''अहं सूर्यस्य तापं सोढुं न शक्नोमि। अतः इतोऽपि उत्तमम् अन्यं वरं भवान् सूचयतु'' इति।

ऋषिः सूर्यम् एव पृष्टवान्– ''भगवन्! भवतः अपेक्षया उत्तमः वरः कः? इति।

सूर्य उक्तवान् – ''मेघः माम् आच्छाद्या तिष्ठति। सः मम अपेक्षया बलवान् योग्यः चापि'' इति।

ऋषि मेघम् आहूतवान्। पुनः पुत्री पृष्टवान्– ''भवति एनं परिणेष्यति किम्?'' इति।

सा उक्तवती–''एतस्य वर्णः कृष्णः। अतः एषः मास्तु मे वरः इतोऽपिं उत्तमं वरं भवान् सूचयतु'' इति।

ऋषि मेघं पृष्टवान्। मेघः उक्तवान् –वायुः सहस्रधा मम विभागं करोति। अतः सः एव मम अपेक्षया बलवान्'' इति।

ऋषिः वायुम् आहूतवान्। परन्तु पुत्री वायुम् अपि न अङ्गीकृतवती। '' इतोऽपि बलवान् कः अस्ति?'' इति पृष्टवती।

''अहं पर्वतं कम्पयितुं न शक्नोमि। अतः पर्वतः एव बलवान्'' इति वायुः उक्तवान्। अनन्तरं ऋषिः पर्वतम् आहूतवान्।

परन्तु पर्वतः उक्तवान्– ''यद्यपि अहम् बलवान् तथापि मूषकः मम शरीरे सर्वत्र बिलम् करोति। अतः मूषकः एव मम अपेक्षया बलवान्'' इति। ऋषिः मूषकम् आहूतवान् पुत्रीं च पृष्टवान् – ''भवती एतं परिणेष्यति किम्? इति।

सा सन्तोषेण अङ्गीकृतवती। अनन्तरं ऋषिः तां मूषिकां कृत्वा मूषकेण सह तस्याः विवाहं कारितवान्। वस्तुतः स्वभावोहि दुरतिक्रमः।

काजल अग्रवाल
संस्कृत (विशेष) स्नातक
तृतीय वर्ष

कर्कटस्य उपाय:

कस्मिंश्चित् वने कश्चन वटवृक्ष: आसीत्। तस्मिन् वृक्षे बहव: बका: वासं कुर्वन्ति स्म। वृक्षस्य कोटरे एक: कृष्णसर्प: अपि वासं करोति स्म।

एकदा कृष्णसर्प: एकस्य बकस्य शावकान् खादितवान्। तदा स: बक: अत्यन्तं दु:खित: अभवत्। स: एकस्य सरोवरस्य तीरम् आगत्य नेत्राभ्याम् अश्रूणि मुञ्चन् स्थितवान्। तदा एक: कर्कटक: तं पृष्टवान् "माम! किमर्थं भवान्! रोदनं करोति?" इति।

तदा बक: उक्तवान् – "कृष्णसर्प: मम शावकान् खादितवान्। अत: अहं दु:खित: अस्मि। तस्य दुष्ट सर्पस्य मरणार्थं भवान् एकम् उपायं वदतु" इति।

कदा कर्कटक: चिन्तितवान् – 'वस्तुत: एष: बक: अस्माकं जातिवैरी। अत: अहं कृष्णसर्पं मारयितुं तादृशम् उपायं वदामि, येन बकस्य अपि मरणं भवेत्' इति।

अनन्तरं स: उक्तवान् – माम! भवान् एतस्य नकुलस्य बिलद्वारत: कृष्णसर्पस्य कोटरपर्यन्तम् अपि मत्स्यखडान् प्रक्षिपतु। नकुल: तेन एवं मार्गेण आगत्य कृष्णसर्पं मारयिष्यति" इति।

बक: तथैव कृतवान्। नकुल: मत्स्यखण्डान् खादन् अग्रे-अग्रे आगत्य कृष्णसर्पस्य कोटर दृष्टवान्। कृष्णसर्पं मारितवान्। अनन्तरं शनै: शनै: तस्मिन् वृक्षे स्थितान् सर्वान् बकान् अपि मारितवान्।

व्यर्थ: मूर्खोपदेश:

कुत्रचित् कश्चन तमालवृक्ष: आसीत्। तस्य वृक्षस्य शाखायाम् एक: नीड: आसीत्। तत्र कश्चन चटक: पत्न्या सह वसति स्म। कदाचित् वर्षाकाल: आगत:। बहि: सर्वत्र शीतलं वातावरणम् आसीत्। नीडे तु औष्ण्यम् आसीत्। अत: चटक: निरातङ्क: आसीत्।

तदा कश्चन वानर: तत्र आगतवान्। वृष्ट्या तस्य शरीरं क्लिन्नम् आसीत्। शैत्येन स: कम्पते स्म। स: वानर: दन्तवीणां वादयन् वृक्षम् आरुह्य उपविष्टवान्।

तं दृष्टा चटका उक्तवती – "किं भो:। भवत: अपि हस्तपादसहितं सदृढं शरीरम् अस्ति। तथापि एकं गृहं निर्माय तत्र वासं कर्तुं भवान् किं न शक्नोति? किमर्धम् एवं शीतपीडाम् अनुभवतिं भवान्?" इति।

तत् श्रुत्वा वानर: उक्तवान् – "रे, अधमे! किमर्थं मौनं न साधयति भवति? मम विषये भवति किमर्थं चिन्तयति?" इति।

परन्तु चटका मौनन न स्थितवती। पुन: तथैव उपदेशम् आरब्धवती। तदा वानर: कपित: सञ्जात:। स: तां शाखाम् आरूह्य चटकाया: नीडं शतधा खण्डश: कृतवान् एवं मूर्खम् उद्दिश्य उपदेशेन चटकाया: नीड: एवं नष्ट: अभवत्। अत: मूर्खाय कदापि उपदेश: न कर्तव्य:।

मिताली भारद्वाज
स्नातक (विशेष) संस्कृत

हिन्दी खण्ड

संपादक की कलम से

युवा मन को विचारों की सबसे उर्वर भूमि के रुप में स्वीकार किया गया है। युवा वर्ग का अपने समाज और उसकी विसंगतियों के प्रति संवेदनशील जवाबदेह होना अपेक्षित है। विश्वविद्यालय/कॉलेज ऐसा प्लेटफार्म है जो युवामन को रचनात्मक उड़ान के लिए आकाश देता है। छात्र-जीवन ज्ञान अर्जन के साथ-साथ अच्छी नागरिकता की भी पाठशाला है। कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों का यह दायित्व बनता है कि निजी महत्त्वाकाक्षांओं से बाहर निकलकर अपने समय समाज और राजनीति के प्रति भी जागरूकता पैदा करे। कॉलेज पत्रिका अपने समय की चिंताओं के बारे में लिखने का मंच है। छात्रों की रचनाशीलता को समृद्ध बनाती है तथा उनके अन्दर के लेखक को बाहर निकालने का अवसर भी देती है। देश के विभिन्न मसलों/सवालों पर छात्रों के रचनात्मक पहलू को कॉलेज पत्रिका सामने लाती है। यहां हमारे छात्रों की रचनात्मक क्षमता को नया क्षितिज मिलता है। पत्रिका के माध्यम से अलग-अलग मसलों पर युवाओं के अलग-अलग विचार, उनके अन्दर के सरोकार, उनके सोचने का तरीका, उनकी बेचैनी, उनका नजरिया, दृष्टिकोण सामने आता है। यह छात्रों के नागरिकता की गुणवत्ता की पहचान कराती है। कॉलेज जीवन के तीन वर्ष में छात्र का कच्चा मन पक कर ठोस रूप ग्रहण करता है। कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों के जरिये वह अपने व्यक्तित्त्व के विविध आयामों पर धार चढ़ाता है। यहां एक बेहतर नागरिक की बुनियाद तैयार होती है। इस दृष्टि से कॉलेज पत्रिका की भी विद्यार्थियों के छात्र-जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

सामाजिक जीवन में अपने आप को बचाये रखने के लिए अभिव्यक्त करने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में यह देखने की जरूरत है कि हमारे विद्यार्थियों के व्यापक संसार और उनकी रचनाशीलता को खाद-पानी मिल रहा है या नहीं? देश के महत्वपूर्ण मसलों/चिंताओं पर उनके मन में कुछ सवाल बेचैन टहल रहे हैं या नहीं? कहीं हमारे युवा-वर्ग की नजरों से देश के बहुत ही बुनियादी सवाल पिछे तो नहीं छूटते जा रहे हैं? यह पत्रिका हमें बताती है कि हमारा युवा मन क्या सोच रहा है? साथ ही शिक्षक होने के नाते हमें यह पता चलता है कि हम कैसे छात्र, कैसे नागरिक, कैसे मनुष्य तैयार कर रहे हैं। उनकी रचनाओं के जरिये युवा-मन की बेचैनी को जानने का अवसर मिलता है।

सभ्यता के विकास के साथ-साथ मानवता के बुनियादी सवाल आज मीडिया की आंखों से ओझल हो गये हैं। ऐसे में हमारे युवा-वर्ग को कैसे सरोकार मिल रहे हैं और कैसी मानसिक बुनावट तैयार हो रही है। चिंता का विषय है कि हमारे युवा वर्ग अपने समय के सरोकारों और चिंताओं के प्रति उदासीन है। वास्तव में, कॉलेज पत्रिका फीडबैक की प्रक्रिया है। जिससे यह पता चलता है कि हमारे छात्रों के अंतर्जगत में क्या चल रहा है। मुझे यह कहते हुए पीड़ा हो रही है कि कहीं न कहीं हमारे छात्र किसानों, पर्यावरण, बेरोजगारी, आदिवासियों, दलितों, पिछड़े आदि समाज के सामने चुनौतियों की तरह खड़े अन्य सवालों को लेकर उतने मुखर नहीं है। वो उनकी चिंताओं के दायरे से बाहर हैं।

पत्रिका की रचनाओं को देखकर लगता है कि बच्चों ने युवा मन की कविताएँ लिखी हैं। जिस तरह से युवा शुरूआती दौर में प्रेम, स्त्री को लेकर कविताएं लिखा करता है। बाल मन की कविताओं का भले ही रचनात्मक और साहित्यिक मूल्य न हो, लेकिन उनका मूल्य उनके प्रयास को लेकर है। इससे यह पता चलता है कि व्यक्ति की स्वाभाविक अभिव्यक्ति कविता है। यह विचार पुख्ता हो जाता है कि हर व्यक्ति के भीतर भी कवि है। प्रेम,

स्त्री, बचपन, शिक्षा पर हमारे छात्रों द्वारा लिखी गई कविताओं को गुणवत्ता के हिसाब से भले ही न आँका जाए। लेकिन एक युवा मन की कोमल अभिव्यक्ति के लिए प्रयास के तौर पर महत्त्वपूर्ण है। साहित्यिक गुणवत्ता के हिसाब से उनका बहुत ज्यादा मूल्य भले न हो, लेकिन भावना, कोमल अभिव्यक्ति और प्रयास को लेकर उनका मूल्य ज़रूर है। वास्तव में, कॉलेज पत्रिकाएँ किसी छात्र के भीतर यही भावना जगाने का काम कर सकती है कि उनके भीतर भी एक रचनाकार है। आगे चलकर भी कॉलेज पत्रिका छात्रों को रचनात्मकता की ओर उन्मुक्त कर सके। यही इस 'अंकुर' पत्रिका और इस प्रयास की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। हम वैसे भी कॉलेज पत्रिका को साहित्यिक कलेवर देने के पक्ष में नही है। हमारा मानना है कि छात्र कॉलेज पत्रिका को उस परती जमीन के तौर पर देखे जहां वह चिंताओं और किसी भी तरह की हिचक से मुक्त होकर हल चला सकता है और रचनात्मकता का पौधा बौने की कोशिश कर सकता है। इसी रूप में इस प्रयास की सार्थकता है।

अंत में गुरूवर डॉ. अवनिजेश अवस्थी, डॉ. उर्वशी साबू, डॉ. वीणा, रेनू कपूर, डॉ. कुसुम कौशिक, आरती माथुर, शुचि पाहुजा, वरूण गौतम, मुकेश बैरवा, डॉ. चैन सिंह मीना, वेद प्रकाश, प्रदीप कुमार सिंह, धर्मराज कुमार और अन्य सभी साथियों का प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप में सहयोग मिला। उनका तहेदिल से शुक्रिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश अग्रवाल को शुक्रिया कहना चाहता हूँ, जिनके नेतृत्व में हर साल की तरह रचनात्मकता का यह उत्सव मनाया जा रहा है। मैं कामना करता हूँ कि यह सहयोग आगे भी मिलता रहेगा और छात्र इसी तरह अपनी रचनात्मकता का प्रर्दशन करते रहेगें। साथ ही मैं इस अवसर पर तृतीय वर्ष के सभी छात्रों को भविष्य की शुभकामनाएं देना चाहता हूँ और यह उम्मीद करता हूँ कि आने वाले समय में कॉलेज का नाम रोशन करेंगें।

शुक्रिया

डॉ. बन्ना राम मीना

गद्य खण्ड

जिस साहित्य से हमारी सुरुचि न जागे, अध्यात्मिक और मानसिक तृप्ति न मिले, हममे गति और शक्ति न पैदा हो, हमारा सौन्दर्य प्रेम न पैदा हो, जो हममें संकल्प और कठिनाईयों पर विजय प्राप्त करने की सच्ची दृढ़ता न उत्पन्न करे, वह हमारे लिए बेकार है, वह साहित्य कहलाने का अधिकारी नहीं है।

– प्रेमचंद

गद्य खण्ड

क्र. सं.	विषय		नाम
1.	एक झलक मात्र	-	सांस्कृतिक समिति
2.	मिल्की व्हाइट	-	डॉ. योगेन्द्र कुमार
3.	समाज की धारणा	-	स्वीटी बवारी
4.	समय का बदलाव	-	वंशिका प्रजापति
5.	जीवन शब्द में छुपा रहस्य	-	वंशिका प्रजापति
6.	दान की महिमा	-	स्वीटी बवारी
7.	संकल्प शक्ति	-	आनन्द मिश्रा
8.	बचपन की कुछ यादें	-	तस्लीमा
9.	मेरे विचार	-	रोहित कुमार
10.	साहित्यकार का जीवन	-	निशु
11.	एक कहानी	-	शांतनु गर्ग
12.	कभी हार मत मानो	-	गीता यादव
13.	जरुरत है कुछ करने की	-	मोहम्मद मुस्तफा
14.	तोहफा	-	अंशुमानद नाथ चौधरी
15.	नया साल नई चुनौतियाँ	-	फरजाना
16.	गरीब के जूते	-	परमहंस
17.	पाँच सौ का नोट	-	सुनैना
18.	वास्तविक जीवन का हीरो पिता	-	शुभम चतुर्वेदी

मिल्की व्हाइट

'मिल्की व्हाइट' असल में कुछ नहीं .... दरअसल बहुत कुछ है। लगन का वसंत आते ही होनहार लड़कों के लिए उनके परिवारों में इस 'चीज' की डिमांड में उछाल इतनी ज्यादा आ जाती है कि एक से बढ़कर एक सुघड़ – सुंदर – सुशील – कृष्ण कन्याओं को वे ठीक उसी तरह 'रिजेक्ट' कर देते हैं; जैसे आजकल जरा 'एडवांस ख्याल' के लोग अपनी सभ्यता, संस्कृति, देशी भोजन और भाषा को रिजेक्ट कर देते हैं; .... पुत्र पैदा करना और होना ही गर्व की बात है, ... और ऐसा हो भी क्यों नहीं, ... ऐसी उपलब्धि 'अचीव' करके केवल पुरुषों के ही बाँछे नहीं खिलती, स्त्रियों के भी पाँव जमीन पर नहीं पड़ते। पुत्र के शुभागमन के लिए स्त्री–पुरुष दोनों ही केवल अपने इष्टदेवों से नहीं, ... नदियों, पर्वतों, वृक्षों, गायों और संत–फकीर, पीर–बाबाओं आदि इत्यादि की पूजा–अर्चना, झाड़–फूँक, माला–गंडा–ताबीज सबकी खाक छान आते हैं.. यह उद्यम लोक प्रसिद्ध है। इसकी विलोम कामना–पूर्ति के लिए राजा–से–रंक, खास से आम... आज तक ऐसा उद्यम किसी ने भी किया हो तो मेरी जानकारी में एकदम अज्ञात और दुर्लभतम मामला हो सकता है। खैर छोड़िए ! लड़के तो सभी लड़के होते हैं और जिनके लड़के होते हैं उनकी तो बात ही कुछ और होती है। दूल्हा ! दूल्हा तो दुर्लभ होता है। और जो दुर्लभ होता है उसकी औकात (वैल्यू) तो आप जानते हैं और जानेंगे भी क्यों नहीं.. हम सब भी तो उसी परंपरा के ध्वजवाहक जो ठहरे ! अगर ये ध्वज हम सब न उठाए होते और न उठाएँगे तो सदियों से अपने वर्चस्व का लाल कब का इंडिया गेट का चौरस मैदान हो गया होता। अपने वर्चस्व का झंडा बुलंद रहे, ... इसके लिए हम ऊँची–नीची–ओछी–सब हरकत कर जाते हैं! क्या फर्क पड़ता है! फर्क पड़ता है, साहब, जब कभी कोई सुकन्या देवी–दुर्गा–काली–चंडी का अवतार लेकर किसी दूल्हे का रूप–गर्व मर्दन कर बैठती है। यह अलग बात है कि ऐसी दूल्हा–दर्प–मर्दन कथाओं का प्रभाव समाज में दीर्घकालिक न होकर व्यक्तिगत और अल्पकालिक ही होता है; क्योंकि यह मगज–मर्ज तो पानी में फैले काई की तरह है, जिसमें एक पत्थर पड़ने पर वह थोड़ी देर के लिए हट तो जाती है फिर जस–के–तस दशानन जैसा ! वह वहाँ से तभी हट सकती है जब वहाँ से पानी ही हट जाए। लेकिन पानी का हटना क्या आसान है? आसान तो केवल परोपदेश होता है ... आचरण नहीं। पानी और समाज में गुण साम्य है.. पानी ठोस भी होता है, गर्म भी होता है, थोड़ी देर में पानी फिर पानी ही होता है। समाज में भी कभी–कभी शिक्षा उपदेश और प्रेरणाओं का बुलबुला तो उठता है, किंतु पानी का बुलबुला फिर पानी में ही फूटता है। इस तरह पानी में तरलता और समाज में गतिशीलता है। पानी और काई का जो संबंध है, वह तो है, किंतु काई पानी का संस्कार नहीं है। लेकिन समाज में पुरुषत्व का वर्चस्व तो उसका अपना संस्कार है। इसे त्यागकर तपस्वी–महात्मा भला कौन बनना चाहता है? उसे आज कौन पूछता है? जमाना तो 'रफ एंड टफ' दबंगों का है। इसीलिए तो इसे बढ़ाकर ही पुरुषों का वक्षस्थल बत्तीस से छत्तीस, छत्तीस से चौवन और मूँछें 'यूआकार' हो जाती है।

दूल्हों को देखना क्या देखना? दूल्हा और दुल्हन को देखने में फर्क होता है, क्या होता है? आप भी जानते हैं! लड़का हट्टा–कट्टा–तगड़ा पट्ठा–जवान हो, बी. ए, बी. एस सी, बी. कॉम पास हो तो अच्छा है... बाप के बटुए में मोटा माल हो तो बहुत अच्छा है.. अगर हाथ–पैर–दिमाग चलाकर कुछ कमाता–धमाता हो तो सोने पर सुहागा है। जिसके पास इतना कुछ नहीं है,

वह ठन-ठन गोपाल, किस्मत का मारा, अभागा और बेचारा है। उसके तेवर ढीले होते हैं, वह थोड़ा कम उछलता है, किंतु पुरुषत्व का अहंकार किसी शेर की तरह उसके भीतर भी बैठा गुर्राता रहता है। दूल्हे को देखते समय नजर में वह 'तीखापन' नहीं होता, 'मीन-मेख' की अदा पर लगाम होता है... ठीक है, चलता है, चलेगा ... इन्हीं आदि-इत्यादि जुमलों की प्रधानता से काम चलता है। दोनों को देखते समय हमारी दृष्टि और दृष्टिकोण में गंभीर अंतर होता है।

दूल्हे को 'उस' सूक्ष्म दृष्टि, गंभीरता और संपूर्णता में कोई नहीं देखता, अगर कोई देख रहा हो तो समझिए वह बाप अपनी बेटी के भविष्य के विषय में अतिरिक्त रूप से गंभीर है। तभी तो मुँह जलने से पहले ही वह दूध को फूँक मारकर पीने का प्रयास कर रहा होता है। हर बेटी के बाप का ध्यान जहाँ चेहरे (रुप) से ज्यादा जेब (गुण) पर होता है; वहीं हर बेटे के पक्ष वालों का ध्यान 'ऊपर-नीचे' दोनों पर होता है। यहाँ ऊपर नीचे का संबंध क्रमशः बेटी और उसके बाप से होता है। उसके बाल अच्छे नहीं है... कट ! उसके दाँत अच्छे नहीं हैं... कट ! वह मोटी है... कट ! वह पतली है... कट ! उसकी सूरत (नयन नक्श) अच्छी नहीं है... कट ! उसके चेहरे पर पानी है... नहीं है कट ! कट ! कट ! कट !! न जाने किस बात पर कट। आजकल तो एक बात और भी होने लगी है... उसके फेसबुक इत्यादि का प्रोफाइल को खुफियाना अंदाज़ में खंगाला जाता है... अगर वहाँ से कुछ भी 'संदिग्ध' आंखों में गड़ जाए तो कट ! इस मामले में हम जो दूध से धुला हो, उससे भी अधिक धुले अपने आप को समझते हैं। वधू की बारीक-से-बारीक बातों पर नजर रखने वाले वर और वर पक्ष के नखरे बरगद की तरह होते हैं। तभी तो कन्या-दर्शन से कन्यादान की संपन्नता तक, कन्या के पिता के प्राण पिंजरे में बंद परिंदे की भाँति हर हलचल पर फड़फड़ा उठता है!

हर छोटी-मोटी, सच्ची-झूठी बात पर लड़की को रिजेक्ट करने वाला 'होनहार' लड़का हिलते-डूलते आईने में पीछे से ऋतिक रोशन की तस्वीर देखकर उसी में अपने आप को फिट करके खुद को 'माचोमैन' समझता है.... तब तो उसे प्रियंका, कैटरीना, करीना और आलिया से कम कुछ जँच जाए तो उसकी आंखों को धिक्कार है! जानी लीवर होकर भी खुद को जॉन अब्राहम समझना उसकी फितरत है। इस ऊँचाकांशा में अपने स्वप्न-लोक की परियों की तलाश बंदा इस लोक में करता फिरता है। ये समझे-जाने बगैर कि अपना परिवार-समाज-परिवेश-धरती-मिट्टी-हवा-पानी कैसा है? इस लोक में तो भई, इसी लोक की मिलती है। 'उस लोक' की चाहिए तो उस लोक में जाना पड़ता है। कभी-कभी लंगूर के मुँह में अंगूर भी देखा जाता है! जब लंगूरों को अंगूर मिल सकता है तो हमें क्यों नहीं?... हम तो! ऐसे ही कुछ 'इंसेंटिव' श्याम-हरि-मुख के हृदय में भी 'मिल्की व्हाइट' का कामना-वृक्ष उगा देते हैं। उसे पालता हुआ वह स्वत्व के मदान्ध में तब तक डगमगाता फिरता है, जब तक उसे ठेस न लग जाए; जमाने की उसे कुछ खबर न हो जाए या जमाना उसी को खबरदार न करने लग जाए! वैसे, बादाम खाने से अक्कल आए या न आए... ठेस लगने से अक्कल आती जरूर है! इसे फेर में कई बार हो जाती है लेट.. मिल्की व्हाइट मिली नहीं.. एक्सपायर हो जाती है 'श्यामा संग फेरों की डेट!!

डॉ. योगेंद्र कुमार
हिंदी विभाग
पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

समाज की धारणा

सन्यास लेने के बाद गौतम बुद्ध ने अनेक क्षेत्रों की यात्रा की। एक बार वह एक गाँव गये। वहाँ एक स्त्री उनके पास आई और बोली आप तो कोई राजकुमार लगते हैं। क्या मैं जान सकती हूँ कि इस युवावस्था में गेरुआ वस्त्र पहनने का क्या कारण है? बुद्ध ने विनम्रता पूर्वक उत्तर दिया कि तीन प्रश्नों के हल ढूँढने के लिए उन्होंने सन्यास लिया। बुद्ध ने कहा – हमारा यह शरीर जो युवा व आकर्षक है वह जल्दी ही वृद्ध होगा, फिर बीमार व अंत में मृत्यु के मुँह में चला जायेगा। मुझे वृद्धावस्था, बीमारी व मृत्यु के कारण का ज्ञान प्राप्त करना है।

बुद्ध के विचारों से प्रभावित होकर उस स्त्री ने उन्हें भोजन के लिए आमंत्रित किया। शीघ्र ही यह बात पूरे गाँव में फैल गई। गाँववासी बुद्ध के पास आए और आग्रह किया कि वह इस स्त्री के घर भोजन करने न जाए क्योंकि वह चरित्रहीन है। बुद्ध ने गाँव के मुखिया से पूछा- क्या आप भी मानते हैं कि वह स्त्री चरित्रहीन है? मुखिया ने कहा कि मैं शपथ लेकर कहता हूँ कि वह बुरे चरित्र वाली स्त्री है। आप उसके घर ना जाए। बुद्ध ने मुखिया का दाँया हाथ पकड़ा और उसे ताली बजाने का कहाँ मुखिया ने कहा – मैं एक हाथ से ताली नहीं बजा सकता क्योंकि मेरा दूसरा हाथ आपके द्वारा पकड़ लिया गया है।

बुद्ध बोले इस प्रकार यह स्वयं चरित्रहीन कैसे हो सकती है, जब तक कि इस गाँव के पुरुष चरित्रहीन ना हो। अगर गाँव के सभी पुरुष अच्छे होते तो यह औरत ऐसी ना होती इसलिए उसके चरित्र के लिए यहाँ के पुरुष जिम्मेदार हैं। यह सुनकर सभी लज्जित हो गए लेकिन आजकल हमारे समाज के पुरुष लज्जित नहीं गौरवान्वित महसूस करते हैं क्योंकि यही हमारे 'पुरुष प्रधान' समाज की रीति एवं नीति है।

स्वीटी बवारी
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

दान की महिमा

एक भिखारी सुबह-सुबह भीख माँगने निकला। चलते समय उसने अपनी झोली में जौ के मुट्ठी भर दाने डाल दिए, इस अंधविश्वास के साथ कि भिक्षाटन के लिए निकलते समय भिखारी अपनी झोली खाली नहीं रखते। थैली देखकर दूसरों को भी लगता है कि इसे पहले से ही किसी ने कुछ दे रखा है।

पूर्णिमा का दिन था। भिखारी सोच रहा था कि आज अगर ईश्वर की कृपा होगी तो मेरी यह झोली शाम से पहले ही भर जाएगी। अचानक सामने से राजपथ पर उसी देश के राजा की सवारी आती हुई दिखाई दी। भिखारी खुश हो गया। उसने सोचा कि राजा के दर्शन और उनसे मिलने वाले दान से आज तो उसकी सारी दरिद्रता दूर हो जाएगी और उसका जीवन संवर जायेगा। जैसे-जैसे राजा की सवारी निकट आती गई भिखारी की कल्पना और उत्तेजना भी बढ़ती गई। जैसे ही राजा का रथ भिखारी के निकट आया, राजा ने अपना रथ

रुकवाया और उतर कर उसके निकट पहुँचे। भिखारी की तो मानो साँसे ही रुकने लगी, लेकिन राजा ने उसे कुछ देने के बदले उल्टे अपनी बहुमूल्य चादर उसके सामने फैला दी और उससे भीख की याचना करने लगा। भिखारी को समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे।

वह सोच ही रहा था कि राजा ने पुन: याचना की। भिखारी ने अपनी झोली में हाथ डाला मगर हमेशा दूसरों से लेने वाला मन देने को राजी नहीं हो रहा था। जैसे-तैसे करके उसने दो दाने जौ के निकाले और राजा की चादर में डाल दिए। उस दिन हालांकि भिखारी को अधिक भीख मिली लेकिन अपनी झोली में से दो दाने जौ के देने का मलाल उसे सारा दिन रहा। शाम को जब उसने अपनी झोली पलटी तो उसके आश्चर्य की सीमा ना रही। जो जौ वह अपने साथ झोली में ले गया था, उसके दो दाने सोने के हो गए थे। अब उसे समझ में आया कि यह दान की महिमा के कारण ही हुआ। वह पछताया कि- काश! उस समय उसने राजा को और अधिक जौ दिए होते लेकिन दे नहीं सका, क्योंकि उसकी देने की आदत जो नहीं थी।

शिक्षा-

1. देने से कोई चीज कभी घटती नहीं।
2. लेने वाला से देने वाला बड़ा होता है।
3. अँधेरे में छाया, बुढ़ापे में काया और अंत समय में माया किसी का साथ नहीं देती।

स्वीटी बवारी
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

समय का बदलाव

समय ....कह रहा है।
ना दोस्त किसी का न दुश्मन किसी का
जिसने दोस्त बनाया दोस्त उसी का
दुश्मन जिसने बनाया दुश्मन उसी का

ना मुझको बदनाम कर, अपना कुछ तू नाम कर
जिस ने मुझ को खोया है, तकलीफ वही पाया है।
जिसने मेरी कीमत समझी है, मंजिल भी वह पाया है।

कर मेहनत और लगन से लोगों ने मुझे झुकाया।
मुझ से भी तेज चल कर, अपने नाम को बढ़ाया।

कर लो तुम खुद से एक प्रण, न तुम मुझे खराब करोगे
एक-एक पल को तुम अपनी जान से भी ज्यादा उपयोग करोगे।

रहे अडिग तुम इस पथ पर, मंजिल तुम पाओगे
इस समय को दोस्त बना तुम इसको पाओगे

समय से बड़ा न कोई दुश्मन है
समय से बड़ा ना कोई हित है।

आँखों में नींद है, दिल में जुनून है
कुछ कर दिखाने का, मेरा यह जुनून है।

लक्ष्य भी एक है, तीर भी एक है
ना जाने क्यों? राहें अनेक हैं।

अब न लौटूँगा, न राह बदलूँगा
आगे ही आगे बढ़ता मैं जाऊँगा।

काँटों की इस राह को, फूलों में बदलूँगा

मेहनत और लगन से, राह को आसान बनाऊँगा।

न डगमगाएंगे मेरे कदम, ना डगमगाएगा मेरा जुनून
बना मैं राह एक, आगे ही आगे बढ़ता जाऊँगा।

चाह लिया है, कुछ कर जाऊँगा
देश के लिए, मैं मर जाऊँगा।

बढ़ता मैं जाऊँगा, पीछे न मुड़कर देखूँगा
एक दिन मैं मंजिल पर पहुँच ही जाऊँगा।

वंशिका प्रजापति
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

‘जीवन’ शब्द में छुपा रहस्य....

प्राकृतिक आपदाओं को देख कर तो ऐसा लगता है मानो जैसे यह प्रकृति का संदेश है हम लोगों के लिए कि ऐ नासमझ इंसानों संभल जाओ अभी भी वक्त है नहीं तो ये मात्र अभी ट्रेलर था पिक्चर तो अभी बाकी है।

हर साल पर्यावरण दिवस आता है चला जाता है। क्या होता है इस दिन? कोई सम्मानित व्यक्ति हमारे समक्ष आता है। कोई लंबा चौड़ा भाषण देता है और कई सुझाव देता है। वादे करता है। पर्यावरण संबंधी कुछ लुभावनी बातें कर के चला जाता है। अपनी सरकारी संस्थाओं आदि की उपलब्धियों का गुणगान करते हुए विपक्ष पर कीचड़ उछालता है। कहीं किसी कमरे के सामने “वृक्षारोपण अभियान” चलाया जाता है। अंततः इस तरह पर्यावरण दिवस भी बीत जाता है पर सवाल यह है कि क्या हुआ उन लंबे चौड़े भाषण और लुभावने वादों से या इन एक दिन के लगाए गए पौध ों से। उन कमरों के सामने लगाए पेड़ पौधों की दशा कैसी है या उन्हें किसी चीज की आवश्यकता है या नहीं? क्या इन सब कार्यों की माँग से पर्यावरण सुरक्षित हो गया? या क्या प्राकृतिक आपदाओं का खतरा टल गया? नहीं ना। तो अब सवाल यह उठता है कि ऐसा क्या किया जाए कि यह प्रकृति भी सुरक्षित हो जाए और हमारा जीवन भी। इसी जीवन शब्द में छुपा है हमारी इस समस्या का समाधान भी। जीवन शब्द जो कि जी + वन इन दो शब्दों के मेल से बना होता है। ‘जी’ अर्थात प्राण और ‘वन’ अर्थात् पेड़ पौधे इत्यादि से बना क्षेत्र। यानी कि यह जीवन शब्द वह माध्यम है जो आज हमारे प्राणों की रक्षा कर सकता है।

इतिहास उठाकर देख लीजिए आप लोगों को यही मिलेगा कि मनुष्य प्राचीन काल से ही वनों पर निर्भर रहा है। वन हमें वह सब कुछ देता है जो न केवल हमारी रक्षा हेतु आवश्यक होता है अपितु हमारी सभी प्रकार की जरूरतों को पूरा करता है। इन वनों ने हमारा हर क्षण साथ दिया है। जन्म से मृत्यु तक हम वन पर निर्भर हैं। वनों ने हमारा पालन-पोषण ‘माँ’ की तरह किया है। सब कुछ यही प्रदान करते हैं। हमने बदले में वनों को क्या दिया? जिन्होंने हमारा पालन-पोषण अपने बच्चे की तरह किया।। क्या दिया इन्हें? विनाश! विनाश! विनाश! अपने लालच और स्वार्थ के लिए काटा, जलाया, हानि पहुँचाई जिससे वन धीरे-धीरे खत्म होने की कगार पर हैं। हमारे प्राण भी संकट में है। अगर वन खत्म हो गए तो हमारा जीवन भी समाप्त है।

आज अपने जीवन और प्रकृति की रक्षा के लिए हम लोगों को पुनः एक बार फिर वनों को जीवन में वापस लाने की जरूरत है। हमें प्रकृति के मातृत्व भाव का कर्ज चुकाना होगा। तभी प्रकृति माँ को हरे भरे वनों के रूप में वापस लाने में सफल होंगे। आज एक बात समझना जरूरी है- मनुष्य के बिना इन वनों का अस्तित्व होगा परंतु हम लोगों का इन वनों के बिना अपना कोई अस्तित्व नहीं है।

वंशिका प्रजापति
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

संकल्प शक्ति

एक बार महात्मा बुद्ध अपने शिष्यों के साथ कहीं जा रहे थे। उन्हें रास्ते में एक चट्टान अवरोधक के रूप में मिला। तब एक शिष्य महात्मा से पूछ पड़ा- महाराज! इस चट्टान से मजबूत और ताकतवर कोई वस्तु है? महात्मा बोले वत्स! अवश्य लोहा है, जो इसे तोड़ सकता है। अर्थात यह चट्टान से मजबूत और ताकतवर है अतः इस नाशवान संसार में हमें गर्व नहीं करना चाहिए क्योंकि हमारे गर्व को तोड़ने वाला कोई ना कोई अवश्य होता है। जिज्ञासु शिष्य ने पुनः प्रश्न किया- महाराज तब लोहे से ताकतवर क्या हो सकता है? महात्मा ने उत्तर दिया- अवश्य! अग्नि, जो इसे पिघला सकती है। पुनः शिष्य ने प्रश्न किया- और अग्नि से ताकतवर? महात्मा जी ने सहजता से उत्तर दिया- वत्स! पानी। शिष्य ने पानी से भी अधिक शक्तिशाली वस्तु जानने की इच्छा प्रकट की। महात्मा ने कहा- वायु है जो पानी के प्रवाह की दशा को मोड़ सकता है। शिष्य की जिज्ञासा और बढ़ गई। वह पूछा- चट्टान, लोहा, अग्नि, जल और वायु से भी बढ़कर कोई बला है क्या? महाराज जो इन सबसे अधिक शक्तिशाली है।

महात्मा शिष्य के प्रश्न पूछने की जिज्ञासा और चंचलता पर हँस पड़े। और उसके प्रश्न के उत्तर को बड़ी सरलता से दिया- वत्स! तुम नहीं जानते? इस चट्टान, लोहा, अग्नि, जल और वायु आदि से भी बढ़कर ताकतवर और मजबूत कुछ है तो वह है- 'मनुष्य की संकल्प शक्ति' जिसके द्वारा मनुष्य अपने कठिन से कठिन कार्य को सरल से सरल तरीके से कर सकता है और अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है।

आनंद मिश्रा
बी. ए. (हिंदी विशेष) द्वितीय वर्ष

बचपन की कुछ यादें

मसरुफियत के दिन हैं, कॉलेज की परीक्षाएँ सर पर है इसलिए सब व्यस्त हैं। दो लम्हें की भी फुर्सत नहीं लेकिन यह दो क्षण निकाल लीजिए तो दुनिया को देखने समझने और मुस्कुराने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। बचपन, स्कूल, घर और दोस्तों से जुड़ी चंद बातें और चीजें ऐसी हैं जो सबको एक समय पर जहर लगती है और बस चंद सालों के फासले पर उनका इंतजार रहता है। पेंसिल थी, तो स्याही वाले पेन की चाह थी, पेंसिल छीलना, नोक बनाना झँझट लगता था। आज जैल पेन तक आ गए तो पेंसिल छीलने का इत्मीनान और छीलने से आकृतियाँ बनाने की होड़ याद आती है। स्कूल जाना तो शायद ही किसी को पसंद हो, बस्ता (बैग) जमाना, क्लास के बारे में सोच-सोच कर दुबले होना। लगता था कि जब इस दौर से निकल जाएंगे तब जिंदगी के मजे आएंगे। स्कूल यूनिफार्म हर सुबह याद आती है जो उन दिनों ऊब लगती थी आज अलमारी खोल कर खड़े होते हैं कि क्या पहने तो बड़ी याद आती है वह बोरिंग सी यूनिफार्म जिसके रहते कुछ और सोचने की जरूरत ही नहीं थी। पहले कहते थे दोपहर में कोई सोता है क्या? आज दफ्तर में खाना खाने के बाद जब आँखें मूँदने लगती है तो कहते हैं

दोपहर में सोना नसीब वालों को मिलता है। माँ जब कहती थी घर पर रुकना आज याद है कितना बवाल मचाते थे घर पर। बोर हो जाएँगे क्या करना होता है घर में? आज घर पर रुक कर चंद आराम के पल बिताने को कोई नहीं कहता। बचपन के एक-एक क्षण बहुत याद आते हैं। बचपन में पुराने गाने बोरिंग लगते थे आज उनकी मधुरता का एहसास होता है। जीवन में सब कुछ मिल सकता है परंतु हमारा बचपन नहीं मिल सकता दोबारा। बचपन में याद है छोटे होते हुए हमें बड़ा दिखना अच्छा लगता था आज जब कोई कहता है कि तुम्हारी उम्र का पता नहीं चलता। कितना अच्छा लगता है सबसे हसीन पल जीवन के जो होते वह हमारे बचपन के पल होते हैं जो हम से चाहकर भी भुलाए नहीं जाते।

तस्लीमा
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

मेरे विचार

सन 1947 में भारत की आजादी के साथ-साथ कुछ सकारात्मक प्रभाव पड़े तो कुछ नकरात्मक भी। जहाँ एक ओर भारत धीरे-धीरे आर्थिक रुप से संपन्न होने लगा तो वहीं दूसरी और धार्मिक भेदभाव बढ़ने लगा। लोगों को प्रलोभन देकर अलग-अलग धर्मो में बाँटा जाने लगा। शिक्षा का जो स्तर आज है वह उस समय नहीं था। यही कारण है कि उस वक्त सांप्रदायिकता का बीज बो दिया गया और राष्ट्र निर्माण की ओर देखने के बजाए दृष्टि धर्मों के पक्ष- विरोध पर थम गई।

इस देश की इससे अजीब विडंबना क्या ही होगी जहाँ लोग तो आधुनिकता की दुहाई देते हैं और साथ आज भी रूढ़िवादी है जिसका नमूना राजनीति में देखा जा सकता है जहाँ जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर ही रणनीति बनाई जाती है। यह स्थिति राजनीतिज्ञों की मानसिकता पर कड़ा प्रहार करती है।

इस देश का सौभाग्य रहा है कि जहाँ एक ओर महात्मा गांधी जैसे बुद्धिजीवियों ने जन्म लिया वहीं दूसरी ओर डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तित्व ने भी अपनी सेवाएँ देश को दी थी। आजादी से पहले जहाँ भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी नेता हुए तो वहीं दूसरी ओर अशफाकुल्लाह खाँ जैसे लोगों ने भी कदम से कदम मिलाया।

प्रसंगवश - कहा जा सकता है कि जब हमारे अमरनाथ यात्रियों के लिए सलीम हमले में ढाल बनकर खड़ा हो सकता है तो हज यात्रियों के लिए हम भी ढाल बनकर खड़े हो सकते हैं। मेरे विचार से इस देश को खड़ा करने के किसी धर्म विशेष का योगदान नहीं है बल्कि सभी धर्मों के लोगों ने सराहनीय योगदान दिया है। धर्म, जाति, लिंग आदि को त्यागकर एक और एक ग्यारह बन कर काम करना चाहिए तभी भारत पुन: 'सोने की चिड़िया' कहलाएगा।

'मेरे लहजे में राम-राम है
तेरे लहजे में सलाम है
फर्क सिर्फ लहजे का है जनाब
अत: मैं भी एक इंसान हूँ,
तू भी एक इंसान है।

रोहित कुमार
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

साहित्यकार का जीवन

साहित्यकार मस्तिष्क, बुद्धि और हृदय से संपन्न एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज से पृथक हो ही नहीं सकता क्योंकि वह भी समाज का ही एक प्राणी है। वह समाज के मध्य जीता है और समाज के मध्य साँस लेता है। जब कभी उसे घुटन की अनुभूति होती है तब उसकी अभिव्यक्ति साहित्य के रूप में प्रकट हो जाती है। समाज के साथ निकटता उसे साहित्य सृजन की प्रेरणा देती है और तभी उसके रचे साहित्य को समाज स्वीकार कर लेता है। सामाजिक प्रभाव और दबाव की उपेक्षा कर साहित्यकार एक कदम आगे नहीं बढ़ सकता है। कबीर की साखियाँ तथा प्रेमचंद की कथा आगे नहीं बढ़ सकती है। कबीर ने अपने समय के धार्मिक बाह्यडम्बरों, सामाजिक कुरीतियों एवं खोखली मान्यताओं के विरोध में अपना स्वर बुलंद किया। निराला जी के साहित्य में ही नहीं उनके व्यक्तिगत जीवन में भी यह धर्म बराबर बना रहा। प्रेमचंद की कहानियों एवं उपन्यासों में सर्वत्र किसी-न-किसी सामाजिक समस्या के प्रति उनके गहरी संवेदना झलकती है। अत: हम कह सकते हैं कि साहित्यकार अपने युग तथा समाज के प्रभाव से अपने को अलग रखना भी चाहे तो भी वह ऐसा नहीं कर सकता।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। किंतु इस कथन का यह आशय नहीं है कि साहित्यकार समाज का फोटोग्राफर है और सामाजिक विद्रूपताओं, कमियों, दोषों, अंधविश्वासों और मान्यताओं का यथार्थ चित्रण करना ही उसका उद्देश्य होता है। साहित्यकार को तो ब्रह्मा कहा गया है। वह नए समाज का सृजन भी करता है। वर्तमान समाज की विद्रूपताओं पर व्यंग्य भी करता है और भी युगांतकारी जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा कर सुंदरतम समाज का जो रुप हो सकता है वह उसका भी एक रेखाचित्र प्रस्तुत करता है। इस प्रकार जीवन के शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा करने के कारण साहित्यकार एकदेशीय होकर भी सार्वदेशिक होता है।

इस प्रकार जीवन और साहित्य का अटूट संबंध है। साहित्यकार अपने जीवन में जो दुख, अवसाद, कटुता, स्नेह, प्रेम, वात्सल्य, दया आदि का अनुभव करता है उन्हीं अनुभवों को वह साहित्य में उतारता है। यदि हम इतिहास के पृष्ठों को पलटकर देखें तो हम पाते हैं कि साहित्यकार के क्रांतिकारी विचारों ने राजाओं-महाराजाओं को बड़ी-बड़ी विजय दिलवाई है।

अनेक ऐसे राजाओं का उल्लेख मिलता है। जिन्होंने स्वयं तथा अपनी सेना के मनोबल को उन्नत बनाए रखने के लिए कवियों और साहित्यकारों को विशेष रूप से अपने दरबार में नियुक्त किया था।

मध्यकाल में भूषण जैसे वीररस के कवियों को दरबारी संरक्षण एवं सम्मान प्राप्त था। बिहारी लाल ने अपनी कवित्व शक्ति से विलासी महाराज के उनके कर्तव्य का भान कराया था। संस्कृत के महान साहित्यकारों कालिदास और बाणभट्ट को अपने राजाओं का संरक्षण प्राप्त था। बिहारी की पंक्तियाँ यहाँ दृष्टव्य हैं-

'नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास यहि काल
अली कली में ही सौं बिन्ध्यो आगे कौन हवाल।'

इस प्रकार हम देखते हैं कि जीवन और साहित्य को पृथक नहीं किया जा सकता। उन्नत साहित्य जीवन को नैतिक मूल्य प्रदान करता है और उसे उत्थान की ओर ले जाता है। साहित्य के विकास की कहानी वास्तविक रूप में मानव सभ्यता के विकास की गाथा है।

जब हमारा देश अंग्रेजी सत्ता का गुलाम था तब साहित्यकारों की लेखनी की ओजस्विता राष्ट्र के पूर्व गौरव और वर्तमान दुर्दशा पर केंद्रित थी। इस दृष्टि से साहित्य का महत्व वर्तमान में भी बना हुआ है। आज के साहित्यकार वर्तमान भारत की समस्याओं को अपनी रचनाओं में स्थान दे रहे हैं।

निशु
बी. ए. (हिंदी विशेष)तृतीय वर्ष

एक कहानी

यह कहानी है 1953 ई. की उस जमाने में लड़कियों को अपने लिए रिश्ता चुनने का अधिकार नहीं हुआ करता था, हक नहीं हुआ करता था। ऐसे माहौल में राजस्थान में रहने वाली एक 16 साल की लड़की के लिए रिश्ता आता है, तो लड़की रोती है और अपनी माँ को समझाते हुए कहती है-

मम्मी भेजो ना मुझको दूर तुम,
ऐसे मुझ पर करो ना अफसोस तुम
मम्मी भाई भी तो है बाहर खड़ा,
उसकी शादी करवा दो, वो तो है मुझसे बड़ा
मम्मी गलती क्या हुई मुझसे मुझको बता दो तुम
सीने से अपने मुझको लगा लो तुम

लड़की की माँ उसकी नहीं सुनती और उसको डाँटते हुए कहती है कि-

बेटी अपने घर जाना है तुझको अब
तेरा रिश्ता खत्म हुआ हमसे अब
हमको अब तू भूल जाना
अपने पति का तुझको है
साथ निभाना

लड़की बहुत समझाती है लेकिन उसके माँ-बाप उसकी एक नहीं सुनते और रक्षाबंधन वाले दिन उसकी शादी तय कर देते हैं, लड़की यह सब बर्दाश्त नहीं कर पाती और राखी के दिन खुद को फाँसी लगा लेती है। लड़की का भाई जब अपनी बहन की लाश को देखता है तो रोता है और रोते-रोते अपनी माँ से कहता है-

मम्मी मेरी बहन को तुमने मुझसे छीन लिया है,
राखी का कितना अच्छा तोहफा दिया है,
अपनी बहन से अब मैं खुद मिलने जाऊँगा
क्योंकि उसके बिना तो मैं भी जी नहीं पाऊँगा।

अपने बेटे के मुँह से यह सब सुनकर उसके पिता को गुस्सा आता है और वह अपने बेटे को चाँटा मारने के लिए जैसे ही आगे बढ़ते हैं एक कागज उनके पैरों से टकराता है। उस कागज में उस लड़की ने अपने कुछ अंतिम शब्द लिखे थे जो शायद वह लोग तो न समझ सके लेकिन हमें उन शब्दों को समझना चाहिए।

उस कागज में लड़की ने लिखा था-

ना मम्मी की जान बन पाई
ना पापा की पहचान बन पाई
ना भाई की शान बन पाई

मैं मर इसलिए नहीं रही हूँ क्योंकि मेरी शादी करवा रहे हैं, मैं मर इसलिए रही हूँ क्योंकि इस 16 साल की लंबी जिंदगी में मुझे एक बात समझ आ गई की जितनी खुशी मेरे पैदा होने पर नहीं हुई शायद उससे कहीं ज्यादा खुशी मेरे मरने पर हो। और मैं आप सबको हमेशा खुश देखना चाहती हूँ।

शांतनु गर्ग
बी. कॉम. प्रथम वर्ष

कभी हार मत मानो

बीच रास्ते से लौटने का कोई फायदा नहीं क्योंकि लौटने पर आपको उतनी ही दूरी तय करनी पड़ेगी जितनी दूरी तय करने पर आप लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं।

अधिकतर लोग ठीक उसी समय हार मान लेते हैं जब सफलता उन्हें मिलने वाली होती है, विजय रेखा बस एक कदम दूर होती है तभी वे कोशिश करना बंद कर देते हैं वे खेल के मैदान से अंतिम 1 मिनट में हट जाते हैं, जबकि उस समय जीत का निशान उनसे केवल 1 फुट के फासले पर होता है।

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती....

गीता यादव
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

जरूरत है कुछ करने की

जरूरत है कुछ करने की?
न की खाली बैठे रहने की,
है माहौल हर तरफ निराशा का,
न आस दिख रही बदलाव की,
अगर रहा हाल ऐसा ही धरती का,
जगह न रहेगी जीने की,
ये वक्त नहीं बेवजह बहस करने का,
समय आ गया है, जरूरत है कुछ करने की ?
जरूरत है कुछ करने की?

आज दुनिया में विभिन्न समस्याएँ संकट बनकर हमारे सामने आ खड़ी हुई है। इन समस्याओं में 'ग्लोबल वार्मिंग' तथा भिन्न-भिन्न मुद्दों को लेकर विभिन्न देशों में टकराव होना आम बात बन गई है। इस सबसे सारे के सारे प्राणियों के जीवन को ही खतरा है। ऐसा नहीं लगता है कि इन समस्याओं पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। क्योंकि हर देश अपने ही फायदे की सोचता है। ऐसा नहीं लगता है कि वह वास्तव में इस समस्या का निदान चाहते हैं और पृथ्वी तथा प्राणी जगत के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए इसी तरह कई समस्याएँ हमारे देश के भी सामने खड़ी है जो न केवल हमारे लिए शर्म करने लायक है बल्कि इससे हमारे अस्तित्व व शांति को भी खतरा है।

सबसे पहले तो बात करते हैं पर्यावरण की। पर्यावरण के साथ भी बहुत सी समस्याएँ जुड़ी हुई हैं लेकिन जो सबसे बड़ी समस्या हाल ही में हमारे सामने खड़ी है तथा टलने का नाम नहीं ले रही है, वह है प्रदूषण की समस्या।

पिछले करीब दो ढाई महीने से हमारी राजधानी व इसके पड़ोसी राज्यों में इसकी मात्रा बहुत तेजी से बढ़ी है।

राजधानी में प्रदूषण के कण इतनी सघनता में है कि लोगों को कैंसर, हार्ट अटैक व दमा जैसी बीमारी हो सकती है। समस्या इतनी बढ़ चुकी है कि हमारे देश में ब्रिटेन जैसे कई देशों ने अम्बेसियों में एक ही व्यक्ति को ज्यादा

समय तक दिल्ली में रखना उचित नहीं समझा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह देश अपने कुछ अधिकारियों की भी कितनी चिंता करते हैं मगर यहाँ हमारे करोड़ों लोगों के जीवन का सवाल है फिर भी देश की न तो केंद्रीय और न राज्य सरकारें गंभीर नजर आ रही हैं। ऐसा लगता है कि इन्हें देश की जनता से ज्यादा चिंता अपनी पार्टी व कुर्सी की है।

इससे भी बढ़कर लोगों का देश में आज भी भूखा मरना आम बात है। ऐसा क्या विकास किया है हमने 70 सालों में जो हम अपने नागरिकों को भोजन की उपलब्धि भी नहीं करा सकते।

देश को आजादी दिलाने के संघर्ष के दौरान हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का सपना था कि आजाद भारत में कोई भी इंसान भूखा नहीं सोना चाहिए। लेकिन हाल आज भी वैसा ही है। हाल ही में झारखंड व उत्तर प्रदेश में क्रमशः एक लड़की व बूढ़ी औरत की मृत्यु घर में खाद्यान न होने के कारण हो जाती है। मगर इसके पीछे कुछ अन्य कारण भी सामने आ रहे हैं कि इनके पास आधार कार्ड नहीं था या अन्य महत्वपूर्ण कागजात नहीं थे। यहाँ तो इन लोगों से सिर्फ जरूरी कागजात न होने के कारण राइट टू फूड का अधिकार तक छीन लिया गया। इतना तो गैर देश भी शरणार्थियों के साथ नहीं करते हैं उन्हें भी समय बेसमय भोजन तो मिल ही जाता है। हाल ही के एक सर्वे में हमारे देश का स्थान ग्लोबल हंगर इंडेक्स सूची में 118 में से 100 वाँ था।

ऐसा ही कुछ हाल शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी देखने को मिलता है। एक तरफ तो हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना चाहते हैं और यह सपना केवल तकनीकी ज्ञान व अच्छे प्रशासन के आधार पर ही साकार हो सकता है। मगर हमारे देश में इंजीनियरिंग की लाखों सीटों पर दाखिला तक बच्चे नहीं ले पाते हैं। जिससे कक्षा खाली ही नजर आती है। हाल ही में देखा गया है कि उत्तर प्रदेश में व कई अन्य राज्यों में सरकारी कॉलेजों में एक कक्षा में 2 से 3 बच्चे ही बैठे नजर आए थे।

इसके अलावा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कुछ ऐसा ही हाल है। इस देश में ही बनी जेनेरिक मेडिसिन जो बहुत ही सस्ती होती है वह तो सरकारी व प्राइवेट डॉक्टरों द्वारा मरीजों को लिखी नहीं जाती है बल्कि दवा किसी दूसरे ब्रांड की लिख दी जाती है। हमारे देश में वे दवाएँ धड़ल्ले से बिकती हैं जिन दवाइयों पर अमेरिका में प्रतिबंध है। उनके मानकों पर खरा न उतरने के कारण वे दवाइयाँ हमारे देश में ही बनाई जा रही है। लेकिन प्रशासन का इस ओर कोई भी ध्यान नहीं है उन्हें तो सिर्फ अपने पेट को भरने के लिए मिल जाए वही काफी है।

इसके अलावा यहाँ के डॉक्टर भी पैसा कमाने की होड़ में क्या-क्या नहीं करते हैं ? किसी का ऑपरेशन, मरे हुए को ऑक्सीजन लगा कर जिंदा बनाने के बहाने से कभी-कभी तो ऐसे केस भी सामने आए हैं कि गरीब के अंगों को अमीर मरीजों को निकालकर बेच दिया जाता है।

हाल ही में एक बड़ा ही दर्दनाक मामला सामने आया है जिन में डॉक्टरों की लापरवाही के कारण एक जिंदा बच्चे को मृत घोषित कर थैली में पैक करके माँ बाप को दे दिया जाता है। यह सब इतनी आसानी से बदलने वाला नहीं है इसके लिए सबको मिलकर संघर्ष करना होगा।

मगर कुछ ऐसे कदम हैं जो गैर-सरकारी संस्थाओं तथा देश के हित के लिए अपने हितों को अनदेखा कर देश के लिए काम कर रहे हैं। जैसे कि श्री कैलाश सत्यार्थी व मेधा पाटेकर तथा अन्ना हजारे आदि।

कुछ उम्मीद जगाने के लायक काम राजस्थान में कुछ गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा सस्ती दरों पर जेनेरिक मेडिसिन का वितरण सामने उभरकर आया है।

यह बदल तो सकता है मगर इसके लिए हमें अपने बजट का जो अभी स्वास्थ्य पर 3 से 4% तक खर्च किया जाता है इतना ही शिक्षा व पर्यावरण से संबंधित समस्याओं पर खर्च किया जाता है को बढ़ाना होगा। इसका उदाहरण हम जापान को ले सकते हैं। जापान एक ऐसा देश है जहाँ पर न तो हमारे बराबर प्राकृतिक संसाधन है न ही भौगोलिक क्षेत्र। आज जापान में शिक्षा व स्वास्थ्य पर खर्च के कारण ही जीवन की प्रत्याशा दर विश्व में सबसे अधिक है तथा अपनी तकनीक के आधार पर भी इसने विभिन्न वस्तुओं का निर्यात कर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। हाल ही में भारत ने भी करोड़ों रुपए के बजट से बुलेट ट्रेन योजना को जापान की सहायता से ही साकार किया है।

इसलिए अपने देश की शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जरूरत है। आवश्यकता है हम सभी को एक साथ मिलकर इन सब समस्याओं से लड़ने और बदलाव लाने की। हाल ही में कुछ आंदोलन हुए हैं और हो रहे हैं जो सिर्फ अपने-अपने समुदायों के हितों के लिए किए जा रहे हैं जैसे कि हरियाणा में जाट, महाराष्ट्र में मराठा, राजस्थान में गुर्जर तथा जगह-जगह दलित आंदोलन तथा तीन तलाक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन। अगर ये सभी आंदोलन ऐसे ही चलते रहे तो जरूर ही यह भारत की शांति व्यवस्था व अर्थव्यवस्था को कमजोर करने में अपना योगदान देंगे। मगर इसे केवल इस देश के युवा व बुद्धिजीवी वर्ग रोक सकते हैं। इन्हें समझा-बुझाकर देश हित के लिए इनका सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

अगर यह सभी आंदोलनकारी एक साथ आकर सबके हित के लिए इस देश के हित के लिए अपने हितों से ऊपर उठकर काम करें और प्रशासन पर ईमानदारी से काम करने के लिए दबाव डालने से बदलाव जल्द ही देखने को मिल जायेगा। यह समय की माँग है और माहौल भी सही है जरूरत है कुछ करने की तथा सब को एक साथ लाकर बदलाव लाने की न कि खाली बैठे रहने की।

मोहम्मद मुस्तफा
बी. ए. (इतिहास विशेष) तृतीय वर्ष

तोहफा

"गर्मियों में लाइट की समस्या अत्यंत दुखदाई होती है। इतना पावर कट! लगता ही नहीं है कि हम दिल्ली जैसे महानगर में रहते हैं" विश्वास बोला। रात के करीब 8:30 बज रहे थे विश्वास खाने के लिए बैठा ही था और बत्ती गुल। खाने का स्वाद पूछते हुए उसकी पत्नी मनोरमा ने जवाब दिया "एक तो मौसम गर्म, ऊपर से माहौल गर्म और अब लाइट ने तो जीना ही मुहाल कर रखा है।" कहकर चुप हो गई। 2 वर्ष पूर्व ही दोनों का विवाह हुआ था। यूं तो सब कुछ ठीक था दोनों के बीच पर मन फिर भी सदा खिन्न रहता था।

"क्या-क्या ख्वाब देखे थे मन में, कितना प्यार दिया, लाड़-प्यार से पाल पोस कर बड़ा बनाया, आखिर कौन सी कमी छोड़ दी थी मैंने जो आज यह ऐसा व्यवहार कर रहा है मेरे साथ.." लगातार बोली जा रही थी विश्वास की माँ। पिछले वर्ष ही घुटनों के दर्द के इलाज के चक्कर में विश्वास उन्हें दिल्ली लेकर आया था। घुटनों में दर्द के कारण वो ज्यादा चलती नहीं थी, लेकिन आवाज में अभी भी वह दम जो बड़े घर की मालकिन में होता है।

"इनको भला लेकर ही क्यों आए। इतना अच्छा तो घर पर पैसे भेजते ही थे फिर किस बात की दिक्कत? और

ऐसा तो है नहीं कि वहाँ डॉक्टरों की कमी थी।" इस बात पर मियां बीबी में वाद-विवाद हो जाता था। इस हंसते खेलते परिवार को न जाने किसकी नजर लग गई थी। जहाँ सब इस बात से जला करते थे कि इतना प्यार किसी में कैसे हो सकता है, वहाँ अब इस परिवार का नाम गुमनाम हो गया था मानो इसका कोई अस्तित्व ही नष्ट हो गया हो। ऐसा नहीं था की बहू के आने के बाद से कलह शुरू हुआ हो। कहते हैं ना "सत्संग गुणा: दोषा:" वही हुआ था मनोरमा के साथ।

रविवार का दिन था रोज की तरह माँ सबसे पहले उठकर नित कर्म से निवृत्त होकर पूजा करने जा रही थी, अचानक उनकी नजर रसोई में पड़े कल रात के जूठे बर्तनों पर पड़ी। उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया और वो चिल्लाने लगी "ऐसे कौन दिन भर सोता रहता है। दिन का काम दिन में नहीं, रात का काम रात में नहीं। रात में ही बर्तन माँज कर सोती तो क्या हाथ टूट जाता? अगर मेरे शरीर में इतनी क्षमता बची होती तो मैं मुँह न लगती कभी इनके। राम! राम! राम! कोई शर्म नहीं।"

माँ का चिल्लाना सुन दोनों की नींद खुल गई। विश्वास ने कहा "माँ पहली बार तो छोड़ा है फिर तुम ऐसे कर रही हो ! हो सकता है कि कुछ कारण रहा हो, लेकिन नहीं तुम्हें तो बस चिल्लाना होता है।" उसकी माँ कुछ बोलती उससे पूर्व हीं मनोरमा बोल पड़ी "वैसे आपको काम से मतलब होना चाहिए, अब काम करने का तरीका सबका अलग-अलग होता है मेरा भी है।"

माँ की आँखें नम हो गई, उन्होंने कुछ नहीं बोला और सोचा कि आगे से कुछ नहीं बोलूँगी। समय कभी एक समान नहीं रहता कल अच्छा था तो "माँ गुस्सा नहीं करते.. सॉरी.. आगे से ऐसा नहीं होगा.." और अब.. सोच कर ही रोना आ रहा था। मौन धारण कर पूजा करने चली गई। काफी समय बीत गया था घर में बिल्कुल सन्नाटा था। 4 बीएचके फ्लैट में अकेली वृद्ध महिला, बहू बेटा छोड़ कर चले गए बिना बताए। बेचारी बार-बार इस कमरे से उस कमरे अंदर-बाहर कर रही थी। इस बुढ़ापे में जब खुद का शरीर साथ छोड़ने लग जाता है, कार्य करने में असमर्थ हो जाता है शरीर, तो लोग भी साथ छोड़ देते हैं। कहते हैं ना "जब तक है चाम तब तक है दाम।''

शाम होने को आई फिर बत्ती गुल हो गई। दिल्ली की सँकरी गलियों के बीच यह मकान बत्ती जाने पर अंध कार में डूब जाता था। हमेशा जगमग रहने वाली जगह अंधकार में विलीन हो गई और साथ ही वृद्ध महिला की चेतना भी। सीढ़ियों पर किसी के चलने की आहट आई। ध्वनि निरंतर बढ़ती जा रही थी। वह घबरा गई झट से अंदर घुसने का मार्ग बंद कर दिया। "पता नहीं कौन होगा! कहीं चोर! लुटेरा!" भयभीत मन में वह छुप गई।

"माँ-माँ दरवाजा खोलो" विश्वास की आवाज आई। मन की शंका दूर करके माँ ने दरवाजा खोला। विश्वास और उसकी पत्नी दोनों के हाथ भरे हुए थे। बहुत सी खरीदारी की थी उन्होंने अपने लिए कपड़े, जूते, घड़ी और भी बहुत कुछ। "कहाँ गए थे बिना बताए? अगर मुझे कुछ हो जाता तो?" माँ ने बोला। पर उत्तर में मनोरमा का जवाब आता है "धरती का बोझ कुछ हल्का हो जाता।" पुन: माँ कहती है "हाँ तो मार दो ना मुझे जान से! जहर लाकर दे दो।" पर उत्तर में "हाँ ठीक है- ठीक है अभी थक गए हैं कल लाकर दे देंगे।"

थोड़ी सी बक-झक के बाद विश्वास अपनी पत्नी को शांत रहने को कहता है और साथ ही आगे की सोचने को कहता है। उधर खरीदारी के सामान को उसकी माँ अच्छी तरीके से देखती है परखती है। उसमें कहीं भी उसके लिए कुछ नहीं था। होता भी क्यों भला! अब उनकी उम्र ढलान की ओर है, उस पर ध्यान देने से क्या फायदा।

एक स्त्री के लिए उसके पति का राज स्वर्णकाल होता है। लाख बंदिशों के बाद भी, झगड़ा लड़ाई के बाद

भी, जो प्यार, जो हक पति के ऊपर होता है वह अपने बच्चों पर भी नहीं होता। तभी हमारे राष्ट्र में तलाक का प्रचलन नहीं था। जो मिला उसी को नियति मानकर प्रसन्न रहना भारतीय नारियों की विशिष्ट पहचान है। जब बच्चे कमाने लग जाते हैं तो चाहते हैं कि माँ बाप उनके हिसाब से चले। शायद मतभेद का यही कारण है।

मगर आज उसी स्त्री के सब्र का बाँध टूट गया। वह टूट गई थी पूरी तरह से। सबके होते हुए भी खुद को अकेला पाया उन्होंने। आज कोई उनकी सुनने वाला नहीं था। जीवन में हार चुकी थी अब वो। चुपचाप एक कमरे में जाकर सो गई वो।

अगले दिन सुबह-सुबह माँ की नींद खुली तो अपने सामने युगल जोड़े को सुसज्जित देख अचंभित हो गई। विश्वास और मनोरमा कल के लाए हुए वस्त्र पहन सुबह-सुबह तैयार हो गए थे। वह कुछ बोल पाती उससे पहले ही दोनों एक साथ बोल पड़े "हैप्पी बर्थडे टू यू.." माँ को खुद याद नहीं था कि आज उनका जन्म दिवस है। उन्होंने जेब से निकाल कर बेशकीमती हीरे की अंगूठी माँ को तोहफे के रुप में दी। दोनों के चेहरे पर अलग लाली छाई हुई थी। माँ की आँखों में आँसू आ गए। वह कुछ बोल नहीं पा रही थी। इस बात की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी उन्हें।

"मैं आज क्या बोलूँ तुम्हें, मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा। सच में मैं बहुत प्रसन्न हूँ। पर तुम्हें इतना पैसा खर्च करने की क्या जरूरत थी, कम पैसों में ही काम चला लेते। सच में मेरे मन की आशा आज तुम लोगों ने पूर्ण कर दी।" कहकर आँखों में आँसू भर आए माँ के और वो दौड़कर दूसरे कमरे में चली गई। "शायद माँ को इतनी प्रसन्नता पहली बार मिली है" विश्वास मनोरमा को बोला।

काफी वक्त बीत गया माँ अभी तक बाहर नहीं आई। शायद हमसे उन्हें जितनी उम्मीद थी उससे ज्यादा उन्हें मिल गया है इसलिए ज्यादा प्रसन्न है वो आज। फिर भी उन्होंने सोचा कि एक बार जाकर देखना चाहिए कि आखिर माँ क्या कर रही है। कमरे में जाकर देखा तो माँ का शव बिस्तर पर पड़ा हुआ था और मुँह में थी हीरे की अँगूठी "तोहफा!" विश्वास की चीख निकल पड़ी "माँ!.."

अंशुमान नाथ चौधरी
बी. ए. (गणित विशेष) द्वितीय वर्ष

नया साल नई चुनौतियाँ

एक बार फिर नया साल हमारे दरवाजे पर दस्तक देने आ गया है। यह वक्त है बीते साल का हिसाब-किताब करने का और आने वाले समय की चुनौतियों से जूझने के संकल्प का। यों तो 365 दिनों का एक साल काल की विराट शिला पर कोई खास मायने नहीं रखता, फिर भी काल की चक्की तो चलती रहती है और संसार में बहुत कुछ बदलती भी रहता है। कामनाएँ और उम्मीदें मनुष्य की फितरत है वही उसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। ऐसा हर दिन होता है लेकिन बात जब नए साल की हो तो कहना ही क्या।

हमारी उत्सवधर्मिता हर आगत के स्वागत की होती है यह मनोभावना ही नई उम्मीदों, नए सपनों के नवांकुर उगाती है लेकिन हर सपने के पीछे एक सच्चाई भी होती है और उससे जुडी चुनौतियाँ भी। जब हम नए साल के स्वागत की तैयारियों में व्यस्त हों तो हमें इन चुनोतियों को नहीं भूलना चाहिए। बीते साल ऐसा बहुत कुछ हमारी जिंदगी में हुआ है जिसने नए साल में हमारी चुनोतियों को भी बड़ा बना दिया है। इस बीच दुनिया की भू

राजनीति भी बदली है और अर्थव्यवस्था की चुनौतियाँ भी। खुद हमारी परंपरागत अर्थव्यवस्था भी बदलाव के नए चरण में है। हर क्षेत्र में हम डिजिटल हो रहे हैं। इसके अपने लाभ हैं तो खतरे भी कम नहीं है। बेशक इस बीच महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है लेकिन यह भी सच है कि इसी के साथ-साथ महिला उत्पीड़न की घटनाएँ भी बढ़ी है। आधी आबादी का एक हिस्सा विकास की दौड़ में आगे जरूर बढ़ा है, लेकिन एक बहुत बड़ा हिस्सा अब भी हाशिये पर है। फिर पर्यावरण की चुनौतियाँ भी कम नहीं है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण के मामले में हम दुनिया के उन देशो में है जो सबसे ज्यादा संकट में हैं।

आतंकवाद और विध्वंसक हथियारों की होड़ एक ऐसी समस्या है जो सारी दुनिया के सामने सुरसा की तरह मुँह फाड़े खड़ी है। हम इसके बड़े शिकारों में है। इसके पीछे दुनिया के बड़े देशों की अपनी राजनीति तो है ही हमारी अपनी संकीर्णता भी कम दोषी नहीं है। एक तरफ लोकतंत्र को बचाने की चुनौती है और दूसरी तरफ अशिक्षा का मुद्दा है। अभिव्यक्ति की आजादी पर खतरे की बात अक्सर कही जाती है जिसमें असहमत आवाजों को दबाने की कोशिशें एक बड़ी चुनौती है। लोकतंत्र की खूबसूरती असहमति के सम्मान में है, जिसे हम भूलते जा रहे हैं। यह कुछ चुनौतियाँ हैं जिनसे हमें नए साल में जूझना है।

फरजाना
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

गरीब के जूते

एक बार एक शिक्षक अमीर परिवार से संबंध रखने वाले एक युवा शिष्य के साथ कहीं टहलने निकले। उन्होंने देखा कि रास्ते में एक जोड़ी पुराने जूते उतरे पड़े हैं, जो संभवत: पास के खेत में काम कर रहे गरीब मजदूर के थे जो अब अपना काम खत्म कर घर वापस जाने की तैयारी कर रहा था।

शिष्य को मजाक सूझा उसने शिक्षक से कहा गुरुजी, क्यों न हम ये जूते कहीं छुपा कर झाड़ियों के पीछे छिप जाए, जब वह मजदूर इन्हें यहाँ नहीं पा कर घबराएगा तो बड़ा मजा आएगा!!

शिक्षक गंभीरता से बोले किसी गरीब के साथ इस तरह का भद्दा मजाक करना ठीक नहीं है, क्यों न हम इन जूतों में कुछ सिक्के डाल दें और छुप कर देखे कि इसका मजदूर पर क्या प्रभाव पड़ता है।

शिष्य ने ऐसा ही किया और दोनों पास की झाड़ियों में छुप गए। मजदूर जल्द ही अपना काम खत्म कर जूतों की जगह पर आ गया, उसने जैसे ही एक पैर जूते में डाला उसे किसी कठोर चीज का एहसास हुआ। उसने जल्द से जूते को हाथ में लेकर देखने की कोशिश किया तो अंदर सिक्के पड़े थे। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ और वो सिक्के हाथ में लेकर बड़े गौर से उन्हें पलट-पलट कर देखने लगा। फिर उसने इधर-उधर देखने लगा, दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आया तो उसने सिक्के अपनी जेब में डाल लिए। अब उसने दूसरा जूता उठाया उसने भी सिक्के पड़े थे। मजदूर भाव विभोर हो गया, उसकी आँखों में आँसू आ गए, उसने हाथ जोड़कर ऊपर देखते हुए कहा-

हे भगवान! समय पर प्राप्त सहायता के लिए उस अनजान सहायक का लाख-लाख धन्यवाद उसकी सहायता और दयालुता के कारण आज मेरी बीमार पत्नी को दवा और भूखे बच्चों को रोटी मिल सकेगी।

मजदूर की बातें सुन शिष्य की आँखें भर आई, शिक्षक ने शिष्य से कहा - क्या तुम्हारी मजाक वाली बात की अपेक्षा जूते में सिक्का डालने से तुम्हें कम खुशी मिली? शिष्य बोला, आपने आज मुझे जो पाठ पढ़ाया है उसे मैं जीवन भर नहीं भूलूँगा। आज मैं उन शब्दों का मतलब समझ गया हूँ जिन्हें में पहले कभी नहीं समझ पाया था कि लेने की अपेक्षा देना, कहीं अधिक आनंददायी है।

परमहंस
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

पाँच सौ का नोट

31 जनवरी का दिन सोना स्कूल से घर आई। देखा माँ अभी तक सोई थी, उसने माँ से पूछा- "मम्मी आज तुम काम पर नहीं गई?" माँ ने उत्तर नहीं दिया सोना घबराकर मौसी को बुला लाई। वह समझ गई सोना की माँ को हुआ क्या है, मौसी ने सोना से कहकर तुरंत उसकी नानी को बुलवाया। आते ही सोना की नानी ने सोना से पानी गर्म करने को कहा, सोना तुरंत पानी गर्म करने रसोई घर में चली गई। तभी थोड़ी ही देर में आवाज आई नवजात शिशु के रोने की।

दो दिन बाद मकान मालकिन आई, आते ही उसने सोना से कहा- "बेटा तेरी माँ कहाँ है? अभी तक मकान का किराया नहीं आया"। यह कहते हुए वह अंदर के कमरे में चली गई और बोली- "देवकली पूरे दो दिन हो गए अभी तक किराया नहीं आया", अचानक उसकी नजर बच्चे पर पड़ी। देवकली ने उत्तर दिया- "माँ जी आप मेरी स्थिति देख ही रही है। मैं पूरी कोशिश करूंगी एक हफ्ते के अंदर आपके पैसे दे दूँ। सोना के हाथ भिजवा दूँगी।

मकान मालकिन के जाते ही देवकली सोना से कहती है- "सोना आशा मैडम के पास जा और जाकर पिछले महीने की तनख्वाह माँग ला।

"नमस्ते मैडम मैं देवकली की बेटी सोना। मम्मी की तबीयत ठीक नहीं है इसलिए वह एक महीने तक काम पर ना आ सकेंगी। और उन्होंने पिछले महीने की तनख्वाह पाँच सौ का नोट मंगाया है"।

"ठीक है बेटा मैं पैसे दे दूँगी लेकिन मेरा एक महीने तक काम कौन करेगा? रही बात तनख्वाह की तेरी माँ दो सौ रुपये एडवांस ले चुकी है। इसलिए तू बकाया तीन सौ रुपये लेजा"।

"मैडम हमें किराया देना है और किराया पाँच सौ है"। आशा कहती है- "मैं दूसरी कामवाली रखूँगी तो मुझे उसे भी तो पैसे देने पड़ेंगे?" सोना को तीन सौ रुपये मिल जाते हैं, उसके बाद भी सोना कुछ देर उदास वहीं खड़ी रहती है। अचानक सोना बोल पड़ती है- "मैडम आपका काम मैं कर दूँगी, आप मुझे पाँच सौ का नोट दे दो"।

नीता शर्मा हाजरी ले रही होती है अचानक सोना पर नजर जाती है, और वह उसके पास जाकर दो थप्पड़ जड़ देती है- "तुम पढ़ाई में कमजोर हो, एक दिन आती हो, दो दिन नहीं आती, आती हो तो लेट आती हो, अब तो क्लास में सो भी रही हो। कल स्कूल तभी आना जब दस रुपये फाइन हाथ में हो। क्लास के बाहर हाथ ऊपर करके खड़ी हो जाओ"।

छुट्टी होने के बाद भी जब सोना घर नहीं जाती नीता सवाल करती है- "तुम घर क्यों नहीं गई?" "मैडम मैं फाइन नहीं ला सकूँगी"। "क्यों" "मेरे पापा हमेशा बीमार रहते हैं, मम्मी भी कुछ दिन से ठीक नहीं रहती है क्योंकि मेरा छोटा भाई हुआ है"।

"ठीक है कल तुम एप्लीकेशन लिखवा कर अपनी मम्मी के साइन उस पर करा लाना लेकिन तुम्हें माफी तभी मिलेगी जब तुम टेस्ट में पास हो जाओगी मेहनत करोगी नहीं तो तुम्हें चौथी कक्षा में ही फेल कर दूँगी। अब घर जाओ"।

"सोना आज काम पर देर से क्यों आई" यह कहते हुए आशा सोना को दो थप्पड़ जड़ देती है। सोना उदास मन से कहती है- "आज मैं स्कूल देर तक रुक गई थी। लेकिन आपको मुझ पर हाथ उठाने का कोई अधिकार नहीं है। मुझे मारने, डांटने का अधिकार केवल तीन लोगों का है- मम्मी, पापा और हमारी मैडम जो हमें शिक्षा देती है। आप हमें पैसे देती हो लेकिन बदले में हम भी तो आप का सारा काम कर देते है। हम देर से आए हैं तो आप हमसे देर तक काम करवा लीजिए लेकिन हाथ ना उठाएँ"।

सोना का यह साहस देख हरीश (आशा का पति) प्रसन्न हो जाते हैं- "सोना बिटिया इधर आ मैडम तुम पर नाराज है इसका बुरा ना मानो तुम भी तो हमारे बच्चे जैसे हो?" सोना का उदास मन शांत होता है, इतने में हरीश सोना को पानी पीने को देता है और कहता है- "बच्चे तुम बहुत समझदार हो और इसलिए मेरी तरफ से यह पाँच सौ का नोट इनाम है तुम्हारे लिए"।

मैडम के पास सोना दौड़कर आती है और कहती है- "मैडम यह एप्लीकेशन और मैंने टेस्ट की पूरी तैयारी कर ली है"। "तुम लेट आई हो बाकी बच्चों का टेस्ट हो गया है इसलिए तुम अपना टेस्ट मौखिक दोगी"। प्रश्न-उत्तर करने के बाद नीता शर्मा सोना से कहती है- "तुम पास हो गई हो जाओ अपनी सीट पर बैठो"।

सुनैना
बी ए (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

वास्तविक जीवन का 'हीरो पिता'

क्लास 12 तक सभी विद्यार्थी का जीवन संभवत: साधारण होता है। स्नातक में प्रवेश के पश्चात उनकी मनोदशा, विचार, जिंदगी को देखने का नजरिया पूर्ण रुप से बदल जाता है। और यही नियम मेरे जीवन पर भी लागू होता है।

मेरे रश्के कमर तूने पहली नजर जब नजर से... मजा आ गया, यही अलार्म का धुन उस दिन भी बजा जब मैं जिंदगी के कुछ सत्य से अनभिज्ञ था। अलार्म के पश्चात मैं अलार्म बंद करके अपने नींद के सागर में पुन: प्रवेश कर लिया, कुछ वक्त बीतने पर रूम के सन्नाटे में घड़ी की सुइयों की टिक - टिक आवाज से उसने इशारा किया कि 5:10:18 सेकंड हो चुके थे। आलस्य दिमाग पर हावी था, फिर भी कॉलेज जाने की फिक्र में अपनी नींद को फुसलाकर और रजाई को प्रेमिका की तरह छोड़कर कॉलेज के लिए तैयार हो गया और अपने प्रेमिका अर्थात रजाई से कल मिलने का वादा भी किया। असाइनमेंट और टेस्ट के लिए अपने घबराहट को संभालते हुए ठसा - ठस भरी भीड़ में कॉलेज पहुँचा। हो कुछ विद्यार्थी आपस में बात कर रहे थे कि - बिग बॉस में शिल्पा शिंदे जीत गई, मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड बन गई और उस नेता ने ऐसा भाषण कल दिया कि मैं उसका बहुत बड़ा प्रशंसक बन गया और वो तो मेरा हीरो हो गया।

कॉलेज खत्म होने के बाद मैं रूम पर पहुँचा, थकावट और नींद दोनों ही ज्यादा थे। मैं बिस्तर पर सो गया। कुछ वक्त के पश्चात टिप, टिप, टिप बारिश की आवाज तथा सुहानी ठंडी हवा मेरे हृदय को हल्के हल्के सुख पहुँचा रही थी। तत्पश्चात मैंने दरवाजे को खोला, बाहर प्रकृति का नजारा अलग था, मानो बादल गहरे समुद्र रंग में ढल गए हो, बारिश और ठंडी हवा मुझे ऐसा लग रहा था मानो किसी भंवरे को कमल मिल गया हो, या धनानंद को सुजान या जैसे आसमान और धरती का मिलाप हो रहा हो। मेरे हृदय को वह दृश्य, बारिश हवा अहलादित कर रही थी। मानो बरसो पुरानी कष्ट पूर्ण रुप से खत्म हो गए हो, हृदय में संतुष्टि ऐसी थी जैसे कि भगवान राम को माँ सीता का पता चल गया हो।

कुछ वक्त पश्चात बारिश बढ़ती गई और मैं रोड पर आने वाले उन लोगों के बारे में सोचने लगा जो भीग रहे होंगे, जो भूखे होंगे, जो बीमार भी होंगे। मैंने भगवान से प्रार्थना की कि वह ठीक हो तथा अपने लिए भी। परंतु एक सवाल जो उस दिन बिजली की तरह मेरे कानों में गूंज रहा था कि मुझे यह सुविधा कौन दिया है। उसका उत्तर मिलता है कि – माता पिता। शायद उस दिन मुझे यह खुद एहसास हुआ माता–पिता की अहमियत।

जिंदगी के प्रत्येक कठिनाई को जूझते हुए मेरे पिताजी मुझे सुख देते हैं। मुझे समाज की तमाम घटनाओं से बचपन से लेकर आज तक मुझे बचाते हुए हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया। वास्तव में पिता कोई रिश्ता नहीं यह ईश्वर के द्वारा दिया गया एक वरदान है अर्थात माता पिता ईश्वर के ही रूप है। पापा के एक जोड़ी कपड़ा सालों तक चल जाते हैं परंतु हमारे लिए वे अपनी शौक, खुशी का बलिदान कर हमें हमेशा अच्छा रखते हैं। जिंदगी में बहुत सारी असफलता को स्वीकार हमें सफल होने के लिए वह अपनी जिंदगी बलिदान कर देते हैं। जिंदगी की कठिनाई को हृदय से लगा कर खुद अभाव में रहकर मुझे हमेशा कमी नहीं होने देते। मेरे जिंदगी का आदर्श, मेरे नायक, मेरे नेता, मेरा ईश्वर सब कुछ मेरे पिताजी हैं। कौन कहता है कि IAS, PCS ही सपना है, सपना तो यह है कि मेरे माता–पिता के चेहरे पर हमेशा मुस्कान हो।

शुभम चतुर्वेदी
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

> वह अच्छा और बुद्धिमान है जो हमेशा सच बोलता है, धर्म के अनुसार काम करता है और दूसरों को उत्तम और प्रसन्न बनाने का प्रयास करता है।
>
> – दयानन्द सरस्वती

यादों के आईने में पी.जी.डी.ए.वी.

कुछ महत्त्वपूर्ण स्मृतियाँ मेरे जीवन में,
आज यादों के आईने में,
उन स्मृतियों उन अनुभवों को,
लिखना मुश्किल है,
फिर भी लिख रही हूँ।

जीवन कुछ अविस्मरणीय यादों का पुंज है। वर्तमान हम जी रहे हैं, भविष्य अज्ञात है, हमारे चिंतन, हमारे मनन के लिए अतीत ही है। जिसे हम आधार बनाते हैं भविष्य का। विद्यालय हमें अपने बालपन और शिक्षा के आरंभिक दिनों के कारण स्मरण रहता है तो महाविद्यालय में हम कुछ गंभीर हो जाते हैं। अब जीवन हमें कुछ कर गुजरने की चुनौती देने लगता है क्योंकि भविष्य को सुरक्षित करने का ये ही समय होता है; अब बिगड़ा तो भविष्य बिगड़ा। आज जब मैं महाविद्यालय को पीछे छोड़ स्नातकोत्तर की कक्षा में प्रवेश पा चुकी हूँ तो वह क्षण, वह समय रह-रहकर याद आ रहा है। जब मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय के एक प्रमुख कॉलेज पी.जी.डी.ए.वी. में दाखिला लिया था, उस समय मेरे मन में भय, उत्साह, प्रसन्नता के एक साथ सभी भाव थे।

मेरे मन में उस समय नए मित्र बनाने की अपेक्षा अपने अध्यापकों को जानना, समझना, ज्यादा महत्वपूर्ण लगता था। उसमें मैं सफल भी हुई। मैंने अपने अध्यापकों में अपने मित्र ढूँढे और वो मुझे मिले भी।

वास्तव में इसी महाविद्यालय में जिसे मैं विद्या का मंदिर भी कहती हूँ, मेरा बौद्धिक एवं नैतिक विकास हुआ। आरंभ से ही मेरा पसंदीदा विषय हिंदी विशेष रहा है और अपने शिक्षकों के कारण मैं तीनों वर्षों में प्रथम स्थान पर रही।

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज के तीन साल मेरे लिए यादगार बन गए, इसका मुख्य कारण यहाँ के शिक्षक हैं, जिनके माध्यम से मैंने शिक्षा के वास्तविक अर्थ को समझा। शिक्षा के साथ-साथ मानव मूल्यों को भी मैं समझ पाई। कबीर, सूरदास केवल भक्तिकाल के कवि ही नहीं, वे धर्म में फैले अंधविश्वासों को भी दूर करते हैं। भक्ति में भाव के महत्व को प्रतिपादित करते हैं। 'चिंतन' हिंदी साहित्य सभा के माध्यम से मुझे अपने विचार अपने गुरुजनों के मध्य रखने का अवसर मिला। डॉ. मनोज कैन सर ने हम सभी छात्रों को एक अच्छे वक्ता बनने के गुण समझाए।

वीणा मैम, सुखदा मैम, कृष्णा मैम और सुषमा मैडम मुझे शिक्षा के साथ जीवन की कठिनाइयों से जूझने के उपाय समझाती थी। केवल पाठ्य पुस्तकों पर आश्रित रहने से ज्ञान का सर्वोन्मुखी विकास नहीं होता।

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश अग्रवाल सर जिनकी छत्रछाया में मैंने स्नातक के तीन साल बिताए। सहज, सहृदय, भाषा-मर्मज्ञ वे एक महान व्यक्तित्व के धनी हैं। हमें व्यक्तित्व और व्यवहार से प्रेरणादायक संदेश देते रहे।

बन्नाराम सर और कपिल सर से मुझे शिक्षा के साथ-साथ राजनीति और मीडिया के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिला। पठन-पाठन के साथ-साथ वह राजनीति में भी सक्रिय रहे। व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास ऐसे ही होता है।

'माता-पिता से हमें जीवन मिलता है, जबकि शिक्षक हमें जीना सिखाते हैं।'

अतः मुझे गर्व है कि मैंने स्नातक में प्रवेश के दौरान पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय का चयन किया। ज्ञान के

इस मंदिर में मुझे एक छात्रा के रूप में बहुत कुछ दिया। इस महाविद्यालय से प्राप्त संस्कार जिंदगी के हर कदम पर मेरा मनोबल बढ़ाते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि 'इन्हीं संस्कार से हम एक अच्छे और सच्चे नागरिक बन सकते हैं।'

जिस प्रकार सुगंध मात्र से पुष्प के रूप-सौंदर्य का दर्शन संभव नहीं है। उसी प्रकार विद्यालय में मैंने जो कुछ भी अनुभव किया उन्हें शब्दों में पिरोना मेरे लिए असंभव है। अर्थात् वह अनुभव मेरे जीवन की बुनियादी शुरुआत है।

पूजा शर्मा

हिंदी विशेष (भूतपूर्व छात्रा)

'हमें हमेशा याद रहेगा'

वरिष्ठ सहकर्मी डॉ मकानी को उनकी सेवानिवृत्ति पर समर्पित



सबकी जरूरतों को समझना और उन्हें पूरा करना।

किसी को सराहना, उत्साहित करना कितनी सहजता से करते रहे हैं आप

हमें हमेशा याद रहेगा।

जिन्दगी की बारीकियों को समझना, अपनी मुस्कुराहटों से उसमे रंग भरना, कितनी तन्मयता से करते रहें हैं आप,

हमें हमेशा याद रहेगा।

वो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना, उनके सपनों को साकार करना कितनी प्रयत्नशीलता से करते रहे हैं आप

हमें हमेशा याद रहेगा।

कालेज के कार्यक्रमो का सूत्रधार बनना, सभी के व्याख्यानों में जान भरना, कितनी कर्तव्यपरायणता से करते रहें हैं आप

हमें हमेशा याद रहेगा।

वो कालेज के प्रांगण में वाणिज्य विभाग के साथ आपका अंतिम संवाद एक बड़े के रूप में परिवार को अपनत्व की डोर में बांधे रखने का प्रयास

हमें हमेशा याद रहेगा।

रजनी जगोता

एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग

पद्य खण्ड

''कर्मभूमि पर फल के लिए श्रम सबको करना है, रब सिर्फ लकीरें देता है, रंग हमको भरना पड़ता है। – गुरुनानक देव

पद्य खण्ड

क्र. सं.	विषय		नाम
1.	भविष्य का भारत	-	प्रखर शुक्ला
2.	मैं सच्चा भारत	-	प्रखर शुक्ला
3.	माँ	-	निशा
4.	वन्दना	-	निशा
5.	बेटी हूँ मैं	-	रवीना सेजवाल
6.	मैं पंछी	-	रवीना सेजवाल
7.	नारी जीवन	-	आरती
8.	ना जाने फिर क्या होगा	-	प्रिया कुमार
9.	बचपन	-	अमिषा सिंह
10.	नारी	-	अमिषा सिंह
11.	एहसास	-	ज्योति भगत
12.	चुनौतियों से आगे अभिलाषा है मेरी	-	ज्योति भगत
13.	वाह रे मोबाइल	-	आनन्द मिश्रा
14.	इतिहास परीक्षा	-	कहकशाँ परवीन
15	कैमिस्ट्री इन माई लाईफ	-	कहकशाँ परवीन
16.	जो भी है चलता जाता हैं	-	बृजेश कुमार
17.	सैनिक	-	दीपक
18.	देशभक्ति	-	दीपिका
19.	पेड़ का दर्द	-	दीपिका
20.	असंभव कुछ नहीं	-	दीपिका
21.	ममतामयी माँ	-	प्रियंका चौधरी
22.	लक्ष्य से तू न विचलना	-	शाहीना
23.	मुकान	-	तस्लीमा
24.	दोस्त पुराने	-	ज्योति ठाकुर
25.	वे भी क्या दिन थे	-	रोहित कुमार
26.	मैं नारी हूँ	-	प्रियंका सिंह
27.	जीवन में गुरुओं का महत्त्व	-	मिसिका चौधरी
28.	बस एक कदम और	-	गीता यादव
29.	जीवन लक्ष्य महान	-	सौरव शर्मा
30.	मंजिल ए एतबार	-	निर्देश प्रजापति
31.	गरीबी सबसे बड़ी सजा	-	पिंकी मीना
32.	अगर वश में मेरे होता	-	पिंकी मीना
33.	मेरी चिड़ियाँ, मेरी दोस्त	-	शैलजा रावत
34.	मासूम	-	राखी
35.	जिंदगी	-	सोनाली
36.	भ्रूण हत्या	-	सोनाली
37.	पैसा	-	सोनाली

38.	जिंदगी की सीख	-	अनस मिर्जा
39.	आज का भारत	-	निधि
40.	बदलेगा समाज जब उठाओगे आवाज	-	निधि
41.	मैं खो चुका हूँ	-	अंशुमान चौधरी
42.	पथिक	-	अंशुमान चौधरी
43.	किस्मत	-	अंशुमान चौधरी
44.	लक्ष्य	-	अंशुमान चौधरी
45.	यह वर्ष भी यूँ ही बीत जाएगा	-	मंटू बाबू
46.	वक्त	-	ज्योति शर्मा
47.	बातों के वीर	-	अभिषेक कश्यप
48.	पंछी	-	कुमारी प्रीति
49.	समय	-	कुमारी प्रीति
50.	दिल की आवाज	-	प्रिया कुमारी
51.	स्त्री का अस्तित्व	-	आरती
52.	जिंदगी को जी लो यारो	-	दीपमाला
53.	प्रदुषण	-	हिमांशु आर्य
54.	रुप	-	गौरव वर्मा
55.	माँ बेटे का रिश्ता	-	गौरव वर्मा
56.	कलम	-	सत्यम पांडे
57.	दहेज	-	विष्णु प्रिया
58.	पंख	-	विष्णु प्रिया
59.	मैं और मेरे अहसास	-	मोहम्मद यहा खान
60.	भारत माता के द्वारा अपने बच्चों की पुकार	-	सौरभ
61.	अनमोल वचन	-	मनोज मीना
62.	मैं कौन हूँ	-	मनोज मीना
63.	इंसान की पहचान	-	शबाना
64.	सियासत	-	गज़ल
65.	पिता एक सोच	-	सुभम चतुर्वेदी
66.	रात	-	सौरव वर्मा
67.	आँखे	-	सौरव वर्मा
68.	खुद से एक सवाल	-	प्रवीण कुमार
69.	दौर	-	मुकेश कुमार
70.	अस्तित्व	-	मुकेश कुमार
71.	याद	-	सुनैना
72.	सैनिक का संदेश	-	विनोद कुमार
73.	जिंदगी	-	परितोष कालरा
74.	इश्क का रंग	-	परितोष कालरा
75.	आजादी के बाद भारत	-	प्रखर शुक्ला
76.	चाँदनी	-	प्रखर शुक्ला

भविष्य का भारत

सब भूखंडों को जोड़, बृहद एक खंड बनाया जायेगा।
सत्य, अहिंसा, मानवता वाला, तंत्र बनाया जायेगा।।
हर अंचल में गूँजेगा जन-गण-मन।
नहीं दूर समय जब, दुनिया में भारत-भारत हो
जायेगा।।

उस बने नये भारत में हम कलम शक्ति दिखायेंगे।
स्वर्ग का धोखा खाने वालो स्वर्ग क्या है दिखायेंगे।।
अंधविश्वास और पाखंड, अधर्म का मूल भंग हो
जायेगा।
इस धरती का बदल नाम, भारत करके दिखायेंगे।।

जाति-धर्म और मंदिर-मस्जिद का मंत्र खत्म हो
जायेगा।
देश को धोखा देने वालों का तंत्र खत्म हो जायेगा।।
सुपुष्पित होगा इस अमर जगत का, शिक्षाधारी यह
आँगन।
अत्यल्प समय में उस भारत वाला, सच्चा भारत हो
जायेगा।।

मैं सच्चा भारत

मैं राम-कृष्ण की जन्मभूमि, मैं शिव का एक
शिवाला हूँ।
मैं भागीरथ की मातृभूमि, मैं ऋषि मुनियों की माला
हूँ।।
मैं वेद पुराणों की गाथा, रामायण और महाभारत हूँ।
राणा प्रताप का स्वाभिमान, मैं ही सच्चा भारत हूँ।।

विक्रमादित्य सा न्यायसिद्ध, विवेकानंद सा ज्ञानी हूँ।
निज आन बचाने वाली, मैं बुंदेलों की रानी हूँ।।
मैं धर्म शक्ति का गठबंधन, वीरों की एक शहादत हूँ।
जो है दुनिया का विश्व गुरु, मैं वो ही सच्चा भारत
हूँ।।

खनिज संपदा का पूरक, अभ्रक का जग विक्रेता हूँ।
मैं हिंद सिंधु की गहराई, एवरेस्ट शिखर विजेता हूँ।।
मेरी प्रकृति विश्व का सम्मोहन, मैं एक तुलसी का
पादप हूँ।
सुरसरि से सिंचित भू अंचल, मैं ही सच्चा भारत हूँ।।

सोलह सौ बावन भाषायें, मैं विविध बोलियों वाला
हूँ।
मैं विष्णु गुप्त की कूटनीति, जयशंकर, पंत, निराला
हूँ।।
तुलसीदास मैं रसिक बिहारी, जायसी रचित पद्मावत
हूँ।
मूर्धन्यों से भरा पड़ा, मैं ही सच्चा भारत हूँ।।

प्रखर शुक्ला
बी. एस. सी. गणित (विशेष) प्रथम वर्ष

हम भारतीयों के आभारी हैं, जिन्होंने हमें गिनना सिखाया जिसके बिना किसी भी तरह की वैज्ञानिक खोज नहीं हो पाती।

– अल्बर्ट आइन्सटीन

माँ

हमें इस दुनिया सें कुछ भी नहीं चाहिए
इस दुनिया से ऐ खुदा
बस मेरी माँ के कदमों की चहल-पहल
मेरे आँगन में सदा रखना

अभी जिंदा है मेरी माँ मुझे कुछ नहीं होगा
हम जब घर से निकलते हैं, तो दुआ भी साथ चलती है
दुनिया की सारी खुशी मौजूद हो
लेकिन घर में बेटी ना हो, तो घर अच्छा नहीं लगता

जिंदगी में बस इतनी सी
दुआ माँग लेना कोई घर माँ के बिना ना हो और
कोई माँ बिना घर के ना हो माँ की आँख में
आँसू मत लाना वरना बदनसीब हो के मर जाओगे

वन्दना

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना
या ब्रह्मच्युतशङ्करप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता
सा माँ पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापक।।

समानमस्तु वो मनः

सङ्गछध्वं संवदध्वं
सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे
संजानाना उपासते।।
समानो मंत्रः समितिः सामानी,
समानं मनः सह चित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः,
समानेन वो हविषा जुहोमि।।
समानी व आकूतिः
समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो
यथा वः सुसहासति।।

निशा
बी. ए. (हिंदी विशेष) प्रथम वर्ष

शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूँसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें।
– सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन

मैं पंछी

मैं पंछी उस जहाँ की जहाँ मेरा ना था कोई साथी,
मैं पंछी उस जहाँ की जहाँ मैं थी पागल-सी।।

ना कल का डर ना आज का सपना,
बस उड़ती चल चली थी मैं, थी मैं थोड़ी पागल सी।।

खुद को ना पहचाना कभी बस गिरती ही चली थी मैं,
मैं पंछी इस जहाँ कि जब बना था मेरा एक साथी।।

ना जाने दोस्त था या था कोई पापी,
मैं भी थी एक पंछी जब था वो साथी,
साथी नहीं था वो पापी,
बदल दिया जिसने गुरूर मेरा, बदला जीवन मेरा,
आज ना मैं पंछी, ना मैं पागल-सी।।

आज जाना वह रिश्ता, जो था अपना,
सब पास मेरे सब कुछ पाया मैंने,
खोया वह चेहरा जो कभी ना था मेरा,
हाँ मैं हूँ वो पंछी जिसने कभी कुछ ना पाया।।

बेटी हूँ मैं

क्या हूँ मैं, कौन हूँ, यही सवाल करती हूँ मैं,
लड़की हूँ, लाचार मजबूर बेचारी हूँ, यही जवाब
सुनती हूँ मैं।

बड़ी हुई, जब समाज की रस्मों को पहचाना,
अपने ही सवाल का जवाब, तब मैंने खुद में ही पाया,
लाचार नहीं, मजबूर नहीं मैं, एक धधकती चिंगारी हूँ,
छेड़ो मत जल जाओगे, दुर्गा और काली हूँ मैं,

परिवार का सम्मान, माँ-बाप का अभिमान हूँ मैं
औरत के सब रूपों में सबसे प्यारा रूप हूँ मैं,

जिसको माँ ने बड़े प्यार से है पाला,
उस माँ की बेटी हूँ मैं, उस माँ की बेटी हूँ मैं।
सृष्टि की उत्पत्ति का प्रारंभिक बीज हूँ मैं,

नए-नए रिश्तों को बनाने वाली रीत हूँ मैं,
रिश्तों को प्यार में बाँधने वाली डोर हूँ मैं,

जिसको हर मुश्किल में संभाला,
उस पिता की बेटी हूँ मैं, उस पिता की बेटी हूँ मैं।।

रवीना सेजवाल
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

आकाश की तरफ देखिये, हम अकेले नहीं है, सारा ब्रह्माण्ड हमारे लिए अनुकूल है और जो सपने देखते है और मेहनत करते है उन्हे प्रतिफल देने की साजिश करता है।

– अब्दुल कलाम

नारी जीवन

खुदा की खूबसूरत इबादत है नारी
दुनिया के सितम सहती है नारी
परन्तु फिर भी गुमनाम सा, जीवन जीती है नारी।
कब अपने सपनों के खातिर, आवाज उठा पाएगी नारी।
कब अपने सपनों के खातिर, दुनिया से लड़ पाएगी नारी।
दूसरे के गुनाहों की सजा, सहती है नारी।
परंतु फिर भी कोई शिकायत, नहीं करती है नारी।
आखिर किस मिट्टी से बनाया है, खुदा ने नारी को।
जमाने के हर अत्याचार, चुप-चाप सह लेती है नारी।
देवी दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती का, रुप है तू नारी।
फिर क्यों पापियों के अत्याचार, सहती है तू नारी।
कब वह दिन आएगा जब, अपने लिए सोच पाएगी नारी।
दुनिया की परवाह करना, छोड़ पाएगी नारी।

आरती
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

ना जाने फिर क्या होगा

ना जाने फिर क्या होगा
जब हिंद से हिंदी उठ जाएगी
खुद की संस्कृति लुट जाएगी
अपना संस्कार ही कुछ नया होगा।

दिनकर पंत सब खो जायेंगे
निराला सदा को सो जाएंगे
मातृभाषा भी विदेशी में बयाँ होगा
ना जाने फिर क्या होगी।

कलम के सिपाही का होगा खून
होंगे कहाँ बाबा नागार्जुन
उर्वशी कहाँ होगी दिनकर की
होगी कहाँ रचना नागर की।

हिंदी से ही जब हिंदुस्तानियों को
शर्म और हया होगी
ना जाने फिर क्या होगा।

प्रिया कुमारी
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

उत्कृष्ट ज्ञान, चिंतनशीलता तथा धैर्य आदि सद्गुणों का स्रोत हमारा मन अंधकार (दुष्कर्मों) की ओर न बढ़े - हमारा मन सदैव शुभ एवं कल्याणपरक संकल्प वाला बना रहे।
– यजुर्वेद 34/3

बचपन

बचपन का वो दिन था,
माँ की गोद और पापा के कन्धों पर चढना,
पेड़ पर चढकर वो फलों के लिए लड़ना,
कभी गिल्ली डंडा तो कभी चोर सिपाही का वो खेल,
कभी दोस्तों से झगड़ना, फिर झट हो जाता मेल,
बचपन का वो दिन था।

ना खाने का गम, ना सोने का होश
दिन ऐसा जिसमें था बस जोश ही जोश
कभी कुछ अनजाने में चुराना तो कभी जानबूझकर,
डाँट खाकर सो जाना रात में रो-रो कर,
बचपन का वो दिन था।

मिट्टी की वो खुशबू, बारिश की वो बूँदे,
जिनमें मग्न रहा करते थे हम नन्हे नन्हे बच्चे,
अब सब बदल चुका है, अब सब कुछ नया है,
वह खूबसूरत सा बचपन कहीं गुम सा गया है,
बचपन का वो दिन था, बचपन का वो दिन था।।

नारी

माँ होने का वरदान है पाया, कहते उसे सब नारी हैं।
रुकती नहीं हो धूप या छाँव, उसके चरण कभी ना हारी है।
हृदय मानो कमल के जैसा, जिसे ना तोल सका है पैसा।
चाहे किसी लिबास को पहने, तन पे जचती साड़ी है।
आदिकाल से अंत-अंनत तक उसी की कथाएँ जारी है।
माँ होने का वरदान है पाया, कहते उसे सब नारी हैं।

अमीषा सिंह
बी. ए. (द्वितीय वर्ष) हिंदी विशेष

याद

उस याद में खोए हो तुम
फरियाद ना कर जाना तुम
सागर को भर जाना तुम
फरियाद ना कर जाना तुम
जैसे जैसे सागर भर जाएगा
यादें धुंधली पड़ जाएंगी
जीवन से लड़ जाना तुम
फरियाद ना कर जाना तुम
सावन की बारिश में खो जाना तुम
बूँद-बूँद बारिश से भर जाएगा सागर
जिस याद में खोए हो तुम
फरियाद ना कर जाना तुम।

सुनैना
बी ए हिंदी विशेष

एहसास

झूठे हम नहीं, झूठे तुम नहीं,
झूठा वो एहसास था।
वो पल वो लम्हा वो दिन और रात था।
आपका हमारा मिलना महज एक इत्तेफाक था।
झूठा कह नहीं सकते आपको, झूठा मान नहीं सकते
अपने आपको, क्योंकि झूठा तो वो एहसास था।
ये दिल अभी भी मानने को तैयार नहीं कि, वह
शख्स कोई और नहीं आप थे।
झूठे हम नहीं, झूठे तुम नहीं, झूठा तो वो एहसास था।
आपका हमारा मिलना महज एक इत्तेफाक था,
इत्तेफाक था, और बस एक इत्तेफाक था।

चुनौतियों से आगे अभिलाषा है मेरी

अभी पैरों से चलना सीखा नहीं,
पैरों में बेड़ियाँ अभी से।

इन आँखों से दुनिया देखी नहीं, पलकें झुक गई
अभी से।
अभी सयानी भी हुई नहीं, सर पर चूनर अभी से।

सपने क्या हैं मेरे, अभी जाना है मैंने,
सपने भुलाकर घर बसाया अभी से।
सबके हिस्से में सपने बुनने की है आजादी,
मेरे हिस्से में ही क्यों चार दीवारी।

जब साथी बनके चलना साथ साथ .....
तो फिर क्यों?

आगे बढ़ने से रोक दे ये रिवाज।।
कोई दे सकता है इसका जवाब?

ज्योति भगत
बी. ए. (हिंदी विशेष) द्वितीय वर्ष

वाह रे मोबाइल

आई बहुत गजब की चीज
धोखाधड़ी बढ़ी अति शीघ्र।
मिथ्या का प्रचलन हुआ, जबसे इसका चलन हुआ।
बनी जरूरत ऐसी सबकी, बड़की छोड़ चलावे छोटकी।
भिक्षुक पूछे मित्रों से अपने, कितना आज कमाया तुमने।

आगे और सुनो हे भैया, जिस घर होता नहीं रुपैया
वहाँ भी यह करता छइयाँ छइयाँ।
डाला ऐसा प्रभाव विपरीत, घर वालों में रही न प्रीत।
सब अपने में मस्त हुए, व्हाटसेप में व्यस्त हुए।
गया गाँव जब मैं इस बार, दिखा नहीं खेल में प्यार।
चोट लगाया इसने ऐसा, छीना बचपन चोरों जैसा।
हैलो! हाय! हैलो! हाय! प्रेमी बोले सांय सांय।
पर है बहुत काम की चीज, मानो मेरे प्यारे मीत।
वाह रे मोबाइल अच्छी लगी तेरी स्टॉइल।

आनंद मिश्रा
बी. ए. (हिंदी विशेष) द्वितीय वर्ष

इतिहास परीक्षा

इतिहास की परीक्षा थी उस दिन
चिंता से हृदय धड़कता था
थे बुरे शकुन घर से
चलते ही बायाँ नयन फड़कता था
मैंने सवाल जो याद किए
वो केवल आधे याद हुए
मैं 20 मिनट था लेट
द्वार पर चपरासी ने बतलाया
मैं मेल ट्रेन की तरह
हाँफते कमरे के अंदर आया
पर्चा हाथ में उठा लिया
देखा उसको टुक झूम गया
पढ़ते ही छाया अंधकार
चक्कर आया सिर घूम गया
यह 100 नंबर का पर्चा था
मुझको 6 की आस नहीं
चाहे सारी दुनिया पलटे
मैं हो सकता था पास नहीं
आँख मूँद कर बैठ गया
बोला भगवान दया कर दे
इन सारे प्रश्नों के उत्तर
ठूँस ठूँस मेरे दिमाग में भर दे
इतने में बाहर से आई
गहरी आवाज एक
अरे मूर्ख! व्यर्थ तू रोता है
आँख उठा और बगल देख
मेरे उत्तर के द्वार खुले
कॉपी पर कलम चली चंचल
जैसे खेत की छाती पर

चलता हो हलवाहे का हल
मैंने लिख दिया
पानीपत का युद्ध
हुआ था सावन में
जापान जर्मनी के बीच
सन 1857 में
अकबर का बेटा था बाबर
बाबर का बेटा था अकबर
पर हाँ गुप्त वंश में राज किया था
रजिया बेगम ने भारत पर,
लिख दिया आर्य जापान से आया था
राणा ने हिंद महासागर को अमेरिका से मँगवाया था
महात्मा बुद्ध महात्मा गांधी के चेले थे
गांधी जी के संग बचपन में
गुल्ली डंडा खेले थे
लिख दिया अंत में
इतिहास की कोई बात न सच्ची है।
इसे पढ़ना बेकार-व्यर्थ
बेहद माथा पच्ची है।
हो गया परीक्षक पागल-सा
मेरी कॉपी को देख देख
बोला इन सारे बच्चों में
होनहार है बस यही एक
औरों की कॉपी फेंक दिए
मेरे सब उत्तर छाँट लिए
जीरो नंबर देकर बाकी नंबर काट लिए।

कहकशाँ परवीन
बी. ए. (हिंदी विशेष) प्रथम वर्ष

कैमिस्ट्री इन माइ लाइफ

कैमिस्ट्री मेरे जीवन में
इंपॉर्टेंट पार्ट रखती है
मेरे अरमानों का वह
सिस्टेमेटिक चार्ट रखती है
मेरे जीवन का कैमिस्ट्री लैब से
ऐसा रिलेशन है
न तो कैमिस्ट्री होती
न मैं होता इसका स्टूडेंट
न कोई लैब होती
और न होता कोई हार्ट एक्सीडेंट
लैब में प्रेक्टिकल करने आई
एक खूबसूरत-सी लड़की
कोबाल्ट से होंठ
कॉपर सी आँखें
नाक टेस्ट ट्युब सी
इसकी हर साँस में
इथर की गंध थी
मिली जब आँखें उससे
एक रिवर्सिबल रिएक्शन हुआ
मौसम केटलिस्ट बना
प्यार का प्रोडक्शन हुआ
फिर रोज लगाने लगे
हम उसके घर में चक्कर ऐसे
न्यूक्लियस के चारों ओर
घूमता है इलेक्ट्रॉन जैसे
और जिस दिन उसके पिताजी ने
मुझे इनविटेशन दिया मेरे
लव टेस्ट का कन्फर्मेशन हुआ
मगर मेरी बात सुनते ही वो
यू तेजी से उबल पड़े
इग्निशन ट्यूब से जैसे
सोडियम पीस निकल पड़े
कहने लगे हाथ में आओ
पहचानो अपनी औकात
गोल्ड का कभी
अलौय नहीं हो सकता
तुम जैसे घटिया आयरन के साथ।

कहकशाँ परवीन
बी. ए. (हिंदी विशेष) प्रथम वर्ष

आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते, पर आप अपनी आदतें बदल सकते है और निश्चित रूप से आपकी आदतें आपका फ्यूचर बदल देगी।

– ए पी जे अब्दुल कलाम

जो भी है चलता जाता है।

क्यों पीट रहा सर उस चौखट पर,
जिसे समय का सीमा लाँघ गई।
रुकना है रुक पर याद रहे,
ठहरेगा कोई साथ नहीं।।

जिस राह निकल कर गया समय,
वो राह कहाँ दोहराता है।
जो आज है वो कल क्या होगा,
ये वही समय बतलाता है।

जो भी है चलता जाता है,
जो भी है चलता जाता है।।

क्या कहूँ कि उड़ता वो पंछी,
बस तिनका लेकर जाता है।
मैं तो कहता हर रोज सुबह,
सूरज से मिलकर आता है।।

उन्नति का कारोबार सदा,
सपनों के दम पर चलता है।
बीज लगे जैसा दिल पर,
फल वैसा लगता जाता है।।

जो भी है चलता जाता है,
जो भी है चलता जाता है।।

क्या सुना कभी वो विश्व कहीं,
ना ध्वस्त हुआ या बना नहीं।
सागर थामे ये पर्वत भी,
क्या कभी जगह से हिला नहीं।।

निर्माण नाश स्तंभ
टिकी
परिवर्तन की अपनी गाथा है।
कभी रुका नहीं ना रुक सकता,
जो भी है चलता जाता है।।

जो आज है वो कल क्या होगा,
यह वही समय बतलाता है...।।

जो भी है चलता जाता है,
जो भी है चलता जाता है।।

बृजेश कुमार
बी. ए. (राजनीति विज्ञान विशेष) प्रथम वर्ष

> नुकसान से निपटने में सबसे ज़रुरी चीज़ है उससे मिलने वाले सबक को ना भूलना, वो आपको सही मायने में विजेता बनाता है।
>
> – स्वामी विवेकानन्द

सैनिक

मैं जगा रहूँगा रात-दिन,
चाहे धूप हो या बरसात हो,
चाहे तूफान आए या पूस की ठंडी रात हो,
मैं पड़ा रहूँगा सरहद पर सीना ताने,
चाहे गोलियों की बौछार हो,
चाहे न खाने को कुछ भी आहार हो,
अपने वतन की खातिर मैं,
हर दर्द हँस के सह लूँगा
निकले जो खून बदन से मेरे,

मैं खुश हो लूँगा
कभी आँखो में रेत भी चली जाए तो,
वादा है मेरी पलकें नहीं झपकेंगी,
लहू भी जम जाए अगर जो सीने में,
मेरे हाथ बंदूक नीचे नहीं रखेंगे
दुश्मन के घर मेरे 'वतन' की चट्टानों का
एक टुकड़ा भी न जा पाएगा,
जमींदोज कर दूँगा मैं काफिर तुमको,
जो मेरी धरती की तरफ आँख उठाएगा,
कितना भी दुर्गम रास्ता हो,
किंचित भी नहीं डरूँगा मैं
चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर मेरी,
देश के गद्दारों पर अब रहम नहीं करूँगा मैं।।

दीपक
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

ममतामयी माँ

कब्र के आगोश में जब थक कर सो जाती है,
तब कहीं जाकर थोड़ा सुकून पाती है माँ।
फिक्र में बच्चे की कुछ ऐसे ही घुल जाती है,
नौजवान होते हुए भी बूढ़ी नजर आती है माँ।
रिश्तों की गहराई तो देखिए,
चोट लगती है बच्चे को रोती है माँ।
घर से जब परदेस जाता है कोई नूरे-नजर,
हाथ में कुरान लेकर दर पे जाती है माँ।
जब मुसीबत सर पर आए तो याद आती है माँ।
लौटकर वापिस सफर से जब भी घर आते हैं,
हम को गोद में अपनी बैठा सिर को हमारे सहलाती है माँ।
शुक्रिया ही तो नहीं कर सकते कभी उसका अदा,
मरते मरते भी दुआ जीने की दे जाती है माँ।
प्यार कहते हैं, किसे ममता क्या चीज है,
यह तो उन बच्चों से पूछो जिनकी मर जाती है माँ।

प्रियंका चौधरी
बी. ए. (हिंदी विशेष) द्वितीय वर्ष

देश भक्ति

उठो जवानो चलो जवानो,
कि हम तुम्हारे साथ हैं।
एक नहीं, दो नहीं, तुम्हारे,
साथ करोड़ों हाथ हैं।

हम सैनिक तो नहीं किंतु
हम भी जी जान लगा देंगे।
भिड़ जाएँगे दुश्मन की,
ईंट से ईट बजा देंगे।

अपने प्यारे देश के लिए,
मरना हमको आता है।
तन, मन, धन जीवन भी अर्पण,
करना हमको आता है
ऊँचा रहे तिरंगा अपना,
इसका मान बढ़ाएँगे।
बढ़ो सैनिकों विजय-पथों पर,
हम भी कदम मिलाएँगे।

असंभव कुछ नहीं

अगर चाहो नदी के दो किनारे मिल भी सकते हैं,
मरुस्थल में कमल के फूल हजारों खिल भी सकते हैं।।
तमन्ना हो अगर दिल में इरादे हो अगर पक्के,
हिलाओ तो जरा मन से ये पर्वत हिल भी सकते हैं।।

बबूलों पर रसीले आम के फल आ भी सकते हैं।
सुरीली तान में बेजान पत्थर गा भी सकते हैं।।
असंभव कुछ नहीं संभावनाएँ जोड़कर रखिए,
तुम्हारे हाथ से तारे जमीं पर आ भी सकते हैं।।

दीपिका
बी. ए. (हिंदी विशेष)

पेड़ का दर्द

रो रोकर एक पेड़, लकड़हारे से एक दिन बोला,
क्यों काटता मुझे, ओ भैया! तू है कितना भोला।।

सोच समझकर फिर बता मुझे, मैं तेरा क्या लेता हूँ,
मैं तो पगले! तुझको, जग को देता ही देता हूँ।।

सूरज से प्रकाश लेकर मैं खाना स्वयं पकाता हूँ।
धरती माँ से जल ले-लेकर अपनी, प्यास बुझाता हूँ।।

पी जहरीली वायु तुझे, मैं शुद्ध पवन देता हूँ।
शीतल छाया देकर तेरा, हर दुख हर लेता हूँ।।

स्वयं धूप में तपकर तेरा, ताप मिटाता रहता हूँ।
अंदर अंदर रोता फिर भी, बाहर गाता रहता हूँ।।

तेरे नन्हें-मुन्नों को, निज छाया तले बुलाता हूँ।
मीठी मीठी लोरी गाकर, अपनी गोद सुलाता हूँ।।

देख ना पाएगा वसंत, तू बाढ़ रोक ना पायेगा
मुझे काट देगा पगले! तू जीते जी मर जायेगा।।

लक्ष्य से तू न विचलना

शूल पंक सब पास ही है, तूफान आना लाजमी है।
रात भी लेकर अंधेरा, तुझको डराए यह भी सही है।

तब हौसले की डाल पर, नजरों का दिव्य प्रकाश कर
छुड़ाकर सबका पसीना, वहाँ है तुझको पहुँचना।

राह में तू न बिखरना, लक्ष्य से तू न विचलना
देखती है तुझको मंजिल, तू बस उसी की ओर चलना।

होता है जो वही होगा, भाग्य का जो लेख होगा
भाग्य का निर्माता है तू, ऐसे कैसे जो भी होगा।

खुद को हवा से तेज कर, दावा चमक के वेग पर
अथक अविचल, सतत चलकर, वहाँ है तुझको पहुँचना।

राह में तू न बिखरना, लक्ष्य से तू न विचलना
देखती है तुझको मंजिल, तू बस उसी की ओर चलना।

पथ भी कहीं भटकाएगा, कुछ भी समझ न आएगा
ईर्ष्या छल से सना पथ, अनगिनत बाधा लाएगा।

तब हिय का नक्शा खोलकर, खुद को उसी पर मोड कर
हार डर भय के धनुष से, तीर सा तू बढ़ निकलना।

राह में तू ना बिखरना, लक्ष्य से तू न विचलना
देखती है तुझको मंजिल,
तू बस उसी की ओर चलना,
तू बस उसी की ओर चलना।

शाहीना
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

मुस्कान

मुस्कान की कोई कीमत नहीं होती,
मगर यह बहुत कुछ रचती है
यह पाने वाले को खुशहाल करती है,
देने वाले का कुछ घटना नहीं, यह क्षणिक होती है।
लेकिन यह यादों में सदा के लिए रह सकती है।

कोई इतना अमीर नहीं कि इसके बगैर काम चला ले
और कोई इतना गरीब नहीं की इसके कायदों को न पा सके
यह घर में खुशहाली लाती है, व्यवहार में ख्याति बढ़ाती है,
यह मित्रता की पहचान है।

यह थके हुओं के लिए आराम है,
निराश लोगों के लिए रोशनी,
उदास के लिए सुनहरी धूप,
हर मुश्किल के लिए कुदरत की सबसे अच्छी दवा।

तब भी न तो यह भीख में, न खरीदने से
न उधार माँगने से और न चुराने से मिलती है।

क्योंकि यह ऐसी चीज है जो तब तक किसी काम की नहीं,
जब तक आप इसे किसी को दे न दें।

इसीलिए जिंदगी के सफर में
सदा मुस्कुराते रहिए.....।

तस्लीमा
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

दोस्त पुराने

मैं यादों का किस्सा खोलूं तो,
कुछ दोस्त बहुत याद आते हैं।
मैं गुजरे पल को सोचूँ तो
कुछ दोस्त बहुत याद आते हैं।।

अब जाने कौन सी नगरी में,
आबाद है जाकर मुग्ध से।
मैं देर रात तक जागूँ तो
कुछ दोस्त बहुत याद आते हैं।।

कुछ बातें थी फूलों जैसी
कुछ लम्हे खुशबू जैसे थे।
मैं सहरे चमन में टहलूँ तो
कुछ दोस्त बहुत याद आते हैं।।

सब की जिंदगी बदल गई
एक नए साँचे में ढल गई
किसी को नौकरी से फुर्सत नहीं
किसी को दोस्तों की जरूरत नहीं

सारे यार गुम हो गए
तू से तुम और तुम से आप हो गए
धीरे धीरे उम्र कट जाती है,
जीवन यादों की पुस्तक बन जाती है

कभी किसी की याद बहुत तड़पाती है,
कभी किसी की यादों के सहारे जिंदगी कट जाती है
किनारे पर सागर के खजाने नहीं आते
फिर जीवन में दोस्त पुराने नहीं आते

जी लो इन पलों को हंस कर ए दोस्त
फिर लौट कर दोस्तों के गुजरे जमाने नहीं आते
फिर जिंदगी में दोस्त पुराने नहीं आते।

ज्योति ठाकुर
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

वे भी क्या दिन थे

साथ गुजारे थे जो पल,
याद आएँगे जब वो कल,
सिहर उठेंगे मिलन आस को,
अतृप्त सी उस मीठी प्यास को।

साथ हमारा थम जायेगा
राह हमारी बँट जाएगी
जीवन की व्यस्तता के कारण
उम्र यूँ ही बस कट जाएगी।

साथ हमारे कुछ न होगा,
बस यादों का गहना होगा,
वे भी क्या खूब दिन थे,
यही हमारा कहना होगा।

धरती पर जब जन्म था पाया
ख्वाहिशों का था घना ही साया
जिस दिन से मित्रों तुमको पाया
बिना साँस के जीना आया।

रोहित कुमार
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

मैं नारी हूँ

मैं स्त्री हूँ, मैं नारी हूँ, मैं कली हूँ, मैं फुलवारी हूँ,
मैं दर्शन हूँ, मैं दर्पण हूँ, मैं नाथ हूँ, मैं ही गर्जन हूँ,
मैं बेटी हूँ, मैं माता हूँ, मैं बलिदानों की गाथा हूँ,
मैं श्रीमद भगवत गीता हूँ, मैं द्रौपदी हूँ, मैं सीता हूँ,
पुरुषों की इस दुनिया ने मुझे कैसी नियति दिखलाई,
कभी जुए में हार गए, कभी अग्नि परीक्षा दिलवाई,
कलयुग हो या सतयुग हो इल्जाम मुझ ही पे आता
है, क्यों घनी अंधेरी सड़कों पर चलने से मन घबराता है,
मैं डरती हूँ, मैं मरती हूँ, जब सफर अकेले करती हूँ,
डर का साम्राज्य बढ़ता है कोई साया पीछा करता है,
मेरी मुट्ठी बँध जाती है डर की धड़कन बढ़ जाती है,
है तरल पसीना माथे पर दिल में मेरे घबराहट है,
जाने ये किसका साया है जाने यह किसकी आहट
है, अँधेरे में इन हाथों ने मुझको बाहों में घेर लिया
एक ने मुँह पर हाथ रखा, एक ने आंचल खींच
लिया नारी के सम्मान को मिलकर तार-तार सा कर डाला
मर्यादा के आँचल को फिर जार जार सा कर डाला,
मारा है, मुझ को पीटा है फिर बालों से घसीटा है
फिर बर्बरता की उन सारी सीमाओं को तोड़ दिया,
उन घनी अंधेरी सड़कों पर मुझे तड़पता छोड़ दिया
सन्नाटे में चीख रही थी खून से लथपथ होकर मैं,
सबने तस्वीरें खींची कोई मदद को आगे ना आया
कोई मदद करो, कोई मदद करो, कोई मदद करो,
ये चीख-चीख कर चीख भी मुझसे रुठ गई,
जब होश में आई इस समाज की बातें सुनकर टूट
गई, परिवार की बदनामी होगी सब सही समझाते हैं,
ये नई उम्र के लड़के हैं थोड़ा तो बहक ही जाते हैं,
अरे भूल जा उसे ये तो लड़के बह ही जायेंगे
क्यों अकेली निकली रात में? क्यों कोई नहीं था साथ
में, क्या मेकअप था, क्या गहने थे, क्या छोटे कपड़े
पहने थे,
ये प्रश्नों की भूलभुलैया में सच्चाई कहीं खो जाती
है, सब भूल जाओ कहने वालों क्या तुम्हें शर्म नहीं
आती है
कैसे भूलूँ उन रातों को, मुझ को छूतें उन हाथों को,
उन सारी तकलीफों को, कैसे भूलूँ उन चीखों को
मेरे शरीर की चोट तो बस कुछ दिन में भर जाएगी,
लेकिन मन की पीड़ा सारी उम्र मुझे सताएगी
सब भूल जाओ, सब भूल जाओ, सब भूल जाओ
कहने वालो,
याद रखो ये आखरी गलती आपकी भी हो सकती है
कब सड़क पर बेसुध लड़की आपकी बहन या बेटी
हो सकती है, इस एहसास से बढ़कर दुख और कोई
नहीं हो सकता है
'जो नारी का अपमान करे वह मर्द नहीं हो सकता है'
जब सजा मौत की लागू होगी सारे दोषी लड़कों पर,
फिर कोई लड़की नहीं मिलेगी खून से लथपथ
सड़कों पर
तो आओ प्रण लो मेरे साथ सब मिलकर यह
आह्वान करो अपनी मर्यादाओं को समझो नारी का
सम्मान करो।।

प्रियंका सिंह
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

जीवन में गुरुओं का महत्व

सफल जीवन के गुरु आधार होते हैं
हर कामयाबी के लिए गुरु ही सार होते हैं,
चलने को चलते हैं अनेकों राही सफर पर
पर मंजिल तक पहुँचाने में गुरु पतवार होते हैं।
गुरु की महिमा, गुरु का गौरव
मिले गुरु से ज्ञान नित नव
अंधकार के सन्नाटे में
करता शीश मुकुट पर कलरव
पर गुरु दक्षिणा में बस सत्कार होते हैं,
समुद्र बीच दिशाओं का पता तब नहीं होता
उसकी जिंदगी में ज्ञानवर्धन, जब नहीं होता
बहने को तो बहती है लाशें भी मीलों तक
पर उस बहने का कोई मतलब नहीं होता
गुरु है अगर कुशल माँझी तो दरिया पार होते हैं
सफल जीवन के गुरु आधार होते हैं।
दुनिया में जब आया तो पहली गुरु माँ मेरी,
वहाँ परछाई माता की जहाँ किलकारियाँ मेरी
लड़खड़ाकर फिर उठना माँ ने सिखाया था
गुरु ज्ञान का दीपक माँ ने बताया था
कहा संघर्ष बाधा की गुरु ललकार होते हैं
सफल जीवन के गुरु आधार होते हैं।

मिसिका चौधरी
बी. ए. (इतिहास विशेष)तृतीय वर्ष

बस एक कदम और...

बस एक कदम और इस बार किनारा होगा।
बस एक नजर और इस बार इशारा होगा।
अंबर के नीचे उस बदली के पीछे कोई तो किरण होगी। इस अंधकार से लड़ने की कोई तो किरण होगी।
बस एक पहर और इस बार उजाला होगा।
बस एक कदम और इस बार किनारा होगा।
जो लक्ष्य को भेदे वो कहीं तो तीर होगा।
इस तपती भूमि में कहीं तो नीर होगा।
बस एक प्रयास और अब लक्ष्य हमारा होगा।
बस एक कदम और इस बार किनारा होगा।
जो मंजिल तक पहुँचे वो कोई तो राह होगी।
अपने मन को टटोलो कोई तो चाह होगी।
जो मंजिल तक पहुँचे वो कदम हमारा होगा।
बस एक कदम और इस बार किनारा होगा।
बस एक नजर और इस बार इशारा होगा।

गीता यादव
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

जीवन लक्ष्य महान

ओ बाधाओं! यह मत समझो मैं दुर्बल इंसान
मेरे इस जर्जर तन में भी है चेतन भगवान
मैंने हार न अब तक मानी
मेरा साहस है अभिमानी
भीषण से भीषण चोटों को सहना शैल समान
ओ बाधाओं! यह मत समझो मैं दुर्बल इंसान
माना मेरे पथ में तम है,
दावों मैं कुछ बल भी कम है,
पर मेरा यह प्रण पथिक भी है, अद्‌भुत बलवान
ओ बाधाओं! यह मत समझो मैं दुर्बल इंसान
तुम चाहे कितनी भी आओ आ आकर के पथ जगाओ
चलने वाला कभी न रुकता जीवन पंथ महान
ओ बाधाओं! यह मत समझो मैं दुर्बल इंसान।

सौरव शर्मा
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

मंजिल-ए-एतबार

बयाँ कैसे करूँ ऐ दिल जो तुझको चाहता इतना,
इबादत कर रहा प्रेमी जो तुझको मानता इतना।
तू दिल में है कि एहले दिल की बातें बोल दूँ तुझसे,
चाहूँ मैं जान ऐ दिलबर की यूँ लब खोल दूँ तुझसे,
जो लब खोलूँ तो क्या बोलूँ कि तू नहीं जानता
इतना, इबादत कर रहा प्रेमी जो तुझको मानता इतना,
जो बसते हो हृदय में तुम हृदयरानी-सी बनकर के न
है कोई नादाने दिल में मृगनयनी-सी बनकर के
जो दिल कहता है ये तुझ को कमलनयनी है सपनों
की, तू धारा है उमंगों की, किनारा है तू जीवन की,
तुझे पाऊँ तो एहले दिल की हालत फिर सुधर जाए,
तू गर मिल जाए दुनिया पे तो एहले राज हो जाए,
तुझे पाऊँ तो एहले ही खुदा की बंदगी हो जाए,
तुझे पाऊँ तो सफलताओं की रजामंदी हो जाए,
मेरी हो बंदगी ऐ दिल तुम्हें कैसे बताऊँ यह,
मेरी हो जिंदगी ऐ जान तुम्हें कैसे दिखाऊँ यह,
कहूँ कैसे हजारों बात कि पहले दिल के दिल टूटे,
हजारों नेकियों बागों से एहले दिल जो दिल जूटे,
चलो अब छोड़ हुस्नों से अदावत मान लो तुम भी,
इबादत ए खुदाई को एलाही मान लो तुम भी।

निर्देश प्रजापति
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

गरीबी सबसे बड़ी सजा

खुशियों को हर कोई बाँट लेता है
पर किसी के गम को बाँटना आसान नहीं होता

किसी जरूरतमंद की मदद करना इंसानियत है
यह किसी पर कोई एहसान नहीं होता

परिंदे भी लौट आते हैं आखिर में अपने बसेरे की
ओर पर कई इंसान ऐसे भी हैं जिनका कोई मकान
नहीं होता

एक बच्चा सड़क के किनारे बैठे कुछ सोच रहा था
क्या गरीब बच्चों के दिल में कोई अरमान नहीं होता?

यह बात सच है कि हर एक का अपना-अपना
नसीब हैं पर क्या कमजोर लोगों को देख मन कभी
शर्मिंदा नहीं होता

आज के दौर में गरीबी से बड़ी कोई सजा नहीं
काश ऐसा हो कि गरीबी का ही कोई नामोनिशान
नहीं होता।

अगर वश में मेरे होता

आसमान से तारे तोड़ लाती, अगर वश में मेरे होता।
तेरे कदमों में जन्नत बिछाती, अगर वश में मेरे होता।

तुझे दुनिया की सैर कराती, एक नया ही जहाँ
दिखलाती तेरी राहों में फूल बिछाती, अगर वश में
मेरे होता।

तेरे ख्वाब की हकीकत बन, सपने सारे सच कर जाती
तेरे दर्द को खुद पर झेल जाती, अगर वश में मेरे होता।

मैं खुद को तेरा आईना और एक तस्वीर निराली
बनाती तेरे आँसू को अपनी आँखों से गिराती, अगर वश
में मेरे होता

तेरे लिए एक ताजमहल बनवाती, प्यार मेरा सबको
दिखलाती
खुदा बन तेरी हर एक दुआ पूरी करती, अगर वश में
मेरे होता

कितनी मोहब्बत है तुमसे मुझे, यह तुम्हें समझाने के
लिए अपना दिल तेरे दिल में धड़कती, अगर वश में
मेरे होता।

पिंकी मीना
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

मेरी चिड़िया, मेरी दोस्त

बचपन में एक चिड़िया देखी,
मेरी दोस्त, मेरी दोस्त।

चहकती-चुगती फुदफुदाती
बिल्कुल मेरी तरह ही खेलती मेरे
साथ,
मेरी चिड़िया, मेरी चिड़िया, मेरी
दोस्त, मेरी दोस्त।

चोंच से दाना चुगती है
बड़ी सुंदर, मोहक लगती है
मेरी चिड़िया, मेरी चिड़िया, मेरी दोस्त, मेरी दोस्त।

शैलजा रावत
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

जिंदगी

कभी अंधेरा, कभी उजाला,
कभी आशा, कभी निराशा,
है जिंदगी।
माँ से मिला उपहार है जिंदगी।
नए-नए सबक सिखाती है, जिंदगी।
समय के साथ बदलती रहे,
वो संस्कृति है जिंदगी।
गम से भी मुस्कुराने का हौसला है, जिंदगी
कुछ पल की है, ये जिंदगी।

भ्रूण हत्या

मैं लक्ष्मी हूँ किसी के आँगन की,
मैं सपना हूँ किसी की कलाई का,
मैं सहारा हूँ किसी की जिंदगी का,
मैं बेटी हूँ तेरे आँगन की,
मुझे भी दे दो जीने का अधिकार।
ऐसे मत मारो मुझे भ्रूण में,
मुझ को मेरा दोष तो बताओ,
यूँ ऐसे ना सताओ मुझे,
मैं भी तो अंश तुम्हारी चाहे,
मुझे दो न प्यार कर पाओ तो बस,
इतना करना जीने का दो अधिकार,
थोड़ी नजर बदल कर देखो,
संग जमाने से चलकर देखो,
मैं भी ऊँचा नाम करूँगी,
बेटी से पहचान बनूँगी।।

पैसा

पैसे की इस मायानगरी में
अद्भुत खेल निराला है।
जगह-जगह पर भ्रष्टाचार
कदम-कदम पर घोटाला है।

व्यापारी की उन्नति का राज
महँगाई और मिलावट है।
लूट रहा है इंसान-इंसान को
शासक वर्ग में आया नया फैशन है।

पैसे लेते हैं टेबल के नीचे से
नहीं किसी प्रकार की टेंशन है।
प्रशासक की बात ना पूछो,
प्रशासन बड़ा दिल वाला है।

खुली छूट है अपराधियों को,
क्योंकि वह पैसे वाला है।

सोनाली
बी. ए. तृतीय वर्ष (हिंदी विशेष)

मासूम

मासूम की मासूमियत से भी
खेल रही है दुनियाँ,
जंगली जानवर की तरह,
झंझोड़ रही है दुनियाँ।

इंसानियत पर कोई विश्वास नहीं
रह गया,
आज आदिमानव से ज्यादा,
विचारहीन मानव हो गया।

किसे सिखाएँ इस पढ़ी-लिखी दुनियाँ में
जब अपना ही लगा गया दाग, मासूम के दामन में।

कोई किसी का नहीं रह गया,
यह कलयुग का दौर है,
संत महापुरुष में भी,
छिपा यहाँ चोर है।
मासूम की मासूमियत से भी,
खेल रही दुनियाँ है।

राखी
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

जिंदगी की सीख

घबराने से मसले हल नहीं होते,
जो आज है, वो कल नहीं होते।

ध्यान रखो इस बात को जरूर,
कीचड़ में सब कमल नहीं होते।

नफा पहुँचाते हैं जो जिस्म को,
मीठे अक्सर वो फल नहीं होते।

जुगाड़ करना पड़ता है हमेशा,
रास्ते तो कभी सरल नहीं होते।

दर्द की सर्द हवा से बनते हैं जो,
वो ठोस कभी तरल नहीं होते।

नफरत की खाद से जो पेड़ पनपते हैं,
मीठे उनके कभी फल नहीं होते।

जो आपको आपसे ज्यादा समझे,
ऐसे लोग दरअसल नहीं होते।।

अनस मिर्ज़ा
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

निरंतर विकास जीवन का नियम है, और जो व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए हमेशा रूढिवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को गलत स्थिति में पहुँचा देता है।
– महात्मा गांधी

आज का भारत

देश मेरा था सोने की चिड़िया
फैंक के साड़ी उतार के चूड़ियाँ
अब यहाँ डोले पश्चिमी गुड़िया
सोना ले गए बेदर्द फिरंगी
रोए चिड़िया देख पेड़ों की तंगी
इतिहास था जिसकी महान गाथा
आज वहाँ समाज बना दोरंगी
उनके हीं तन के दो हिस्से भारत-पाक
तैयार खड़े लड़ने को परमाणु जंगी
कहीं खो गए महान नेता
देख अब झेले चाले बढ़ेंगी
उग्रवाद घपलों से हुई हालत बदरंगी
इंतजार है उस खुशनुमा पल का
जब संतों की पावन धरती पर
खिलेगा कोई नेक फरिश्ता,
बरसाने को मेघ सतरंगी।।

बदलेगा समाज जब उठाओगे आवाज

समय दे रहा आवाज
बदलेगा नहीं बदलना होगा समाज
नारी तुम अबला नहीं,
तुम तो सबला हो!
पहचानो खुद को
ढूँढो अपने वजूद को
तुम निराधार नहीं
तुम तो आधार हो
इस मानव समाज का
तुम स्नेह की मूर्ति
पहचानो अपनी शक्ति को
हो रहा खण्डहर
यह मानव समाज
होगा सुधार,
जब उठाओगे आवाज
समय दे रहा आवाज
बदलेगा नहीं बदलना होगा समाज।।

निधि
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

उठो मेरे शेरो, इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो, तुम एक अमर आत्मा हो, स्वच्छंद जीव हो, धन्य हो, सनातन हो। तुम तत्व नहीं हो, न ही शरीर हो, तत्व तुम्हारा सेवक है, तुम तत्व के सेवक नहीं हो।

– स्वामी विवकानंद

मैं खो चुका हूँ

मैं खो चुका हूँ,
खो चुका हूँ अपना अस्तित्व
आगे बढ़ने की चाह में,
कुछ पाने की राह में,
वो स्वर्णिम अतीत।

मैं क्या सच में गुम चुका हूँ?
वर्तमान में इतना रम चुका हूँ!!
भविष्य की फिक्र में,
झूठे रिश्तों के इस चक्र में,
मैं मुस्कुराना भूल चुका हूँ!
अरे! मैं तो सच में गुम चुका हूँ।

मैं क्यों खो चुका हूँ?
इस मिथ्या रूपी जीवन को,
खुशियों से तोल चुका हूँ।
ओह! अब समझ आया,
बाह्यांतर विषयों में अंतर भूल चुका हूँ
तभी मैं इस कदर खो चुका हूँ।

मैं कैसे खो सकता हूँ?
ऊपर मेरे गुरु का साया,
माँ के आंचल की ठंडी छाया
तो मैं कैसे खो सकता हूँ!
हाँ रास्ता जरूर भूल सकता हूँ,
पर यूँ खो नहीं सकता।

पथिक

पथिक हुआ जब पथ भ्रमित,
हुआ दुसह संताप
जो कर करते थे करबद्ध बड़ों के,
उठे विरूद्ध उन्हीं के समर को तैयार।
भूल गए वो याद अमित जब,
उनको पकड़ चली थी कोमल गात।।

लोचन चाही थी होना रोशन,
अंशुमान सा प्रकाशमान,
जो दृगबिंदु थी उनकी दृष्टि में,
किए चूर कटु वाक् वृष्टि ने,
भूल गए उन मृदुल लार को,
हृदय में लेके अभी अभिमान।।

माना कि बन गए ब्रह्म से,
गति भयी जब वक्र,
कर्म किए थे कभी जो स्वर्णिम,
धूमिल हुए बने इस्पात,
भूले नृप भी फिरता बन भिक्षुक,
परब्रह्म का जब चलता चक्र।।

पथिक हुआ तू पथ भ्रमित,
लौट सकता है कर विहार,
क्षमा माँग बन क्षमा प्रार्थी,
लिपट काया में बनके स्वार्थी
सब भूल जाएँगे मान जाएँगे,
हरषि हिय में प्रेम संचार।।

लक्ष्य

जिस राह पर चला हूँ,
उस पर चलते जाना है,
मंजिलों में काँटों की राहों को,
अपना प्रेम बनाना है,
विषाक्त शस्त्र को शक्ति बना,
उलझी युक्ति से मुक्त करा,
अंगारों की अग्नि में,
मुस्कुरा भस्म हो जाना है।।

अंशुमान नाथ चौधरी
बी. ए. (हिंदी विशेष) द्वितीय वर्ष

किस्मत

क्या सबसे ताकतवर होती है किस्मत?
कभी हार से तो कभी वार से करती है खिदमत?
लोग कहते हैं,
ताली एक हाथ से नहीं बजती
फिर बेगुनाहों की अर्थी क्यों है सजती?
कल दिल बेतहाशा खुश था,
आज उदासी हर तरफ छा गई।।
गलती?
अरे, गलती न मेरी थी
और न ही उसकी,
बस कोई अदृश्य शक्ति चाबुक चला गई
मेरे साथ कईयों को रुला गई
रे बाबू, हे मैडम जी
क्या नहीं है ये किस्मत का खेल?
फिर क्या सेल और क्या फेल
जिंदगी बन कर रह गई है रेल।।

अंशुमान नाथ चौधरी
बी. एस. सी. (गणित विशेष) द्वितीय वर्ष

'यह वर्ष भी यूँ ही बीत जायेगा'

यह वर्ष भी यूँ ही बीत जायेगा, लेकिन
कुछ तो जरूर होगा जो फिर वापस आएगा,
उस लम्हों का क्या पता
फिर जिंदगी को गुनगुनाएगा,
यह वर्ष भी यूँ ही बीत जायेगा,
यह वर्ष में यूँ ही बीत जायेगा।

उस वक्त को कैसे बयां करें
जिसमें हमने, हर एक क्षण को कैद रखा था
वो यारी, वो दोस्ती, वो प्यार, वो लड़ाई,
वो मस्ती, वो बातें, वो रातें, वो खुशी, वो कामयाबी
जिसे एक धागे में पिरो रखा था,
यह वर्ष भी यूँ ही बीत जायेगा,
यह वर्ष भी यूँ ही बीत जायेगा।

नववर्ष आने को है, लेकिन पीछे खड़े,
उस यादों की डोर ने यूँ रोक रखा है,
जैसे कुछ चीज छूट सी रही हो,
लेकिन नई चीजों के पीछे उसका,
छूट जाना ही सही है,
यह वर्ष भी यूँ ही बीत जायेगा,
यह वर्ष भी यूँ ही बीत जायेगा।।

मंटू बाबू
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

वक्त

ऐ वक्त तू मुझे तोड़ता रहा...
पर मैं भी जिद्दी थी खुद को जोड़ती रही
तू देता रहा मुझे गम पे गम
पर मैं भी मुस्कुराती रही चाहे आँखें थी नम...
तूने खड़ी कर दी मेरे सामने तकलीफों की दीवार
क्या सोचता था मैं मान जाऊँगी हार...

ऐ वक्त तू मुझे तोड़ता रहा...
पर मैं भी जिद्दी थी खुद को जोड़ती रही
तू हँसता रहा मुझे देखकर कि तू मेरे साथ नहीं
अरे संभल जा तेरी इतनी औकात नहीं
तूने खुद को धीमा करके मेरा सफर
लंबा कर दिया...
अरे! यह क्या कम है मैंने वक्त को
गिरने पर मजबूर कर दिया...
ऐ वक्त तू मुझे तोड़ता रहा...
पर मैं भी जिद्दी थी खुद को जोड़ती रही।

ज्योति शर्मा
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

बातों के वीर

सिंहासन पर बैठना है सत्ता चलानी आती नहीं
हथियारों में जंग लगा चतुराई है कि जाती नहीं।।

युद्ध में जाए बिना विजय का गुणगान सुनाते
चतुराई से यह जीतते वीरता से न शस्त्र उठाते।।

उचित राय अगर दे कोई तो यह शत्रु उसे मानते
कायरता का चोला ओढ़ा किंतु वीर अपने को
जानते।।

बातें करनी आती है कोई कार्य न इनसे होता है
समय पर न कोई काम किया बस चैन से सोता है।।

छल युक्ति से अयोग्य को योग्य सिद्ध कर बैठे हैं
इधर-उधर की हेरा फेरी कर यह चौधरी बन बैठे हैं।।

अभिषेक कश्यप
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

जो क़ौम अपना इतिहास नहीं जानती, वह क़ौम कभी भी इतिहास नहीं बना सकती।

– डॉ. भीमराव अम्बेड़कर

पंछी

हम पंछी उन्मुक्त गगन के,
पिंजरबद्ध न रह पाएंगे।
कनक तीलियों से टकराकर,
पुलकित पंख टूट जायेंगे ।।

हम बहता जल पीने वाले,
मर जाएँगे भूखे-प्यासे।
कहीं भली है कटुक निबोरी,
कनक कटोरी के आटे से।।

स्वर्ण श्रृंखला के बंधन में,
अपनी गति उड़ान सब भूले।
बस सपनों में देख रहे हैं,
तरु की फुनगी पर के झूले।।

ऐसे थे अरमान कि उड़ते,
नील गगन की सीमा पाने।
लाल किरण सी चोंच खोल,
चुगने हम अनार के दाने।।

नीड़ न दो चाहे टहनी का,
आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो।
लेकिन पंख दिए हैं तो,
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो।।

समय

घड़ी भी कभी-कभी अजीब सी आ जाती है।
दिल और दिमाग पर उदासी छा जाती है।
शरीर का साहस कहीं खो जाता है
पल पल निराशा से मन उदास हो जाता है।
जीवन रूपी नाव भी कमाल की है
पल-पल में ठहर जाती है।
घड़ी भी कभी-कभी अजीब सी आ जाती है।

निकल पड़ते हैं हम जीवन रूपी नाव पर अपने
हिसाब से,
पर ये नाव कहीं और ही मुड़ जाती है
लौटने का 'समय' अवसर ही नहीं देता
जीवन कि ये विडंबना बहुत तड़पाती है
सुख थोड़े हैं बस जीवन में
दर्द का अथाह सागर भरा हुआ है
थोड़ा सा उभरता है इंसान जब इन दुखों से
सोचता है क्या सवेरा हुआ है
जूझना पड़ता है पल-पल जीवन के कठिन पलों से
लड़ना पड़ता है
जीवन के कठिन क्षणों से
यही लड़ाई जीने की आशा दिलाती है
घड़ी भी कभी-कभी अजीब सी आ जाती है।

कुमारी प्रीति
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

जो समय बचाते हैं, वे धन बचाते हैं और बचाया हुआ धन, कमाए हुए धन के बराबर है।

– महात्मा गांधी

दिल की आवाज

कवि कविता का रूप नहीं है, लिखा दुनियाँदारी।
समझ सको तो समझो यारो, मेरी भी लाचारी।
कब सुधरेगा देश हमारा, होंगे बराबर नर-नारी।
शिक्षा होगी एक समान, चाहे लाला, नेता, भिखारी।
अब भी जनता एक नहीं है, नेता कोई नेक नहीं है।
समझ सको तो समझो यारो, मेरी भी लाचारी।
आज की गद्दी गिद्द की गद्दी, हंस कहाँ है लुप्त हुआ।
माँ भारती तुम्ही बता दो, कहाँ है तुम्हारी बंशावली।
कब जन्मआओगी भाग्य विधाता, जिसको मैं ताज पहनाता।
देश होता खुशहाल हमारा, लाचार न रहते नर-नारी।
भेद-मिटाता जात-पात का, धर्म बनाता एक समान।
चाहे मुस्लिम, सिख, इसाई, हो या चाहे हिंदू भाई।
कवि कविता का रूप नहीं है, लिखा दुनियाँदारी।
समझ सको तो समझो यारो, मेरी भी लाचारी।

प्रिया कुमारी
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

स्त्री का अस्तित्व

स्त्री जीवन नहीं आसान, इसे जीकर देखो तुम पुरुष महान,
अपनों के लिए अपने सपनों को भूलना पड़ता है।
अपनी आजादी को भूलना पड़ता है।
अपना जीवन किसी दूसरे के हिसाब से जीना पड़ता है।
हर पल दुनिया की रस्मों-रिवाजों में बँधना पड़ता है।
दूसरों की खुशियों के लिए अपनी खुशियों को त्यागना पड़ता है।
किसी दूसरे के लिए अपना अस्तित्व भूलना पड़ता है।
किसी दूसरे के लिए अपने माता पिता को छोड़ना पड़ता है।
अपने माँ के आँगन को सूना कर,
दूसरे के घर आँगन में दीया जलाना पड़ता है
अपने परिवार को छोड़ दूसरे के परिवार को अपनाना पड़ता है।
स्त्री एक पुरुष को जन्म दे सकती है,
फिर कैसे वह पुरुष से कमजोर हो सकती है।
स्त्री एक नहीं दो-दो कुलों का गौरव बढ़ाती है।
फिर क्यों स्त्री को सपने देखने की,
उन्हें पूरा करने की आजादी नहीं होती।
एक स्त्री की समाज में अपनी कोई पहचान क्यों नहीं होती,
क्यों स्त्री को हमेशा अपनी पहचान एक पुरुष के,
नाम के साथ जोड़कर बतानी पड़ती है।

आरती
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

जिंदगी को जी लो यारो

जिंदगी को जी लो यारो
हँसी के हर गम को पी लो यारो
दुखी न हो तुम इस संसार से यारो
बुरे नहीं है ये लोग जान से यारो

जिंदगी को जी लो यारो
कहीं एक दूसरों की बुराई में
निकल न जाए सारा समय यारो
गमों की परछाई में न खोओ यारो
तकलीफों से बाहर निकलो यारो
खुशी के हर लम्हों को जी भर के जी लो यारो।

दो पल, रुक कर देख तो लो
वो पल, जो छूटते जा रहे हैं।
वो पल, जो भूलते जा रहे हैं
वो साथ, जो छूटते जा रहे हैं
खुशी के पल को फिर से थाम लो यारो
जिंदगी को जी लो यारो
खुशी के सारे घूँट आज ही पी लो यारो
जिंदगी को जी लो यारो।

दीपमाला
बी. ए. (हिंदी विशेष) तृतीय वर्ष

प्रदूषण

घोलकर जहर इस हवा में अब,
हर शख्स चेहरा छुपा रहा है।
देकर गालियाँ एक दूसरे को,
इल्जाम हर किसी पर लगा रहा है।।

जो है हाल ये बेहाल दिल्ली का,
सारी फिजा में ऐसा ही हो जायेगा,
हर शख्स के चेहरे पर नकाब होगा,
फिर भी वो कहीं चैन न पाएगा।।

घोलकर जहर इस हवा में,
अब हर शख्स चेहरा छुपा रहा है।

कर रही धरती
चीखकर पुकार हम सबसे
क्यूँ कर रहे हो इंतजाम,
अपनी मौत का खुद से।
अभी भी है वक्त
बदल डालो खुद को
वरना आएगी मौत बेवक्त
न मिलेगा कंधा भी किसी को

घोलकर जहर हवा में,
अब हर शख्स चेहरा छुपा रहा है।

हिमांशु आर्य
बी.एस.सी. (गणित विशेष) प्रथम वर्ष

रूप

जिस रिश्ते में स्वार्थ नहीं संसार का
ना किसी भी तरह का झूठ कोई
छुपाने को बस तकलीफ एक-दूसरे से
और पहचान लेना तकलीफ एक-दूसरे की
वह रिश्ता माँ बेटे का जिसमे प्यार अटूट है।

कोई ढोंग नहीं कोई स्वांग नहीं
इस रिश्ते में कोई बेईमान नहीं
बीमार कोई परेशान कोई
एक रोए तो दूसरा सोए नहीं
प्रेम यहीं सम्मान यहीं

संसार का दुख एक तरफ माँ की तकलीफ एक तरफ
समुद्र सारे एक तरफ बेटे के आँसू एक तरफ
कोई छल नहीं कोई कपट नहीं
सच्चाई और प्रेम की यह रिश्ता मिसाल है
जिसे माँ का प्रेम न मिला
वो धरती पर जन्नत से अनजान है।

जख्म किसी को दर्द किसी को
जिस रिश्ते में ना मोल पैसों का
जैसे पाठ हो कोई भगवत गीता का
या आयत कुरान की
वो रिश्ता है माँ बेटे का।

माँ बेटे का रिश्ता

यहाँ आदमी एक है, उसके रूप अनेक हैं
हर क्षण में बदलता उसका चेहरा है।

यहाँ पर लोगों की सोच से पहले छल कपट का पहरा है
इंसानियत अब इंसान देख के दिखाई जाती है
यहाँ विश्वास किस पर करूँ सबको तो झूठ बोलने
की पट्टी पढ़ाई जाती है।

मेरा सच यहाँ झूठ बन जाता है
और जब एक झूठ भी बोले वह झूठ भी सच
कहलाता है।

जब देश झूठ बोलने वालों का है
तब सच बोलके मुझे देशद्रोही थोड़ी बनना है।

यहाँ मुझे अपने झूठ को सच नहीं
अपने सच को सच साबित करने के लिए लड़ना है।

यहाँ जब साथ कोई रहता है तो मकसद उसका कुछ
जरूर है
मालूम होते हुए यह झूठ है हम मानने को मजबूर हैं।

अगर यह धरती मंच है
तो एक से बढ़कर एक अदाकार बैठे हैं।

मुझे मालूम है मैं नाटक देख रहा हूँ
झूठ का नाटक चलता जा रहा है
सच का पर्दा गिर नहीं पा रहा है।

झूठ है तो झूठ ही सही
दिल को तसल्ली तो दे रहा हूँ।

असली रूप की सुंदरता क्या इस झूठ के मुखोटे के
पीछे छुपाते हो
सच बोला करो क्योंकि झूठ बोलते-बोलते तुम
हकलाते हो।

गौरव वर्मा
बी.कॉम. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

कलम

कलम जहाँ भी चल जाती, कुछ ना कुछ है लिख जाती
जब स्याही कागज के टुकड़ों पर है फिर जाती तो
कभी तो बदनाम हो जाती कभी पहचान बन जाती।
जब लिखता है शायर कोई तो शायरी बन जाती
लिख दे अगर कोई लेखक तो रचना कहलाती
और कलम यही है लिख दे ऋषि तो महाग्रंथ लिख
जाती है।
और इसी कलम से न्यायालय में फाँसी भी दी जाती है
शब्द जोड़कर वाक्य बने वाक्य जोड़कर काव्य बने
और इसी से लोगों को लोगों से आजादी भी मिल
जाती है।
कलम तो बस श्रृंगार करती है रचना दुल्हन बन जाती है
कलम चलाए जब कोई मानव तो वेद ये रच जाती
है।
'अब दु:ख ये है'
क्यों नहीं कलम है हँस पाती क्यों नहीं कलम है रो
पाती
लेकिन जब भी तड़प कर उठती सच्चाई यह लिख
जाती।

हे मानव! क्यों तूने कलम की ताकत नहीं पहचानी
हे मानव! तू क्यों बना रहा अपनों में ही अभिमानी
धन के लोग लालच ने तुझको कर दिया है सबसे
अनजाना
और तेरे भीतर ही राम छुपा है तूने क्यों नहीं
पहचाना।
कभी फाँसी दे जाती कलम तो कभी सबक सिखा
जाती
लेकिन हर बार खुद घिस-घिस कर बस इतना कह
जाती है
कि हे इंसान तू अभी जमाने का दर्द समझ क्या
पाएगा
जिस दिन कोई तुझको घिसने आएगा क्या होती है
पीड़ा तू खुद-ब-खुद समझ जायेगा
कलम अगर सही चले तो राजा यह बनाती है,
और गलत अगर चल जाए कलम तो रंक बना जाती है
अरे! कलम तो केवल घिसती है रच तो स्याही जाती है
चाहे कहीं हो दुनिया में कलम से बस बेटी लिख दो
तो सारी खुशियाँ मिल जाती है
और एक शब्द माँ लिख दो तो सारी दुनिया लिख
जाती है।

सत्यम पांडे
बी.ए. (इतिहास विशेष) तृतीय वर्ष

दहेज

क्यों ये सौदा होता, क्यों ये रिश्तो में होता,
जिसे कहते हैं दहेज, जिस पल ये होता,
खत्म कर देता है, हर रिश्ता फिर भी,
क्यों करते हैं लोग, इसे इतना प्यार,
पढ़े लिखे हो या गँवार,
फिर भी क्यों होता,
फिर क्यों ये सौदा होता।

न पूछता है कोई बेटी से, उसको है क्या यह मंजूर,
क्या है उसको भी ये पसंद, फिर भी यह सौदा होता,
व्यापारी बन जाते हैं लोग, वो अपने हो या पराए,
सब करते हैं इसे दिल, क्यों इसको मंजूर,
फिर क्यों ये सौदा होता।

पंख

मैं इठला बैठी थी, अपने पंखों पर,
अभी तो समय है, गगन चूमने को,
ख्वाब देख रही थी, मंजिल छूने को,
अपने को पूरा कर, सिद्ध करने को,
किस्मत ने ये कैसा, अपना चक्र चलाया,
खो बैठी पल भर में सब कुछ,
तब पता चला कौन अपना कौन पराया,
समय ने सभी का रूप है बतलाया,
जिन्होंने हाथ पकड़कर चलना सिखलाया,
फिर उन्होंने आज अपना हाथ छुड़ाया,
जिससे जीवन में फिर अंधेरा छाया,
क्या हुआ ये कुछ समझ न आया,
तब फिर मुझको यह ज्ञात हुआ,
इठला बैठी थी मैं जिन पंखों पर,
आज वह मुझको काम भी ना आया।

विष्णु प्रिया
बी. ए. (हिंदी विशेष) द्वितीय वर्ष

अगर धन दूसरों की भलाई करने में मदद करे, तो इसका कुछ मूल्य है, अन्यथा, ये सिर्फ बुराई का एक ढ़ेर है, और इससे जितना जल्दी छुटकारा मिल जाए उतना बेहतर है।
– स्वामी विवेकानन्द

मैं और मेरे एहसास

मैं छोटे से गाँव का सीधा साधा लड़का,
पहली बार पढ़ने के लिए दिल्ली आया।
यहाँ हमने नए दोस्तों के साथ कुछ घड़ियाँ बिताई,
हमें पिछले दिनों की बिल्कुल याद नहीं आई।।
फिर वो हमारी जिंदगी में आई, लगा कोई सपना देख रहे हैं हम,
देखकर उन्हें मोम की तरह पिघल रहे थे हम।
जब मिली उनसे नजर तो एक जहाँ बस रहा था,
निगाह हटी तो जैसे चारों और वीरान लग रहा था।।

फिर दोस्ती हुई प्यार हुआ कुछ अनचाहा इकरार हुआ,
ये सारी चीजें नहीं भूल पाएंगे हम।
नहीं सोचा था कि इतने करीब आ जाएँगे हम,
भूल कर भी तुम्हें ना भूल पाएँगे हम।।

क्यों वक्त हमें इतना करीब लाया
जब पता था एक दिन बिछड़ जाएँगे हम।
याद रहेगा हमें सब कुछ याद रहेगा,
वो अधूरी बातें पूरे हुए कुछ वादे इरादे सब कुछ याद रहेगा।।

तेरा होना ना होना तेरा हाथ थामना,
और बिन कहे यूँ ही छोड़ देना।
वो तेरा बात-बात पर रूठना,
सब कुछ याद रहेगा।।

कुछ दिन बाद हमारे रास्ते अलग होंगे
मगर इतना यकीन है हमें, किसी मोड़ पर फिर मिलेंगे।
एक दूजे को देखकर होठों पर मुस्कान आ जाएगी,
जो फिर हमे सालों पीछे ले जाएगी।।

सच कहूँ तो हमें हमारी हर सुबह शाम याद आओगे
तुम, हर खुशी, हर गम, हर पल मैं याद आओगे तुम।।

